6 अभिमत
चीनी जासूसी की बढ़ती आशंका

8 बिलासपुर संभाग
चित्रकला व निबंध प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों ने किया जागरूक

10 विविध
एनडीए को रोकने नतीजों से पहले गठबंधन को साधने ...

11 संस्कारधानी
अब कुछ घंटों का इंतजार फिर आर या पार, आज मिलेगा ...

रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

हमेशा सच के साथ

पायनियर

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, गुरुवार 23 मई 2019 पृष्ठ-12 वर्ष-03, अंक-274 मूल्य 3.00 ₹

त्विक न्यूज

सुखोई लड़ाकू विमान से ब्रह्मोस का सफल परीक्षण

नयी दिल्ली (वार्ता)। वायु सेना ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए अपने प्रमुख लड़ाकू विमान सुखोई-30 से ब्रह्मोस मिसाइल के हवाई संस्करण का सफल परीक्षण किया। वायु सेना के अनुसार ब्रह्मोस के हवाई संस्करण का यह दूसरा परीक्षण था जो पूरी तरह सफल रहा और मिसाइल ने बंगाल की खाड़ी में एक द्वीप पर स्थित लक्ष्य पर सटीक निशाना साधा। ब्रह्मोस की इस मिसाइल का वजन ढाई टन होता है और यह हवा से सतह पर 300 किलोमीटर तक मार करने में सक्षम है। इस मिसाइल का डिजायन और विकास ब्रह्मोस एयरोस्पेस प्राइवेट लिमिटेड ने किया है। वायु सेना ने 22 नवम्बर 2017 में इस मिसाइल से समुद्र में स्थित लक्ष्य को साधकर कीर्तिमान स्थापित किया था।

अंडमान-निकोबार में भूकंप के झटके

नयी दिल्ली, (वार्ता)। अंडमान-निकोबार में बुधवार को मध्यम स्तर के भूकंप के झटके महसूस किये गये। भारतीय मौसम विभाग के अधिकारियों ने बताया कि सुबह 06.09 बजे आये भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5.8 मापी गयी। भूकंप का केंद्र जमीन की सतह से 10 किलोमीटर की गहराई में रहा।

33,602 सोना -365
39,200 चांदी -500

इनसाइड स्टोरी

जिला स्तरीय शास्त्रीय एवं सुगम संगीत प्रतियोगिता आयोजित

पेज-04

जोको विडोडो के दोबारा राष्ट्रपति निर्वाचित होने के विरोध में प्रदर्शन, 6 मरे

जकार्ता (एजेंसी)। राष्ट्रपति जोको विडोडो के दोबारा निर्वाचित होने के खिलाफ इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता में विरोध प्रदर्शन के दौरान बुधवार को कम से कम छह लोगों की मौत हो गई और 200 अन्य घायल हो गए। मृतकों की संख्या की पुष्टि जकार्ता के गवर्नर अनीस बसवेडन ने की, जबकि पुलिस सूत्रों ने एफे न्यूज को बताया कि कम से कम 60 लोगों को गिरफ्तार किया गया।

इंडोनेशिया में प्रदर्शन के दौरान झड़प, छह की मौत, 200 घायल

जकार्ता (वार्ता)। इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता में राष्ट्रपति चुनाव के परिणाम की घोषणा के बाद शुरू हुए विरोध-प्रदर्शन के दौरान कम से कम छह लोग मारे गये तथा 200 लोग घायल हुए हैं। जकार्ता के गवर्नर एनीस बासवेडन ने बुधवार को बताया कि स्थानीय समयानुसार सुबह नौ बजे तक छह लोगों की मौत हुई है तथा 200 लोग घायल हुए हैं। उल्लेखनीय है कि इंडोनेशिया में अप्रैल में राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव हुआ था, जिसके परिणाम की औपचारिक घोषणा मंगलवार को हुई, जिसमें बताया गया कि राष्ट्रपति जोको विडोडो 55.5 प्रतिशत मत के साथ फिर राष्ट्रपति पद का चुनाव जीत गये हैं।

सरकार किसकी? आज होगा तय

पहले की तरह होगी मतगणना, तैयारियाँ पूरी, सुबह 8 बजे से होगी गिनती

वार्ता ➤ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

सत्रहवीं लोकसभा की 542 सीटों और चार राज्यों की विधानसभाओं के लिए हुये मतदान के बाद गुरुवार को होने वाली मतगणना की सभी तैयारियाँ पूरी कर ली गयी हैं। मतों की गिनती पहले की तरह ही होगी तथा गिनती पूरी होने के बाद ही वीवीपैट पर्चियों का मिलान किया जायेगा।

बाइस विपक्षी दलों की मतगणना शुरू होने के समय वीवीपैट की पर्चियों का ईवीएम से मिलान करने की माँग ठुकराने के बाद आयोग ने पहले की तरह ही मतों की गिनती कराने का फैसला किया है। इस बारे में सभी आवश्यक दिशा-निर्देश राज्य चुनाव अधिकारियों को दे दिये गये हैं।

मतगणना गुरुवार सुबह आठ बजे से होगी। देश भर में बनाये गये मतगणना केंद्रों पर बड़ी संख्या में सुरक्षाकर्मी तैनात कर दिये गये हैं और मीडिया के लिए भी समाचार संकलन करने के लिए आवश्यक सुविधायें मुहैया करायी गयी हैं। आपात स्थिति से निपटने के लिए भी हर तरह के प्रबंध किये गये हैं।

मतों की गिनती के लिए चुनाव आयोग द्वारा पहले से निर्धारित नियमों और प्रक्रियाओं का पालन किया जायेगा और इसमें किसी तरह की खामियों तथा गड़बड़ियों को तत्काल दूर करने की भी व्यवस्था की गयी है ताकि मतगणना सुचारु और निर्बाध रूप से चलती रहे। भीषण गर्मी को देखते हुये मतगणना में भाग लेने वाले कर्मचारियों और राजनीतिक दलों के एजेंटों के लिए भी विशेष प्रबंध किये गये हैं ताकि उन्हें किसी तरह की कोई असुविधा न हो। लोकसभा चुनाव के साथ ही चार राज्यों-आंध्र प्रदेश, ओडिशा, अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम-की विधानसभा सीटों के लिए 11 अप्रैल से 19 मई के बीच मतदान कराये गये थे। वीवीपैट पर्ची से वोटों के मिलान और सत्यापन के लिए पाँच मतदान केंद्रों को औचक आधार ➤शेष पेज 8 पर

मतगणना के दिन हिंसा से निपटने के लिए जरूरी कदम उठायें राज्य : गृह मंत्रालय

नयी दिल्ली, (वार्ता)। केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने कुछ राजनीतिक दलों के नेताओं द्वारा मतगणना के परिणाम अनुकूल नहीं आने पर हिंसा की धमकी दिये जाने के मद्देनजर सभी राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों तथा पुलिस महानिदेशकों से मतगणना के दिन कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए सभी जरूरी कदम उठाने को कहा है। मंत्रालय के अनुसार सभी राज्यों के मुख्य सचिवों और पुलिस महानिदेशकों को मतगणना के दिन कानून व्यवस्था बनाये रखने और पूरी तरह सतर्क रहने को कहा गया है। उसने राज्यों से मतगणना केन्द्रों और उनमें बने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा के लिए भी सभी एहतियाती उपाय करने को कहा है। मंत्रालय का कहना है कि कई रिपोर्टों में चुनाव परिणामों के बाद हिंसा और व्यवधान पैदा करने की बात सामने ➤शेष पेज 8 पर

सबसे पहले बस्तर और सबसे बाद में महासमुंद के आएंगे परिणाम

रायपुर। छत्तीसगढ़ में मतदान के अनुसार सबसे पहले बस्तर लोकसभा के परिणाम सामने आ जाएंगे। यहां प्रदेश में सबसे कम मतदान 66.04 प्रतिशत ही मतदान हुआ था। मतदाताओं की संख्या इस अनुसार सबसे कम बस्तर की ही है। यहां कुल 9.09 लाख मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया था। जबकि सबसे देर में रायपुर लोकसभा के परिणाम सामने आ सकते हैं। यहां सबसे ज्यादा मतदाताओं ने मतदान किया था। रायपुर लोकसभा में 16.37 लाख लोगों ने मतदान किया है। यहां 74.51 प्रतिशत मतदान ही हुआ है। वहीं मतदाताओं की संख्या की बात करें तो राजनांदगांव, रायगढ़, दुर्ग, रायपुर में 13 लाख से ज्यादा मतदान हुआ था। माना जा रहा है कि इन लोकसभा के परिणाम अमुमन एक ही समय पर आएंगे।

वीवीपैट मिलान की प्रक्रिया पहले जैसी ही होगी, वोटों की गिनती के बाद होगा वेरिफिकेशन

नई दिल्ली (एजेंसी)। वीवीपैट पर्ची की मिलान को लेकर विपक्षी दलों की मांग चुनाव आयोग ने खारिज कर दी। 22 विपक्षी दलों के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को आयोग से मुलाकात की थी। इन्होंने मांग की थी कि अगर विधानसभा क्षेत्र के चुने हुए 5 पोलिंग स्टेशनों में से एक पर भी मिलान में गड़बड़ी पाई जाती है, तो उस क्षेत्र के सभी पोलिंग स्टेशनों पर 100 प्रतिशत वीवीपैट वेरिफिकेशन कराया जाए। विपक्षी दलों ने यह भी कहा था कि वीवीपैट मिलान की प्रक्रिया वोटों की गिनती से पहले हो, ना कि उसके बाद। बताया जा रहा है कि चुनाव आयोग ने इस मांग को भी दरकिनार कर दिया है और वह वीवीपैट मिलान की पहले की प्रक्रिया पर ही कायम रहेगा। न्यूज एजेंसी के ➤शेष पेज 8 पर

राहुल ने कार्यकर्ताओं से कहा- फर्जी एग्जिट पोल के दुष्प्रचार से निराश ना हों, पार्टी पर विश्वास रखें

नई दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को पार्टी कार्यकर्ताओं को संदेश दिया। उन्होंने ट्वीट किया, अगले 24 घंटे महत्वपूर्ण हैं। सतर्क और चौकन्ना रहें। डरें नहीं। आप सत्य के लिए लड़ रहे हैं। फर्जी एग्जिट पोल के दुष्प्रचार से निराश न हों। खुद पर और कांग्रेस पार्टी पर विश्वास रखें, आपकी मेहनत बेकार नहीं जाएगी। लोकसभा चुनाव के 10 में से 9 एग्जिट पोल्स में एनडीए को बहुमत के अनुमान के बाद विपक्षी दल लगातार ईवीएम पर सवाल उठा रहे हैं। इससे पहले मंगलवार को कांग्रेस, तेदेपा, तृणमूल और बसपा समेत 22 विपक्षी दलों ने चुनाव आयोग से मुलाकात की थी। विपक्ष ने मांग की कि वीवीपैट का मिलान वोटों की गिनती शुरू होने से पहले हो, ना कि बाद में। कांग्रेस नेता गुलाम नबी आजाद ने कहा- अगर विधानसभा क्षेत्र के चुने गए 5 पोलिंग स्टेशनों में कहीं भी गड़बड़ी पाई ➤शेष पेज 8 पर

रिसैट-2बी उपग्रह का प्रक्षेपण सफल

आपदा प्रबंधन और सुरक्षाबलों को मिलेगी मदद

एजेंसी ➤ श्रीहरिकोटा
www.dailypioneer.com

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने रडार इमेजिंग अर्थ सैटेलाइट (रिसैट-2बी) बुधवार को सफलतापूर्वक प्रक्षेपित कर दिया। इसे आंध्रप्रदेश के श्रीहरिकोटा से पीएसएलवी-सी46 रॉकेट से सुबह 5.27 बजे प्रक्षेपित किया गया। यह खुफिया निगरानी, कृषि, वन और आपदा प्रबंधन में मददगार होगा।

■ **615 किलोग्राम वजनी इस उपग्रह को प्रक्षेपण के 15 मिनट बाद पृथ्वी की कक्षा में छोड़ा गया**

615 किलोग्राम वजनी इस उपग्रह को प्रक्षेपण के 15 मिनट बाद पृथ्वी की कक्षा में छोड़ा गया। रिसैट की सेवा निरंतर बनी रहे, इसके लिए 300 किलोग्राम के रिसैट-2बी सैटेलाइट के साथ सिंथेटिक अपर्चर रडार (सार) इमेजर भी भेजा गया है। रिसैट-2बी को धरती से 555 किलोमीटर की ऊंचाई पर स्थापित किया गया।

रिसैट-2 की कमी दूर करेगा 'सार'- इसरो के सूत्रों के मुताबिक, बादल छाए होने पर रेगुलर ➤शेष पेज 8 पर

वाह, जिंदाबाद इसरो : भूपेश बघेल

रायपुर। वाह, जिंदाबाद इसरो। प्रक्षेपण यान पीएसएलवीसी-46 के द्वारा रिसेट 2बी का सफलतापूर्व प्रक्षेपण करे हमारे इसरो के वैज्ञानिकों ने फिर से नया गौरव हासिल किया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ट्वीटर एकाउंट से ट्वीट करते हुए इसरो के वैज्ञानिकों के साथ ही देशवासियों को इसके लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इसरो के वैज्ञानिकों द्वारा शुरू किए गए नए ऑपरेशन की सफलता पर अपनी बधाई प्रेषित की है। अपने संदेश में उन्होंने लिखा है-प्रक्षेपण यान पीएसएलवीसी46 के द्वारा रिसेट 2बी का सफलतापूर्व प्रक्षेपण करके हमारे इसरो के वैज्ञानिकों ने फिर से नया गौरव हासिल किया है। इससे देश की सुरक्षा को मजबूती मिलेगी। एसरो मिशन की कामयाबी पर सभी वैज्ञानिकों व देशवासियो को बधाई एवं शुभकामनाएं।

कुलगाम में मुठभेड़, 2 आतंकी ढेर

वार्ता ➤ श्रीनगर
www.dailypioneer.com

जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में बुधवार को घेराबंदी एवं तलाश अभियान (कासो) के दौरान सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गये। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में मिली खुफिया जानकारी के आधार पर राष्ट्रीय रायफल्स (आरआर), जम्मू-कश्मीर पुलिस के विशेष अभियान दल (एसओजी) तथा केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवानों ने आज तड़के दो बजे कुलगाम के गोपालपोरा में अभियान चलाया। सुरक्षा बलों के जवान जब आतंकवादियों की मौजूदगी वाले इलाके की घेराबंदी कर रहे थे, तो वहां छुपे हुए आतंकवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। इसके बाद सुरक्षा बलों के ➤शेष पेज 8 पर

मेंढर में आईईडी ब्लास्ट, 1 जवान शहीद

जम्मू-कश्मीर के पुंछ सेक्टर में एलओसी के पास आईईडी ब्लास्ट में एक जवान शहीद हो गया जबकि 7 जवान बुरी तरह घायल हो गए हैं. इस आईडी धमाके को पुंछ सेक्टर के मेंढर में अंजाम दिया गया। धमाके में घायल हुए जवानों को एयर लिफ्ट कर मिलेट्री अस्पताल लाया गया है जहां उनका इलाज चल रहा है।

आतंकियों ने बंकर पर फेंका हथगोला

दक्षिण कश्मीर के पुलवामा जिले में आतंकवादियों ने मंगलवार रात केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के एक बंकर पर हथगोला फेंका। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को बताया कि आतंकवादियों ने पुलवामा शहर में भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के बाहर स्थित सीआरपीएफ के बंकर की ओर कल रात हथगोला फेंका।

नये सांसदों को आते ही मिलेगा स्थायी पहचान पत्र

नयी दिल्ली, (वार्ता)। सत्रहवीं लोकसभा में चुनकर आने वाले नये सांसदों के लिए इस बार ऑनलाइन पंजीकरण की व्यवस्था की गयी है और उन्हें आते ही स्थायी पहचान पत्र दिया जायेगा। 67 साल के संसदीय इतिहास में यह पहला मौका है जब सांसदों को अस्थायी पहचान पत्र के बजाय सीधे ही स्थायी पहचान पत्र दिये जायेंगे। लोकसभा महासचिव स्नेहलता श्रीवास्तव ने 17 वीं लोकसभा की तैयारियों के बारे में संवाददाताओं को बताते हुये बुधवार को कहा कि इस बार 56 नोडल अधिकारी बनाये गये हैं जो चुनाव परिणाम आते ही चुने गये सांसदों से संपर्क स्थापित करेंगे। नये सांसदों के दिल्ली आने से पहले ही उनसे ऑनलाइन ऐसे फॉर्म भरवा लिये जायेंगे जिनकी तुरंत जरूरत होती है। इनमें शपथ ग्रहण की भाषा, उनका पता, हस्ताक्षर का नमूना आदि शामिल हैं। अन्य फॉर्म जो बाद में भी भरे जा सकते हैं उनके लिए अभी ऑनलाइन सुविधा नहीं दी गयी है।

केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का जज बनाने के लिए चार नाम तय किए

■ **सुप्रीम कोर्ट में अभी 27 जज हैं, इन जजों की नियुक्ति के बाद जजों की निर्धारित संख्या 31 पूरी हो जाएगी**

एजेंसी ➤ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

केंद्र सरकार ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में नियुक्ति के लिए चार जजों के नाम कर लिए हैं। इन जजों की नियुक्ति के साथ ही सुप्रीम कोर्ट में जजों की निर्धारित संख्या 31 पूरी हो जाएगी। अभी सुप्रीम कोर्ट में 27 जज हैं। न्यूज एजेंसी ने सूत्रों के हवाले से बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने जस्टिस अनिरुद्ध बोस, जस्टिस एएस बोपन्ना, जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस सूर्यकांत के नाम तय किए हैं।

कॉलेजियम ने दोबारा भेजी जस्टिस बोस और बोपन्ना की सिफारिश- इससे पहले केंद्र सरकार ने वरिष्ठता का हवाला देकर जस्टिस बोस और बोपन्ना की नियुक्ति की कॉलेजियम की सिफारिश को नकार दिया था। इसपर सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने केंद्र की दलील को खारिज करते हुए नियुक्ति की सिफारिश दोबारा केंद्र के पास भेज दी थी।

अमेरिका में अंतिम संस्कार का कारोबार करीब 1 लाख करोड़ रुपए

मानव शव से खाद बनाने की मंजूरी, परिवार वाले अब बगीचे में इस्तेमाल कर सकेंगे

एजेंसी ➤ लॉस एंजिल्स
www.dailypioneer.com

अमेरिका में मानव शव से खाद बनाने को मंजूरी दे दी गई है। वॉशिंगटन इसे लागू करने वाला पहला राज्य होगा। वॉशिंगटन के गवर्नर ने इस बिल पर दस्तखत कर दिए।

बिल का मकसद अंतिम संस्कार और दफनाने से होने वाले कार्बन उत्सर्जन में कटौती करना है। नया नियम अगले साल मई में लागू होगा। इसके तहत लोगों के पास यह विकल्प होगा कि वे खुद के शव को खाद बनाने के लिए दे सकें। इस प्रक्रिया को रिकम्पोजिशन कहा जाएगा।

■ **प्रयोग के तहत शव को स्टील के कंटेनर में सूखी घास और लकड़ियों की मदद से गलाया गया**

सिएटल की एक कंपनी ने दिया था ऑफर

सिएटल की एक कंपनी रीकम्पोज ने सबसे पहले मानव खाद बनाने का ऑफर दिया था। नियम बनाने के लिए लड़ाई लड़ने वालीं और रीकम्पोज की संस्थापक कैटरीना स्पेड का कहना है- रीकम्पोजिशन शव को दफनाने या अंतिम संस्कार का विकल्प प्रदान करता है। यह प्राकृतिक होने के साथ सुरक्षित और टिकाऊ है। इससे न केवल कार्बन उत्सर्जन रुकेगा बल्कि जमीन की भी बचत होगी। प्रकृति के पास सीधे लौटने और जीवन-मृत्यु के चक्र में वापस जाने का विचार बहुत सुंदर है।

मानव खाद के ट्रायल भी हुए

मानव खाद के लिए कैटरीना ने वॉशिंगटन स्टेट यूनिवर्सिटी में बाकायदा ट्रायल भी किए। इसके लिए शव को स्टील के कंटेनर में सूखी घास, लकड़ियों और स्ट्रॉ के साथ 30 दिन तक बंद कर दिया गया। इस दौरान बैक्टीरिया ने शव को पूरी तरह डिकम्पोज कर दिया। प्रक्रिया से मिला उत्पाद सूखा और पोषक तत्वों से युक्त था, जिसका इस्तेमाल बगीचे में किया जा सकता था। कैटरीना के मुताबिक, ''प्रक्रिया में हड्डियां और दांत तक पूरी तरह से गल गए। हमने ज्यादा तापमान बनाए रखा ताकि बैक्टीरिया (माइक्रोब्स) शवों को पूरी तरह से डिकम्पोज (गला) कर दें।'' रीकम्पोज प्रक्रिया में पहले जानवरों के शव को गलाकर खाद बनाई जाती थी।

राफेल विमानों के निर्माण पर नजर रख रही भारतीय वायुसेना की टीम के दफ्तर में घुसपैठ की कोशिश : सूत्र

एजेंसी ➤ पेरिस/नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

भारतीय वायुसेना (आईएएफ) के पेरिस स्थित दफ्तर में रविवार रात घुसपैठ की कोशिश की गई। सूत्रों के मुताबिक, यह दफ्तर आईएएफ की राफेल प्रोजेक्ट मैनेजमेंट टीम का है। वायुसेना ने इस संबंध में रक्षा मंत्रालय को सूचना दे दी है। यह टीम फ्रांस में 36 राफेल विमानों के प्रोडक्शन पर नजर रखने और भारतीय पायलटों की ट्रेनिंग की जिम्मेदारी संभाल रही है। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, सूत्रों ने बताया कि प्रोजेक्ट मैनेजमेंट टीम की अगुआई ग्रुप कैप्टन रैंक के अधिकारी को सौंपी गई है। दफ्तर पेरिस के बाहरी हिस्से में स्थित है। अभी तक यह साफ नहीं हो पाया है कि घुसपैठ की कोशिश का मकसद जासूसी था, या फिर कुछ और।

घुसपैठ पर अभी आधिकारिक बयान नहीं आया

अभी तक भारतीय वायुसेना, रक्षा मंत्रालय या फ्रांस के दूतावास ने इस घटना पर कोई बयान नहीं दिया है। न्यूज एजेंसी ने कुछ जानकारियों के आधार पर यह रिपोर्ट जारी की है।

विपक्ष के आरोपों में छाया था राफेल

कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने लोकसभा चुनाव के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी पर राफेल को लेकर कई बार निशाना साधा। राहुल का आरोप है कि इस मामले में बड़े स्तर पर घोटाला हुआ है। यूपीए सरकार के दौरान राफेल विमानों को लेकर जो समझौता किया गया था, उसे एनडीए सरकार ने अपने हितों के लिए बदल दिया। राहुल ने इस मामले में बड़े स्तर पर गड़बड़ी को लेकर आशंका जाहिर की थी।

क्विक न्यूज

महिला-पुरुष पर धारदार हथियार से हमला, एक की मौत

रायपुर। ग्राम लाजा खरोरा में एक महिला एवं पुरुष के गले पर धारदार हथियार से हमला कर दिया जिसमें महिला की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। वही वृद्ध को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार खरोरा थाना अंतर्गत ग्राम लांजा जोशी तालाब के पास स्थित एक मकान में घुसकर किसी ने एक वृद्ध महिला साधना बाई(63) पति स्व.भाऊराम गेन्ड्रे को धारदार हथियार से मारकर हत्या कर दी। जडिराम मनहरे (70) के गले पर धारदार हथियार से मारकर गंभीर रुप से घायल कर दिया है। घटना की जानकारी हीरालाल चतुर्वेदी ने खरोरा थाने में दर्ज करायी है। पुलिस ने वृद्ध महिला की लाश को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है व गंभीर रुप से घायल व्यक्ति को ईलाज के लिये अस्पताल में भर्ती कराया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 302 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर जांच में लिया गया है।

यातायात कर्मचारी से मारपीट, मामला दर्ज

रायपुर। यातायात कर्मचारी से शास्त्री चौक पर गाली-गलौज कर मारपीट किये जाने की रिपोर्ट गोलबाजार थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार संतोषीनगर टिकरापारा रायपुर निवासी अनिल कुमार साहू 27 वर्ष पिता जगदेव राम साहू ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि शास्त्री चौक के पास ड्यूटी करते समय अपनी बाइक को साइड में खड़ा कर दिया था, तभी सुभाष चौक राजातालाब के पास सिविल लाइन रायुपर निवासी रमीज आलम (24) पिता नफिज आलम ने रॉग साइड से बाइक चलाकर मेरी बाइक को टक्कर मार दिया व उठाने जाने पर मेरे साथ गाली-गलौज करते हुये मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी देकर मारपीट किया। आरोपी के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाये जाने के मामले में अपराध कायम कर मामला दर्ज किया गया है।

गांजा लेकर जा रहे युवक को पुलिस ने पकड़ा, 2 किलो 250 ग्राम गांजा जब्त

रायपुर। गांजा लेकर जा रहे युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके पास से गांजा जब्त कर उसे जेल भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार गोगांव टंकी के पास गुढ़ियारी निवासी अजय यादव 32 वर्ष पिता रामपारस यादव को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर जांच के दौरान प्लास्टिक के थैला में लेकर जा रहे 2 किलो 2 सौ 50 ग्राम गांजा जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ नार्कोटिक्स 20 ख के तहत अपराध कायम कर कार्रवाई किया है।

घर के बाहर टहल रहे बुजुर्ग को बाइक चालक ने मारी टक्कर, इलाज के दौरान मौत

रायपुर। घर के सामने पैदल टहल रहे बुजुर्ग को तेज रफ्तार बाईक चालक ने जोरदार ठोकर मार दिया जिसके चलते उसे गंभीर अवस्था में ईलाज के लिये डीकेएस अस्पताल में भर्ती किया गया था। ईलाज के दौरान वृद्ध कर मौत हो जाने पर बाईक चालक के खिलाफ अपराध कायम किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार पटेल चौक टिकरापारा रायपुर निवासी रामनाथ साहू 73 वर्ष पिता केजउराम साहू को घर के बाहर टहलते समय तेज रफ्तार बाईक चला रहे व्यक्ति ने जोरदार ठोकर मार दिया जिसके चलते वह गंभीर रुप से घायल हो गया। ईलाज के लिये उसे डीकेएस अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात बाईक सवार के खिलाफ अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

अम्बिकापुर, रायपुर और जगदलपुर में आयोजित की जाएगी कार्यशाला

आदिवासियों को दें वन अधिकार नियमों की जानकारी और पट्टा दोनों : भूपेश

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि प्रदेश में वन अधिकार अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने आज यहां मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित समीक्षा बैठक में इसके लिए सरगुजा, रायपुर और बस्तर में कार्यशाला आयोजित करने के निर्देश दिए।

बैठक में निर्णय लिया गया कि सरगुजा संभाग के मुख्यालय अम्बिकापुर में 28 मई को, रायपुर में 29 मई को और बस्तर संभाग के मुख्यालय जगदलपुर में 30 मई को इस कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री स्वयं, वन मंत्री, मुख्य सचिव तथा क्षेत्र के मंत्रीगण, विधायक, कलेक्टर, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, वन मंडलाधिकारी, वन और राजस्व विभाग के अनुविभागीय अधिकारी, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास कार्यशाला में उपस्थित रहेंगे।

मुख्यमंत्री ने समीक्षा के दौरान कहा कि कार्यशाला में वन अधिकार अधिनियम के प्रावधानों की विस्तृत और स्पष्ट जानकारी दी जाए, जिससे इस अधिनियम का क्रियान्वयन प्रभावी ढंग से हो सके। यह भी सुनिश्चित किया जाए कि अधिनियम के अनुसार सभी पात्र व्यक्तियों को वन अधिकार पट्टे दिए जाएं। उन्होंने सामुदायिक वन अधिकार पट्टे देने के निर्देश भी बैठक में दिए। बघेल ने वन अधिकार अधिनियम के क्रियान्वयन के लिए ग्राम पंचायत, जनपद और जिला स्तर पर गठित समितियों का पुनर्गठन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वन अधिकार पट्टे के लिए निरस्त किए गए आवेदनों पर फिर से विचार किया जाए। बघेल ने मानसून के पहले वन क्षेत्रों के गांवों में ग्राम वन समितियों के माध्यम से सब्जी और फलों के बीज वितरित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अचानकमार अभ्यारण्य और कांगेर वेली में फलदार वृक्षों की प्रजातियों के बीज का हवाई छिड़काव करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वनों में मानसून के पहले बीजों का छिड़काव किया जाए, जिससे आने वाले समय में बंदर, भालू, शूकर जैसे पशुओं के लिए जंगल में ही आसानी से भोजन उपलब्ध हो सके।

मुख्यमंत्री ने राजस्व सचिव को निर्देश दिए कि सीमांकन, नामांतरण, बंटवारा के प्रकरणों का निपटारा लोक सेवा गारंटी अधिनियम में निर्धारित की गई समय-सीमा में निराकरण तथा तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, पटवारी की मुख्यालय में उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। बैठक में मुख्य सचिव सुनील कुमार कुजूर, वन विभाग के अपर मुख्य सचिव सी.के.खेतान, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव गौरव द्विवेदी, आदिम जाति विकास विभाग के सचिव डी.डी.सिंह, मुख्यमंत्री के संसदीय सलाहकार राजेश तिवारी, मुख्यमंत्री के ग्रामीण विकास के सलाहकार प्रदीप शर्मा तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

मास्टर चेतन की वीरता बनेगी दूसरों के लिए प्रेरणा : मुख्यमंत्री

■ चेतन ने शिवनाथ नदी में 10 वर्षीय बच्चे की बचाई थी जान

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

शिवनाथ नदी पर बने कोनी एनीकट में 10 साल के बालक टेकराम को डूबने से बचाने वाले मास्टर चेतन निषाद के माता-पिता को इस अदम्य साहस के कलिए भारत सरकार ने सर्वोत्तम जीवन रक्षा पदक से सम्मानित किया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भी मास्टर चेतन की वीरता की प्रशंसा करते हुए कहा कि चेतन का यह साहस राज्य के बन्य बच्चों को बहादुरी के लिए प्रेरणादायक सिद्ध होगा।

ज्ञात हो कि वर्ष 2017 के अगस्त माह में भाटापारा के ग्राम कोदवा के 16 वर्षीय चेतन निषाद ने शिवनाथ नदी के कोनी एनीकट के पास डूब रहे टेकराम की जान बचाई थी, लेकिन नदी में बने भंवर में वह स्वयं फंस गया और खुद को न बचा सका।

भारत सरकार ने उसके इस अदम्य साहस के लिए सर्वोत्तम जीवन रक्षा पदक देकर माता-पिता को सम्मानित किया है। जिला मुख्यालय बलौदाबाजार में कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने मास्टर चेतन के माता.पिता शिव कुमार निषाद और धन बाई को प्रशस्ति पत्र, मेडल और दो लाख रुपए का चेक प्रदान किया है।

सड़क किनारे खड़ी बाइक पार

रायपुर। बाइक चोरी किये जाने की रिपोर्ट कोतवाली थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार आरएमएस कालोनी टैगोरनगर निवासी सुरेश गोलछा(50) पिता स्व.समीरमल गोलछा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि एडवर्ड रोड सदरबाजार के पास खड़ी स्कूटर क्रमांक सीजी 04 एचक्यू 7811 मोटर साइकिल को किसी चोर ने चोरी कर लिया है। बाइक की अनुमानित कीमत करीब 30 हजार रुपये बताई जा रही है। प्राथी की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

जुआ खेलते व सट्टा-पट्टी के साथ एक दर्जन गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

अलग- अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस ने छापामार कर एक दर्जन से अधिक जुआरियों को गिरफ्तार कर उनके पास से नगदी हजारों रुपये व ताश की 52 पत्ती जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र अंतगर्त रिषभ दुबे 22 वर्ष व अन्य एक जुआरी को पुलिस ने ताश व नगदी 8सौ 30 रुपये के साथ गिरफ्तार किया है। इसी तरह गुढ़ियारी थाना क्षेत्र अंतर्गत बंम्लेश्वरी नगर जुआ खेलते पाये जाने पर संजय अग्रवाल 28 वर्ष पिता सुरेश अग्रवाल व अन्य दो जुआरी को पुलिस ने गिरफ्तार कर उनके पास से नगदी 22 सौ 10 रुपये एवं ताश की 52 पत्ती जप्त किया है। न्यू कलिंगनगर गुढ़ियारी में पुलिस ने जुआ खेलते पाये जाने पर फिरंता साहू एवं अन्य 4 जुआरियों को गिरफ्तार कर उनके पास से नगदी 820 रुपये व ताश की 52 पत्ती जब्त किया है। वहीं सिविल लाइन थाना क्षेत्र में राजकुमार साहू एवं अन्य तीन व्यक्तियों को लूडो बोर्ड के माध्यम से जुआ खेलते पाये जाने पर नगदी 19 सौ रुपये एवं लूडो बोर्ड जब्त कर जुआरियों को गिरफ्तार किया गया है।

तालाबों की सफाई के मलबे से सड़कों पर फैल रही गंदगी, दमा के मरीज बढ़ रहे

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

स्मार्ट सिटी रायपुर में इन दिनों स्थित तालाबों (सरोवरों) की सफाई का काम नगर निगम द्वारा जोर शोर से चलाया जा रहा है। वर्षा पूर्व तालाबों की सफाई से तालाबों के भीतर समाई गंदगी को ट्रैक्टर-ट्रालियों के माध्यम से शहर के बाहरी क्षेत्रों में फेंका जा रहा है।

ओवर लोडेड कचरों से भरी गाड़ियों से गिरते कचरे के अवशेष शहर की सड़कों को प्रदूषित कर रहे है। गीला प्रदूषित कचरा सूखकर धूल में परिवर्तित होकर दमा के मरीजों में एवं त्वचा संबंधी रोगों में इजाफा कर रहा है। शहर के अनेक नागरिकों ने लापरवाहीपूर्वक तालाबों की सफाई होने पर कड़ी आपत्ति व्यक्त करते हुए निगम आयुक्त से सफाई कर्मियों को तत्काल निर्देश देने की मांग की है।

गौरतलब है कि शहर के खम्हारडीह तालाब, डंगनिया तालाब, श्री राम नगर तालाब, करबला तालाब, बूढ़ापारा तालाब, मलसाय तालाब, महाराजबंध तालाब, सरजूबांधा तालाब सहित अनेक तालाबों में सफाई का काम चल रहा है। चर्म रोग विशेषज्ञों के अनुसार तालाब में अंदर की सफाई के दौरान अनेकों पदार्थों की मिलावट से जमी गंदगी को सावधानीपूर्वक उठाकर गाड़ियों में ले जाना चाहिए। सड़कों पर गिरा मलबा शहरियों में अनेक त्वचा संबंधी एवं श्वास संबंधित बीमारियों में वृद्धि कर रहा है। जिसके चलते आम लोगों की आवाजाही प्रभावित हो रही है।

एमओयू क्षेत्र के युवाओं के लिए भविष्य में मील का पत्थर साबित होगा

■ रावतपुरा सरकार विवि और ए-2-मिल्क रीसर्च कॉर्पोरेशन के बीच हुआ करार

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी धनेली, रायपुर एवं अंचल के प्रसिद्ध ए-2 मिल्क रीसर्च कॉर्पोरेशन के मध्य विज्ञान के क्षेत्र में कार्य करने के उद्देश्य से एक एमओयू साइन किया गया।

इस अवसर पर ए-2 मिल्क रीसर्च कॉर्पोरेशन के राजेंद्र तम्बोली एवं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो (डॉ.) अंकुर अरुण कुलकर्णी एवं डॉ. देवयानी शर्मा विभागाध्यक्ष जैव प्रौद्योगिकी अध्ययनशाला, फ़ार्मसी के प्रिन्सिपल प्रो (डॉ.) मनमोहन जांगडे, सहायक प्राध्यापक दीपेन्द्र तथा ए-2 मिल्क रीसर्च कॉर्पोरेशन के वैज्ञानिक प्रेम भी उपस्थित थे। सभी ने विश्वविद्यालय परिसर का भ्रमण कर विज्ञान एवं देसी गाय के बचाव और रखरखाव के क्षेत्र में भविष्य की योजनाओं की रुपरेखा तैयार किया गया।

एमओयू के माध्यम से देसी गाय की महत्ता का अध्ययन किया जाएगा ताकि अध्ययनरत छात्र-छात्राएं स्वरोजगार प्राप्त कर सके। इसी संकल्प के साथ कि यह एमओयू क्षेत्र के युवाओं के लिए भविष्य में मील का पत्थर साबित होगा।

शहर में यातायात अस्त-व्यस्त, जाम के चलते लोग हो रहे परेशान

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

शहर में इन दिनों पूरे शहर की यातायात व्यवस्था अस्त व्यस्त हो गई है। शहर के प्रमुख मार्गों में जीई रोड, जेल रोड, बुढ़ापारा रोड, पुरानी बस्ती रोड, सदर बाजार, मालवीय रोड, शास्त्री चौक, जयस्तंभ चौक, फाफाडीह चौक, घड़ी चौक, शारदा चौक सहित अनेक चौक चौराहों पर सड़क घेरकर दुपहिया एवं चौपहिया वाहन चालकों द्वारा सिंग्नल के पास लोगों की आवाजाही प्रभावित की जा रही है। ज्ञात हो कि शहर में यातायात व्यवस्था सुधारने के नाम पर आए दिन पुलिस प्रशासन द्वारा नये-नये प्रयोग किये जाते है। बावजूद इसके अब तक यातायात व्यवस्था सुधरने का नाम नहीं ले रही है। दोपहिया एवं चौपहिया वाहन चालकों द्वारा साइड नहीं देने पर एक गाड़ी के रुकते ही अनेक गाड़ियां खड़ी हो जाती है। जिसके चलते जमकर यातायात जाम की स्थिति का लोगों को सामना करना पड़ता है। सर्वाधिक बुरी स्थिति स्टेशन चौक एवं बस स्टैण्ड की ही है जहां सुबह 9 बजे से रात के 10 बजे तक अनेकों बार जाम की स्थिति का आवाजाही करने वालों को सामना करना पड़ता है। कुछ समय पूर्व शहर के कुछ मार्गों को एकांगी मार्ग घोषित किया गया था। इसी तरह एमजी रोड में भी सड़क के बीचों-बीच पार्किंग की व्यवस्था की गई थी। जिसके कारण स्थिति सुधरने के बजाय और बिगड़ गई।

शहर के अनेक प्रबुध्दों के मतानुसार राज्य बनने के बाद राजधानी बनने पर रायपुर की स्थिति यातायात के मामले में बेहद लचर है। स्मार्ट सिटी में शुमार शहर कविता वाजपेयी के अनुसार देश की अन्य राजधानियों की तुलना में यातायात के मामले में दयनीय है। उन्होंने परिवहन मंत्री से कड़े कदम उठाते हुए यातायात व्यवस्था को सुचारु रुप से संचालित करने के लिए शासन के जिम्मेदारों को निर्देश देने की मांग की है।

सिग्नल पर पॉथवे घेरकर वाहन खड़ा कर रहे

असीम सेतीआ को ओरल प्रेजेंटेशन के लिए बेस्ट स्टूडेंट के अवार्ड से नवाजा

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

विगत दिनों इंडोनेशिया के जकार्ता शहर में बिओलीगुएस वर्ल्डवाइड द्वारा आयोजित पांचवे इंटरनेशनल कांफ्रेंस ऑन फार्मास्युटिकल्स एपीआई एंड मैन्युफैक्चरिंग में इनेबलिंग टेक्नोलॉजीज फॉर एपीआई फार्मूलेशन एंड मैन्युफैक्चरिंग विषय पर कोलंबिया इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मेसी में बी फार्मेसी के आठवें सेमेस्टर में अध्ययनरत असीम सेतीआ को ओरल प्रेजेंटेशन के लिए बेस्ट स्टूडेंट के अवार्ड से नवाजा गया। वहीं संस्थान प्रबंधन, प्राचार्य अध्यापकगण एवं सहपाठियों ने असीम को इस उपलब्धि पर बधाईयां दी है।

पॉवर कंपनी का टारगेट क्वालिटी पॉवर फार कन्ज्यूमर्स : शुक्ला

बिजली कर्मचारी अब मिनटों में पकड़ेंगे फाल्ट स्काडा से

■ मध्य भारत का सबसे बड़ा सेंटर गुढ़ियारी में स्थापित

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी को आरएपीडीआरपी योजना के अन्तर्गत विद्युत उपभोक्ताओं को प्रदत्त सेवाओं में सतत सुधार करने की दिषा में एक बड़ी कामयाबी मिली है। पॉवर कंपनी द्वारा गुढ़ियारी में मध्य भारत की सबसे बड़ी विद्युत डिस्ट्रीब्यूशन आटोमेशन हेतु स्काडा/ डीएमएस सेन्टर की स्थापना-क्रियाशील कर सफलतापूर्वक संचालित की जा रही है। इससे रायपुर शहर की विद्युत प्रणाली में आये किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की तत्काल जानकारी मिनटों में स्काडा सेन्टर के माध्यम से मिल जायेगी। स्काडा कंट्रोल सेंटर स्थापित होने से पहले उक्त कार्य हेतु लगभग एक से दो घण्टे का समय लग जाता था। इस दृष्टि से उपभोक्ता सेवा सुधार में यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। पॉवर कंपनीज के अध्यक्ष शैलेन्द्र शुक्ला ने बताया कि उपभोक्ताओं को चौबीस घंटे क्वालिटी पॉवर की सप्लाई हो सके इस हेतु पॉवर कंपनी अत्याधुनिक प्रणालियों के क्रियान्यवन में जुटी हैं। सेवा भावी संस्थान होने के कारण पॉवर कंपनी क्वालिटी पॉवर फार कन्ज्यूमर्स का टारगेट बनाये हुए पॉवर जनरेशन, ट्रांसमिशन एवं डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम के अपग्रेडेशन का कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता से कर रही है।

गुढ़ियारी में संचालित स्काडा कंट्रोल सेंटर से रायपुर शहर में क्रियाशील 33/11 केवी, उपकेन्द्रों से निर्गमित 11 के वी के 300 फीडर्स को रिंग मेन यूनिट (आरएमयू)की सहायता से एक दूसरे से जोड़कर रिंग में लाया गया है जिससे किसी भी फीडर में फ

ाल्ट आने की स्थिति में समीप के अन्य दूसरे फीडर से विद्युत की पूर्ववत आपूर्ति न्यूनतम समय में की जा सकेगी। इससे विद्युत बाधित अधिकांष क्षेत्रों को लम्बे समय तक अंधेरें में डूबने से बचाया जा सकेगा। स्काडा कंट्रोल सिस्टम को कंपनी के ऊर्जा प्रौदयोगिकी केन्द्र के सेप सिस्टम से भी कनेक्ट किया गया है जिससे फीडरों में होने वाले व्यवधान की सूचना उस क्षेत्र के प्रभावित उपभोक्ताओं को आटोमेटिकली मिल सके। इस सेंटर के माध्यम से रायपुर में स्थापित संपूर्ण 33/11 केवी उपकेन्द्रों एवं उनसे निर्गमित होने वाले 11 के वी फीडरो, वितरण ट्रांसफार्मरों एवं आरएमयू को एक साथ एक स्क्रीन पर देखा जा सकता है जो कि पूर्णतः जीआईएस (जियोग्राफिक इन्फारमेशन सिस्टम) पर आधारित है। इस वजह से किसी भी क्षेत्र की विद्युत प्रणाली में फाल्ट होने की जानकारी स्काडा सेंटर को प्राप्त हो जाती है जिससे संबंधित क्षेत्र के अधिकारी से समन्वय स्थापित कर अत्यंत कम समय में विद्युत आपूर्ति बहाल कर ली जाती है। स्काडा सेंटर की सहायता से यह भी संभव हो पाया है कि रायपुर क्षेत्र के अंतर्गत स्थापित समस्त उपकेन्द्रों एवं 11 केवी फीडरों के जंक्शन पांइट पर स्थपित आरएमयू (रिंग मेन यूनिट) के बंद या चालू होने की जानकारी तत्काल कंट्रोल सेंटर में अलार्म सिस्टम के माध्यम से पहुंचती है जिससे संबंधित क्षेत्रों की सप्लाई व्यवस्था को बहाल करने में सहायता मिलती है। इसके अलावा रायपुर शहर स्थित उपकेन्द्रों में स्थापित उपकरणों की समस्त तकनीकी जानकारियां जैसे कि लोड, फीडरों का चालू.बंद होना।

भूपेश सरकार ने 3 माह में पहुंचाई 11886 घरों में बिजली

छत्तीसगढ़ राज्य पहुंच विहीन गांवों में तथा नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के 11886 घरों में आखिरकार उम्मीदों की रौशनी पहुंच ही गई। गत वर्ष के अंतिम माह तक यहां बिजली नहीं पहुंच पाई थी और हजारों आदिवासी परिवार अंधरे में रहने को मजबुर थे, लेकिन अब राज्य सरकार ने यहां तक विद्युत कनेक्शन की सुविधा पहुंचा कर हजारों परिवार और उनकी उम्मीदों को रौशन कर दिया है। राज्य में कांग्रेस की सरकार बनते ही मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में इन इलाकों तक बिजली पहुंचाने की कवायद शुरू यहो गई थी। इसकी जिम्मेदारी क्रेडा को सौंपी गई। क्रेडा ने भी तत्परता दिखाते हुए राज्य सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों पर अमल करते हुए विगत 03 माह में ही लगभग 11886 घरों को सौर ऊर्जा के माध्यम से विद्युतीकृत किया है।

मतगणना के लिए आयोग ने किए चाक-चौबंद इंतजाम, सुरक्षा के लिए पांच सौ जवान तैनात

यातायात को सुगम करने के लिए प्रत्याशी, समर्थक, शासकीय कर्मी और मीडिया की पार्किंग भी तय

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

राजधानी रायपुर के सेजबहार स्थित शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में होने वाली मतगणना को लेकर निर्वाचन आयोग और जिला पुलिस ने तैयारियां पूरी कर ली है। मतगणना स्थल में किसी भी तरह की अराजकता ना फैले और यातायात व्यवस्था दुरुस्त रहे, इसलिए सीआरपीएफ और जिला पुलिस के 500 जवानों का पहरा रहेगा। विभागीय अधिकारियों ने यातायात को सुगम करने के लिए प्रत्याशी, समर्थक, शासकीय कर्मी और मीडिया की पार्किंग भी तय कर दी है। ड्रेस के साथ सिविल में भी पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे।

अभी सीआरपीएफ की दो बटालियन

मतगणना स्थल पर सुरक्षा की दृष्टि से अभी 2 बटालियन लगी हुई है। बटालियन के 200 जवानों हथियार के साथ मतगणना स्थल की चौकसी वहां ईवीएम और वीवीपैट मशीन जमा होने के बाद से कर रहे है। मतगणना स्थल के पास वर्तमान में शासकीय अधिकारियों के अलावा कोई भी नहीं जा सकता।

250 जवान जिला बल के मतगणना के मद्देनजर रायपुर पुलिस ने 250 जवानों का बल मतगणना स्थल पर लगाया है। इन जवानों की टीम सेक्टरवार मतगणना स्थल पर बंटा रहेगा। इसे लीड राजपत्रित और निरीक्षक रैंक के अधिकारी करेंगे। मतगणना स्थल के अलावा शहर में चौकसी थानों की टीम करेगी।

ऐसी रहेगी यातायात व्यवस्था

ट्रैफिक पुलिस के अधिकारियों के अनुसार मतगणना कार्य में लगे अधिकारी कर्मचारियों, अभ्यर्थी, अभिकर्ताओं, समर्थकों एवं मीडिया के वाहनों का आवागमन संतोषी नगर चौक से बोरिया खुर्द होते हुए सेजबहार चौक से शासकीय इंजीनियरिंग कालेज परिसर जा सकेंगे। कालेज परिसर के अंदर सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा। मतगणना कार्य में लगे शासकीय अधिकारी/कर्मचारी अपना वाहन पार्किंग मांक 1 में खड़ा करना होगा। पार्किंग 2 और पार्किंग 3 में प्रत्याशी, अभिकर्ता, समर्थक और मीडिया कर्मियों के गाड़ी पार्क करने की व्यवस्था रहेगी। पार्किंग 4 में पर्यवेक्षक, जिला निर्वाचन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक, एआरओ, कार्यपालक मजिस्ट्रेट एवं अधिकारियों की गाड़ियां खड़ी होगी। मालवाहकों का संतोषीनगर मार्ग पर प्रतिबंध रहेगा।

लोकसभा चुनाव के नतीजों से पहले कांग्रेस उम्मीदवार ने जताई ईवीएम हैकिंग की संभावना

लोकसभा चुनाव के नतीजों से पहले ईवीएम की हेराफेरी की खबरों के बीच छत्तीसगढ़ में भी कांग्रेस ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन को हैक करने की संभावना जताई है। लोकसभा चुनाव के मतगणना से एक दिन पहले महासमुंद सीट से लोकसभा उम्मीदवार धनेन्द्र साहू ने बुधवार को छत्तीसगढ़ के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुब्रत साहू से मुलाकात की। कांग्रेस उम्मीदवार ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से ईवीएम हैक करने की संभावना को लेकर शिकायत की। धनेन्द्र साहू ने बताया कि कुछ गैर राजनीतिक लोगों ने उन्हें जानकारी दी कि महासमुंद लोकसभा के अंतर्गत एक स्ट्रांग रूम के बाहर मौजूद एक निजी मोबाइल कंपनी के टावर के पास कुछ संदिग्ध लोगों को लैपटॉप के साथ देखा गया और ईवीएम हैक करने को लेकर बातें करते सुनी गई। कांग्रेस उम्मीदवार ने इस बात की जानकारी कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष को दी। इसके बाद आज इसकी लिखित शिकायत मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से की। उन्होंने अपने शिकायत में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से महासमुंद लोकसभा के साथ पूरे प्रदेश में निजी मोबाइल के टावर पर निगरानी करने या मतगणना के दौरान बंद करने की मांग की है। साथ ही उन्होंने निर्वाचन आयोग से निष्पक्ष मतगणना कराने की मांग की। बतादें कि छत्तीसगढ़ में लोकसभा की 11 सीटें हैं। 2014 में भाजपा ने 10 सीटों पर जीत दर्ज की थी, जबकि कांग्रेस महज एक सीट जीतने में सफलता हासिल की थी।

निर्वाचन पदाधिकारी से मिला कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल

प्रदेश कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं महासमुंद लोकसभा प्रत्याशी धनेन्द्र साह, प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री गिरीश देवांगन, प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री एवं संचार विभाग के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी और कांग्रेस संचार विभाग के सदस्य किरणमयी नायक ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से महासमुंद लोकसभा 09 के मतगणना में अतिविशिष्ट एवं अति आवश्यक सावधानी रखते हुये मतगणना स्थल में 1000 मीटर के दायर के (एरियर डिस्टेंश) सभी मोबाइल टॉवर की बिजली सप्लाई एवं जनरेटर को बंद किये जाने एवं विशेषतः सभी जियो टॉवर को मतगणना होने तक बंद रखे जाने संबंधी ज्ञापन सौपा। पत्र में कहा गया है कि 19मई 2019 को मुझे अपने लोकसभा क्षेत्र महासमुंद के सभी मतगणना केन्द्रों की सभी तैयारियों का जायजा लेने के लिये गरियाबंद, धमतरी और महासमुंद प्रवास के दौरान मुझे अपने कार्यकर्ता से विशिष्ट जानकारी प्राप्त हुई है। जिसमें मुझे गरियाबंद के मंडी प्रांगण, मतगणना स्थल एवं स्ट्रांग रूम, के पास स्थित रिलायंस जियो टॉवर जो कि मतगणना स्थल के लगभग 500.600 मीटर के पास स्थित वहां पर कुछ लोग लैपटॉप लेकर कई घण्टों से टेस्टिंग कर रहे थे।

ईवीएम मशीनों में बंद प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला आज

■ मुख्य निर्वाचन आयोग छत्तीसगढ़ ने मतगणना को लेकर सारी तैयारियां कर ली गई पूरी

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के लोकसभा सीटों के प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला गुरूवार 23 मई को आएगा, जब स्ट्रांग रूम में बंद पड़ी ईवीएम मशीनें खोली जाएंगी। मुख्य निर्वाचन आयोग छत्तीसगढ़ ने मतगणना को लेकर सारी तैयारियां कर ली गई है।

लोकसभा चुनाव के तहत रायपुर लोकसभा के लिए मतदान 23 अप्रैल को हुआ। इसके बाद ईवीएम मशीनों को सेजबहार स्थित इंजीनियरिंग कालेज में बनाए गए स्ट्रांग रूम में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच रखा गया है। जिले में रायपुर लोकसभा अंतर्गत 9 विधानसभा क्षेत्रों के मतों की गणना होगी, वहीं 2 विधानसभा के मतों की गणना बलौदाबाजार जिले में होगी। इसके बाद दोनों जगह के आंकड़े को मिलाकर अंतिम परिणाम की घोषणा की जाएगी।

विधानसभावार लगेंगे 14 टेबल

शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में रायपुर जिले की सात विधानसभाओं के मतों की गिनती की जाएगी। प्रत्येक विधानसभा के मतगणना कक्ष में 14 टेबल लगाए जाएंगे। प्रत्येक राउंड में सभी 14 टेबलों पर मतदान केंद्र क्रमांक 1 से शुरू करते हुए मशीनें लाई जाएंगी। एक राउंड की गणना पूरी हो जाने के बाद ही दूसरे राउंड की मशीनें लाई जाएंगी। सहायक मतदान केंद्रों को स्वतंत्र मतदान केंद्र मानते हुए अलग टेबल आवंटित किया जाएगा।

डाकमत पत्रों की होगी पहले गणना

डाकपत्रों की गणना सुबह 8 बजे से शुरू होगी। इसमें सुरक्षा सैनिकों द्वारा भेजे गए इलेक्ट्रानिक ट्रांसमिटेड पोस्टल बैलेट (ईटीपीबी) और साधारण डाक मतपत्र की गणना होगी। इसके लिए अलग गणना पर्यवेक्षक और गणना सहायक होंगे। एक निर्वाचन क्षेत्र में डाक मतों की गणना के लिए प्रत्येक 500 प्राप्त मतों के लिए एक टेबल आवंटित होगा। सुरक्षा का रहेगा पुख्ता इंतजामः मतगणना के दौरान वहां सुरक्षा का कड़ा इंतजाम किया गया है। किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से निपटने के लिए स्ट्रांग रूम के बाहर पुलिस के अधिकारियों की मौजूदगी में बड़ी संख्या में जवान तैनात रहेंगे।

मतगणना कार्य में लगे कर्मचारी सुबह 6 बजे पहुंचेंगे

मतगणना कार्य में लगे अधिकारी एवं कर्मचारियों को सुबह 6 बजे अपना परिचय पत्र लेकर मतगणना स्थल शासकीय इंजीनियरिंग कालेज सेजबहार में पहुंचना है। सभी को सुबह 7 बजे तक मतगणना टेबल में उपस्थित हो जाना है। मतगणना स्थल में मोबाइल फोन सहित कोई भी इलेक्ट्रॉनिक गैजेट, कैलकुलेटर, पेन ड्राॅईव, पेन अथवा पेंसिल ले जाना मना है। मतगणना अधिकारियों और कर्मचारियों को किस टेबल में उपस्थित होकर मतगणना करनी है, यह सुबह ही निर्धारित होगा।

मान्यता प्राप्त दलों के एजेंट की बैठने की व्यवस्था

मतगणना कक्ष में बैठक व्यवस्था के अंतर्गत सबसे पहले मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के एजेंट बैठेंगे। इसके बाद राज्यों के मान्यता प्राप्त दलों के प्रत्याशियों के एजेंट जिन्हें आरक्षित प्रतीक के उपयोग की अनुमति प्राप्त हो, इसके बाद पंजीकृत अमान्यता प्राप्त दलों के प्रत्याशियों के एजेंट तथा सबसे बाद में निर्दलीय प्रत्याशियों के एजेंटों के बैठने की व्यवस्था होगी।

मंत्री रविन्द्र चौबे अब पूर्ण स्वस्थ, लखनऊ के अस्पताल से मिली छुट्टी

लखनऊ / रायपुर। प्रदेश के संसदीय कार्यमंत्री रविंद्र चौबे को अस्पताल से छुट्टी मिल गयी। पिछले एक महीने से लखनऊ के पीजीआई अस्पताल में भर्ती मंत्री रविंद्र चौबे अब कुछ दिन दिल्ली में आराम करेंगे। स्वस्थ्य हो चुके रविंद्र चौबे को डाक्टरों ने कुछ दिन और आराम करने की सलाह दी है। उम्मीद है कि अगले महीने के पहले-दूसरे सप्ताह तक वो पूरी तरह स्वस्थ्य होकर रायपुर लौट आयेंगे।

फिलहाल वो दिल्ली से ही अपने विभागों पर नजर रखेंगे। बुधवार दोपहर अस्पताल से छुट्टी के बाद वो दिल्ली देर शाम रवाना हो गये, जहां वो अपनी बेटी के घर पर कुछ दिन और आराम करेंगे। आपको बता दें कि रविंद्र चौबे यूपी में प्रचार के लिए गये थे, इसी दौरान उन्हें लखनऊ में हार्ट अटैक आया था। हार्ट अटैक के तुरंत बाद रविंद्र चौबे को पहले सहारा के अस्पताल और फिर बाद में पीजीआई लखनऊ में भर्ती कराया गया था। वहीं उनका उपचार चल रहा था। पिछले कुछ दिनों से वो वाक भी कर रहे थे। डाक्टरों ने अब उन्हें पूरी तरह से स्वस्थ्य बताया है।

बिलासपुर में माकपा नेता कश्यप पर हमले की निंदा, गिरफ्तारी की मांग

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिवमंडल ने माकपा के बिलासपुर जिले समिति के सदस्य और सामाजिक कार्यकर्ता नंद कुमार कश्यप व उनके परिवारजनों पर किये गए जानलेवा हमलों की तीखी निंदा की है और हमलावर आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की है।

आज यहां जारी एक बयान में माकपा राज्य सचिव संजय पराते ने कहा है कि किसी गैर-राजनैतिक विवाद में भाड़े के गुंडों द्वारा राजनैतिक व्यक्तियों पर हमला कराया जाना बेहद संगीन मामला है। पार्टी ने आरोप लगाया है कि इन भड़ैतों को राजनैतिक और प्रशासनिक संरक्षण प्राप्त है, जो पैसे लेकर धनाढ्यों के पक्ष में गैर-कानूनी हरकतें करते रहते हैं। इन हमलावरों में डॉ। राकेश सहगल, गुलशन और तैयब गैंग की संलिप्तता सामने आई है, इन्हें शीघ्र गिरफ्तार किया जाए।

माकपा ने बिलासपुर जैसे शांतिप्रिय शहर में असामाजिक तत्वों के संगठित गिरोह द्वारा लगातार गैर-कानूनी कामों को अंजाम देकर, शहर की कानून-व्यवस्था और शांति के माहौल को बिगाड़ने पर चिंता व्यक्त की है और संगठित अपराध की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने की मांग की है।

भीमा मंडावी की हत्या मामले में हर संभव जांच की जाएगी : कांग्रेस

रायपुर। दिवंगत विधायक भीम मंडावी की मौत की एनआईए जांच के फैसले को लेकर कांग्रेस ने कहा कि आचार संहिता के दौरान एनआईए द्वारा जांच की घोषणा से केन्द्र सरकार की मंशा समझ से परे है, राज्य सरकार की अनुशंसा के बिना जांच का आदेश दिया जाना निंदनीय है। राज्य सरकार ने पहले ही स्पष्ट कर दिया था कि दिवंगत श्री मंडावी हत्याकांड की हर संभव जांच की जाएगी। कांग्रेस ने शहीद भीम मंडावी के परिजनों को आश्वासन दिया था कि हर संभव जांच की जाएगी। इस मुद्दे को लेकर श्री त्रिवेदी ने कहा कि हमने भी अपने नेताओं को झीरम घाटी में खोया है लेकिन जांच के लिए कभी मर्यादा नहीं लांघी। झीरम मामले की भी एनआईए जांच कराई गई थी, लेकिन अब एनआईए जांच की फाइल देने को तैयार नहीं है। एनआईए का यह रवैया झीरम मामले की जांच में सवाल खड़ा कर रहा है।

मुख्यमंत्री तीन जून को लेंगे कलेक्टर्स- एसपी कांफ्रेंस

महात्वाकांक्षी योजना नरवा गरुवा, घुरवा एवं बाड़ी की होगी विस्तृत समीक्षा

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जून के पहले सप्ताह में कलेक्टर और एसपी की क्लास लेंगे। 3 जून को दो अलग-अलग सत्र में कलेक्टर और एसपी की कांफ्रेंस होगी। कांफ्रेंस को लेकर पहले ही जीएडी ने सभी 27 कलेक्टरों को एजेंडा भेज दिया था, जिनके आधार पर सभी कलेक्टर अपना प्रजेंटेशन और डाटा इकट्ठा कर कांफ्रेंस में पहुंचेंगे। नरवा, गरूवा, घुरवा, बारी कलेक्टर कांफ्रेंस का पहला एजेंडा है। कलेक्टरों को भेजे गये निर्देश में 12 अलग-अलग एजेंडों पर होमवर्क कंप्लीट करने को कहा है। मिली जानकारी के मुताबिक 3 जून को पूरे दिन कांफ्रेंस चलेगी। सुबह के पहले सत्र में सिर्फ कलेक्टरों की कांफ्रेंस होगी। जबकि दोपहर बाद के सत्र में कलेक्टर और एसपी दोनों साथ-साथ कॉफ्रेंस में बैठेंगे। इस बार कलेक्टर-एसपी कांफ्रेंस मंत्रालय में होगी। हालांकि पिछली बार पहली बार जब मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कलेक्टर कांफ्रेंस ली थी, वो कांफ्रेंस सर्किट हाउस में हुई थी। कलेक्टरों को जीएडी की तरफ से भेजे गये पत्र में साफ कहा गया है कि एजेंडों में परफार्मेंस के आधार पर ही जिलों की रैंकिंग तय की जायेगी।

कांफ्रेंस के एजेंडे

- नरवा गरुवा, घुरवा एवं बाड़ी के संबंध में हुई अद्यतन प्रगति।
- लोक सेवा गारंटी अधिनियम अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का समय सीमा में निराकरण।
- वन अधिकार अधिनियम के अंतर्गत प्राप्त निरस्त आवेदनों की समीक्षा।
- शहरी भूमि के पट्टों का नवीनीकरण।
- नदियों की भूमि का सीमांकन एवं उस पर हुए अतिक्रमण की जानकारी, जल संरक्षण हेतु किये गये उपाय सिंचाई रकबा दोगुना करने हेतु तैयार की गयी कार्य योजना।
- नदियों को प्रदूषण मुक्त करने हेतु बनायी जाने वाली कार्ययोजना, नदियों के तय पर बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण की कार्ययोजना।
- चिटफंड घोयालों के पीड़ितों के विरुद्ध दर्ज प्रकरण वापसी, पीड़ितों की राशि वापसी हेतु किये गये उपाय।
- फूड प्रोसेसिंग सूक्ष्म, लघु, मध्यम श्रेणी लघु वनोपज आधारित एवं कृषि प्रसंस्करण उद्योगों की स्थापना एवं प्रस्तावित रोजगार सृजन।
- डीएमएफ व सीएसआर के व्यय हेतु हितग्राही मूलक कार्यों की प्रस्तावित कार्ययोजना अब तक प्राप्त राशि एवं व्यय की स्थिति।
- पेयजल संकट ग्रस्त ग्रामों, मंजरों टोलों को पेयजल संकट से मुक्ति हेतु प्रस्तावित कार्य योजना।
- जेनरिक दवाईयों की उपलब्धता।
- महिलाओं एवं बच्चों के पोषण स्तर में सुधार।

एसपी के लिए भी एजेंडे के बिंदू किये गये हैं तय
दूसरे सत्र में पुलिस अधीक्षक की कांफ्रेंस होगी। जिसमें चिटफंड के मामले में कार्रवाई करने, कानून-व्यवस्था को मजबूत करने के साथ-साथ सोशल पुलिसिंग को बढ़ावा देने और पुलिसकर्मियों को दी जाने वाली सुविधाओं पर भी कांफ्रेंस में चर्चा की जायेगी।

आय से अधिक संपत्ति का मामला

आयकर विभाग ने की कांग्रेस विधायक लखेश्वर बघेल की जमीन अटैच

बस्तर। कांग्रेस विधायक और बस्तर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष लखेश्वर बघेल की मुश्किलें बढ़ गयी है। इनकम टैक्स विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए उनकी करोड़ों की जमीन अटैच कर ली है। जानकारी के मुताबिक आय से अधिक संपत्ति के मामले में ये कार्रवाई की गयी है। हालांकि इस बाबत इनकम टैक्स विभाग की तरफ से कोई जानकारी नहीं मिली है, लेकिन लखेश्वर बघेल ने पूरे मामले में पर मीडिया में बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि इस मामले में उन्होंने अपना जवाब पहले ही इनकम टैक्स विभाग को दे दिया है। इसके अलावा चुनाव में भी उन्होंने अपने शपथ पत्र में अपनी सभी संपत्तियों का जिक्र किया गया है। ऐसे में इस कार्रवाई पर लखेश्वर बघेल ने सवाल उठाये हैं। इनकम टैक्स के मुताबिक करोड़ों की जमीन ना सिर्फ लखेश्वर बघेल, बल्कि उनकी पत्नी के नाम पर भी है। जितनी की संपत्ति है, उतनी आय विधायक या फिर उनके परिवार का नहीं है। इस पर लखेश्वर बघेल ने कहा कि इनकम टैक्स विभाग सिर्फ अभी की इनकम के आधार पर संपत्ति का आकलन कर रहा है। उन्होंने इस मामले में अपना जवाब इनकम टैक्स विभाग को भेज दिया है।

आब्जर्वर ने माईक्रो आब्जर्वरों को दिया मतगणना के संबंध में मार्गदर्शन

राजनीतिक दलों को दी गई मतगणना की व्यवस्था की जानकारी

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त मतगणना आब्जर्वर अमनदीप बंसल ने दोनों विधानसभाओं के 40 माईक्रो आब्जर्वरों को मतगणना के संबंध में आज जरूरी मार्गदर्शन दिये। उन्होंने कहा कि माइक्रो आब्जर्वर की भूमिका मतगणना कार्य में महत्वपूर्ण है। उनके द्वारा दिये गये रिपोर्ट को ही मिलान करके अंतिम रिपोर्ट आयोग को भेजा जायेगा। बंसल ने कहा कि माइक्रो आब्जर्वर पूरी सजगता और गम्भीरता के साथ दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि माइक्रो आब्जर्वर अपने टेबल में रहकर ही मतगणना की पूरी प्रक्रिया का बारिकी से अवलोकन करें। हर राउण्ड की गणना के पश्चात मतपत्र लेखा भरकर मिलान कर लें और मतगणना आब्जर्वर को हस्ताक्षर कर सौंपे। उन्होंने मतपत्र लेखा भरने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

प्रशिक्षण में बताया गया कि माईक्रो आब्जर्वर मतगणना कक्ष में पेनए मोबाईलए

कैल्कुलेटर एवं किसी भी प्रकार का इलेक्ट्रॉनिक डिवाईश लेकर नहीं जायेंगे। उन्होंने कहा कि मतगणना कक्ष में सभी अपना व्यवहार संयमित रखेंगे तथा अनावश्यक रूप से बात नहीं करेंगे और न ही इधर.उधर घूमेंगे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में उप जिला निर्वाचन अधिकारी जेआर चौरसिया द्वारा मतगणना के महत्वपूर्ण तथ्यों की जानकारी दी गई।

सभी आब्जर्वरों को 23 मई को सवेरे 5:30 बजे उपस्थित होने कहा गया है। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर आरपी मिश्रा एवं बंटी राय द्वारा बताया गया कि टेबुलेशन (सारणीकरण) के पास, प्रत्येक गणना टेबल पर एक.एक माईक्रो आब्जर्वर रहेंगे। माईक्रो आब्जर्वर मतगणना प्रारंभ होने से लेकर अंत तक मतगणना कक्ष में अपने ही टेबल के पास रहकर मतगणना प्रक्रिया का सूक्ष्म निरीक्षण करेंगे। माईक्रो आब्जर्वर केन्द्रीय आब्जर्वर के मार्ग निर्देशन में कार्य करेंगे और उन्हीं को अपनी रिपोर्ट सौपेंगे। मतगणना कक्ष में 14.14 टेबल लगाये जाएंगे। प्रत्येक टेबल पर गणना पर्यवेक्षक, गणना सहायक एवं माइक्रो आब्जर्वर बैठेंगे। लोकसभा मतगणना 23 मई को सम्पन्न होगी। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्याम धावड़े ने राजनीतिक दलों के जिला प्रतिनिधियों की बैठक में जिले में मतगणना प्रक्रिया एवं आवश्यक व्यवस्था के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने जिले में मतगणना कार्य शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से सहयोग की अपील की।

बैठक में इंडियन नेशनल कांग्रेस, भारतीय जनता पार्टी, गोगंपा, एनसीपी के जिला पदाधिकारी और उप जिला निर्वाचन अधिकारी जेआर चौरसिया, जिला पंचायत सीईओ आरके खुटे सम्मिलित हुए। बैठक में बताया गया कि लोकसभा क्षेत्र महासमुंद के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र राजिम और बिन्द्रानवागढ़ की मतगणना जिला मुख्यालय स्थित कृषि उपज मंडी परिसर में होगी। गणना हेतु विधानसभावार 14.14 टेबल लगाई गई है। 23 मई को प्रातः 6.30 बजे स्ट्रांग रूम खोली जायेगी। स्ट्रांग रूम खुलने के समय राजनीतिक दलों द्वारा नामित व्यक्ति ही उपस्थित रह सकेंगे। मतगणना प्रातः 8 बजे से प्रारंभ होगी।

लोकसभा चुनाव : प्रेक्षक की उपस्थिति में माइक्रो आब्जर्वर को दिया गया प्रशिक्षण

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

लोकसभा चुनाव के अंतर्गत मतगणना कार्य के लिए नियुक्त माइक्रो आब्जर्वर का प्रशिक्षण बुधवार को जिला पंचायत सभागृह में आयोजित किया गया। भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) झारखण्ड कैडर के दुर्ग संसदीय क्षेत्र के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक मनोज कुमार एवं जिला निर्वाचन अधिकारी महादेव कावरे की उपस्थिति में यह प्रशिक्षण दिया गया। प्रेक्षक कुमार ने कहा कि मतगणना कार्य हेतु प्रशिक्षण को गंभीरता से लें। डाटा एन्ट्री का कार्य सावधानी पुर्वक इंद्राज करने के निर्देश दिये। जिले के प्रत्येक विधानसभा के लिए 14 टेबल लगेगी। कलेक्टर कावरे ने अधिकारियों को मतगणना के कार्य

को पूरी सजगता के साथ करने के निर्देश दिए। माइक्रो आब्जर्वर जल्दबाजी एवं हड़बड़ी में मतगणना कार्य बिल्कुल नहीं करेंगे। पिछले विधानसभा चुनाव 2018 का भी आपको अनुभव है। उन्होंने प्रशिक्षण के दौरान इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीनए वीवीपीएटी मशीन से मतगणना, मतपत्र लेखा भाग 2, आदि के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई।

इसके साथ ही अधिकारियों को कंट्रोल यूनिट की गणना तथा वीवीपीएटी की पर्ची की गणना के दौरान पेन, पेसिंल, केलकुलेटर, लाटरी हेतु कार्ड, कामन एड्रेस टेक, क्यू आर कोड स्केनर आदि रखने तथा उनके उपयोग के बारे में जानकारी दी गई। 23 मई 2019 को सुबह 8 बजे मतगणना कार्य आरंभ हो जाएगा। इसके पहले प्रेक्षक तथा अभ्यर्थियों एवं उनके अभिकर्ताओं की उपस्थिति में सवेरे 06 बजे स्ट्रांग रूम खोला जाएगा। माईक्रो आब्जर्वर की ड्यूटी प्रत्येक टेबल में रहेगी।

क्विक न्यूज

बीज-उर्वरक का अधिक से अधिक उठाव करने की अपील

धमतरी । वर्ष 2019 की खरीफ फसल के लिए जिले की सभी सहकारी समितियों में धान बीज एवं उर्वरक का भण्डारण कर लिया गया है। उप संचालक कृषि ने बताया कि धान बीज में आई आर 64 एमटीयू 1010 एमटीयू 1001 बीपीटी 5204 आदि किस्मों का 12290/90 कविंटल भण्डारण किया गया है। उप संचालक ने कहा कि किसान अपनी मांग एवं पसंद के अनुसार बीज का अग्रिम उठाव जल्द प्राप्त कर लेंए जिससे कि समितियों में और बीजों का भण्डारण कराया जा सके ताकि समय पर बीज की कमी से होने वाली समस्याओं का सामना नहीं करना पड़े। इसी तरह रासायनिक उर्वरकों में यूरिया डीएपी पोटाश एवं सुपर फास्फेट का भी 12463 मीट्रिक टन भण्डारण सहकारी समितियों में किया जा चुका है। बताया गया है कि जिले में उर्वरक अग्रिम उठाव योजना संचालित है जिससे किसानों को अभी अग्रिम उर्वरक उठाने पर ब्याज नहीं देय होगा। उप संचालक कृषि ने किसानों से अपील की है कि बीज एवं उर्वरकों का अधिक से अधिक मात्रा में उठाव करें और योजना का लाभ प्राप्त करें।

पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ी रवाना

धमतरी। धमतरी जिला पावर लिफ्टिंग संघ के खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए कोच सुनील निषाद, खिलाड़ी हश्मीत कौर, सब जूनियर खिलाड़ी अंजली साहू, पायल साहू, सोनाक्षी कौशिक, जूनियर खिलाड़ी अश्वनी साहू, योगेश्वरी साहू, मोहिनी भोसले, जूनियर खिलाड़ी त्रिलोकीराम साहू, धनंजय साहू, टोपेश्वर, आकाश देवांगन, शेष साहू रायपुर गुढ़ियारी के लिए रवाना हुए। इस मौके पर संघ के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

सरपंच और ग्रामीणों के सक्रियता से आग पर पाया काबू

कोपरा के खार में आग लगने से गांव में मचा हडकंप

- आधा एकड़ खड़ी फसल जल कर हुआ राख

पायनियर संवाददाता ➤ गरियाबंद/कोपरा
www.dailypioneer.com

ग्राम कोपरा के खार मे अचानक आग लगने से गांव में मचा हडकंप। सरपंच और ग्रामीणों के सक्रियता से आग में पाया काबू । पाण्डुका थाना के जवानों का भी रहा सहयोग । आधा एकड खडी फसल जल कर हुआ राख । सरपंच डा डॉली साहू ने की समय पर पानी टेन्कर की व्यवस्था । घटना बीती शाम लगभग 6 बजे की है। घटना की जानकारी लगते ही एसडीएम ने की हल्का पटवारी और कोटवार को घटना स्थल पहुंच मुआयना करने का निर्देश । पटवारी घटना स्थल पहुंच कर किया मुयायना ।

जिले के सबसे बड़े ग्राम कोपरा खार में बीती शाम लगभग 6 बजे अचानक आग लगने से गांव में हडकंप मच गया खार में आग लगने की समाचार जैसे गांव मे लगा तो आग बुझाने सरपंच सहित ग्रामीण खार की ओर दौड पडे ।

सरपंच द्वारा तत्काल इसकी सुचना थाना और एसडीएम को दी । सरपंच डा डॉली साहू ने समय पर पानी टेन्कर की व्यवस्था किया और आग लगने की सूचना मिलने पर पाण्डुका थाना प्रभारी हर्ष वर्धन ने तत्काल बल भेजा और ग्रामीणों की सहयोग से एक घंटे के मस्तक के बाद आग में काबू पाया गया । ग्रामीणों ने बताया की खार के खेतो में रबी फसल का धान कटाई और मिंजाई का कार्य चल रहा है और खेतों के बीचों बीच बिजली की 11केवी तार गया हुआ है उसमें अचानक शार्ट सर्किट होने से धान मिंजाई के रखें पैरा में आग लग गया और गर्मी के चलते आग इतना भयंकर हो गया वही बाजु में शत्रुघन साहू के आधा एकड़ खड़ी फसल भी जल कर राख हो गया । जैसे तैसे सरपंच की सक्रियता और पुलिस जवानों व अजय साहू सन्तोष साहू दिलीप वर्मा अवध सिन्हा टीकेस्वर साहू शत्रुघन पटेल मेघ सिंग थनेस पटेल रोशन साहू नारायण साहू जप, सद्स्य एवं अन्य ग्रामीणों की मदद से आग में काबू पाया गया जिससे कोई बड़ी घटना नहीं घटी । एसडीएम ने हल्का पटवारी और कोटवार को घटना स्थल पहुंचकर मुयायना करने का निर्देश दिया जिस पर पटवारी घटना स्थल पहुंच कर मुयायना किया ।

मतगणना कक्ष में वर्दीधारी व्यक्ति का प्रवेश प्रतिबंधित

एक सौ मीटर की परिधि में नहीं होगा कोई वाहन

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

मतगणना कक्ष में सामान्यतया कोई भी वर्दीधारी व्यक्ति प्रवेश नहीं कर पाएगा। केन्द्र के 100 मीटर की परिधि में चार पहिया वाहन ले जाने पर भी प्रतिबंध रहेगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल ने आज यहां जिला कार्यालय के सभाकक्ष में सहायक रिटर्निंग अफसरों और नोडल अधिकारियों की बैठक में चुनाव आयोग के इन निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने को कहा है।

उन्होंने कहा कि नगरीय निकायों द्वारा नियुक्त कर्मचारियों की ड्यूटी मतगणना काम में नहीं लगाई जाए। कलेक्टर ने कहा कि बड़ी सतर्कता एवं धैयूपर्वक मतगणना का काम निबटाए। हड़बड़ी करने की कोई दरकार नहीं है। सभी काम व्यवस्थित तरीके से नियमों के अनुरूप होने चाहिए। उन्होंने ध्यान रखने योग्य आयोग के कुछ प्रमुख बिन्दुओं पर प्रकाश डाला। कलेक्टर ने कहा कि पुनर्गणना संबंधी आवेदन इस जिले में स्वीकार नहीं किए जाएंगे। इसके लिए केवल रिटर्निंग अफसर ही सक्षम प्राधिकारी हैं। उन्हें रायपुर अथवा जांजगीर में आवेदन लगाना होगा। डाक मतपत्रों की गिनती भी उन दो जिलों में होगी। यह काम रिटर्निंग अफसर के समक्ष किया जाना है।

प्रत्येक राऊण्ड की गिनती के बाद प्रेक्षक द्वारा दो मशीनों की चेंकिग की जाएगी। बड़ी सावधानी से गणना का कार्य पर्यवेक्षक और गणना सहायक को करना है। इस काम में त्रुटि स्वीकार्य नहीं की जाएगी। तत्काल अनुशासनात्मक कार्रवाई आरोपी को भोगना पड़ेगा। मतगणना केन्द्र के भीतर सामान्य हालात में वर्दीधारी कोई भी व्यक्ति प्रवेश नहीं करेगा। कानून व्यवस्था संबंधी हालात आने पर केवल बुलाये जाने पर वह दाखिल करेगा। भीषण गर्मी को देखते हुए कूलर एवं पंखे की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। कूलर में हर एक-दो घण्टे पर पानी डालने के लिए सीएमओ सुश्री शीतल चंद्रवंशी को अधिकृत किया गया है। बैठक में जिला पंचायत के सीईओ श्री एस.जयवर्धन, अपर कलेक्टर श्री जोगेन्द्र नायक सहित वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

अवैध रूप से जंगल में चल रही शराब भट्टी-पुलिस ने मारा छापा

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com

सोमवार को थाना मगरलोड क्षेत्र में पुलिस अधीक्षक बालाजी राव के निर्देशन में अवैध रुप से महुआ शराब बना कर पालीथिन में पैक कर अन्य गावों मे सप्लाई की जा रही है जिसकी सूचना मिलने पर निरीक्षक कमला पूसाम के हमराह सहायक उपनिरीक्षक गोविंद सिंह राजपूत आरक्षक गांधी सोनकर रविन्द्र साहू भागवत ध्रुव एवं आरक्षक चालक चंद्रशेखर के द्वारा ग्राम कोरगाव के नाला में सबेरे से दबिश देकर अवैध शराब निर्माण कर रहे मौके पर कुमार सिंह सोरी जाती गोंड पिता उदयराम गोंड 36वर्ष साकिन मोहेरा हाल ससुराल कोरगाव को रंगे हाथ अवैध महुआ शराब काफी मात्रा निर्माण करते हुए उसके कब्जे से लगभग 40 लीटर महुआ शराब जब्त कर शराब बनाने के बर्तन के पात्र और लगभग 2 क्विंटल महुआ फूल जखीरा को नाला में नष्ट किया गया जब्त शराब की कीमत लगभग 16000 को जब्त कर आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में गृहे-गृहे गायत्री यज्ञ

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे राष्ट्रीय अभियान गृहे.गृहे गायत्री यज्ञ के अंतर्गत 2 जून को देशभर में 2 लाख 40 हजार घरों में गायत्री महायज्ञ होगा। इसी क्रम में छत्तीसगढ़ में 30 हजार घरों में एवं धमतरी जिले में 5000 परिवारों में एक कुण्डीय गायत्री महायज्ञ होगा।

जिसकी तैयारियों की समीक्षा की गई। जिला समन्वयक दिलीप नाग ने बताया कि इस भव्य आयोजन को सफल बनाने संचालन समिति का गठन किया गया है। जिसके अंतर्गत संरक्षक हरषद मेहता, खिलेश्वरी किरण, रामपालसिंह कौशिक उइके हैं। धमतरी नगर के लिए उगेश बंसोर, शेखन, राजकुमार, गीतेश प्रजापति, नारायण कौशिक एवं प्रदीप साहू। धमतरी ग्रामीण के लिए उगेश बंसारे, राधेश्याम साहू, हीरालाल साहू, बीआर साहू, सुभाष साहू, फत्तेलाल ध्रुव, मैकूराम निषाद, जीवनलाल साहू, पारसमणी साहू, जालमसिंह कुंभकार एवं रेखराम साहू को दी गई है।

इसी प्रकार कुरूद ब्लाक शत्रुघन साहू, मोहन यदु, नंदकुमार साहू, गोविंद चंद्राकर, ओमप्रकाश साहू, टेकराम साहू, कमल देवांगन को जिम्मेदारी दी गई है। मगरलोड ब्लाक से कमल साहू, दयाराम साहू, पेनलाल साहू, भागीरथी साहू, सोनकर, मैनसिंह हिरवानी, युवराज साहू। नगरी ब्लाक से रमेश सार्वा, रामकुमार सामरथ, चित्रभानु, तेजस, कुलदीप भारती, बलराम कंचन एवं भखारा ब्लाक से सियाराम साहू, टीकाराम साहू, हेमनारायण साहू, गौर, डॉ प्रहलाद साहू को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

दिलीप नाग ने बताया कि जिले में 47 इकाईयों में प्रत्येक को 151 परिवारों का लक्ष्य दिया गया है। अधिकांश इकाईयों ने अपना लक्ष्य पूरा कर लिया है। जिले के 200 से अधिक गांवों, धमतरी नगर के सभी वार्डों में आचार्यों के द्वारा संपन्न कराया जाएगा। अनुभवी आचार्यों के साथ नए आचार्यों को भी यज्ञ संचालन के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिससे वे एक से अधिक परिवारों में प्रातः से लेकर शाम तक यज्ञ करा सके।

पुलिस अधीक्षक द्वारा आतंकवाद विरोधी दिवस पर शपथ दिलाई

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com

राज्य शासन द्वारा 21 मई को आतंकवाद विरोधी दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। आम जनता को हो रहे कष्टों तथा आतंक एवं हिंसा से राष्ट्रीय हितों पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभावों से आम लोगों को आतंकवाद और हिंसा के मार्ग से दूर रखने के उद्देश्य से आतंकवाद विरोधी दिवस मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को पुलिस अधीक्षक बालाजी राव के द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पदस्थ सभी अधिकारी कर्मचारियों को आतंकवादी विरोधी दिवस की शपथ दिलाई गई एवं श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

संयुक्त जिला कार्यालय बना शराबियों का अड्डा

पायनियर संवाददाता ➤ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

एक तरफ देश मे स्वच्छ भारत अभियान में तहत देश के प्रधानमंत्री सहित हर वर्ग के अधिकारी कर्मचारी जनप्रतिनितधियो ने हाथ मे झाड़ू लेकर स्वच्छता का संदेश दे रहे है, वही शर्मनाक तस्वीर सामने आई है जिला के संयुक्त जिला कार्यालय से जो इन दिनों शराबियों का अड्डा बना हुआ है, यह हम नहीं बल्कि संयुक्त कार्यलय में बिखरे ये शराब की बोतले बता रही है।

ऐसा लग रहा है कि मानो हर शाम यहां शराबियों का पार्टी चलता है, ये वो भवन है जहां जिले के तमाम विभाग के कार्यालय एक ही छत के नीचे संचालित होता है, जिला कलेक्टर से लेकर पुलिस विभाग भी यहां है, बावजूद यहां शराब की बोतले मिलना यहां की सुरक्षा व सफाई व्यवस्था की पोल खोल रही है, इतना ही नहीं बल्कि यहां चारों तरफ गंदगी का आलम पसरा हुआ है, बाथरूमों की हालत बद से बदत्तर है चारों तरफ बदबू फैला हुआ है और अधिकारी अपने ऐसी कमरों में व्यस्त है, वैसे संयुक्त जिला कार्यालय के तमाम वर्ग के अधिकारी कर्मचारी आम लोगों को अपने शहर, गांव और घर को स्वच्छ रखने की संदेश देते है, लेकिन जहां खुद वे रहते है वहां कचरों के अंबार फैला हुआ है, मानो ऐसा लगता है कि यहां कई महीनों से सफाई नहीं हुई है, शराब की बोतल मिलना भले ही इसे अधिकारी असामाजिक तत्वों का काम मान ले, लेकिन हकीकत यही है यहां जगह जगह शराब की बोतले पड़ी हुई है, जो बता रहा है कि यहां शराबियों का अड्डा है जो खुले आम शराब पीकर बोतल यही फेंक देते है, बावजूद बड़े अधिकारी यहां से गुजरते है पर शायद सभी के आंखों में काली पट्टी लगी हुई है, कही ऐसा तो नहीं की संयुक्त जिला कार्यालय के कुछ एक कर्मचारी या अधिकारी ही शाम होते ही यहां शराब की महफिल कार्यालय में ही सजाते है। बहरहाल ये जांच का विषय है पर सफ ई व्यवस्था को लेकर जिला कलेक्टर श्याम धावड़े ने कहा है कि अगर सफाई व्यवस्था में कोई कमी होगी तो उसे जल्द दूर किया जाएगा।

कृषि विभाग की किसानों से अपील खेतों में न जलाएं पैरा ठूंठ

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण द्वारा दिए गए निर्देशों के तहत् जिले में फसल अवशेष पैरा, ठूंठ को जलाने तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित किया गया है। उप संचालक कृषि ने बताया कि भीषण गर्मी के मौसम में किसानों द्वारा फसल अवशेष जलाने के कारण घटनाएं घटित हो रही हैं। उन्होंने किसानों से अपील की है कि अपने खेतों में पैरा ठूंठ न जलाएं। उप संचालक ने बताया कि किसानों द्वारा फसल अवशेष ठूंठ को खेतों में जलाने से भूमि में लाभदायक जीवाणुओं के नष्ट होने के साथ-साथ कार्बन डाइआक्साईड, नाईट्रस आक्साईड मिथेन गैस एवं विभिन्न प्रकार की जहरीली गैसों से वायु प्रदूषण मृदा स्वास्थ्य बिगड़ने के अलावा मनुष्यों में दमा फेफड़े की बीमारी और मानव स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। बताया गया है कि किसी भी किसान द्वारा अपने खेतों में फसल अवशेष जलाने अथवा जलाते हुए पाए जाने पर नेशनल ग्रीन टिब्यूनल के आदेशों के तहत उनके खिलाफ दण्डात्मक या जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी। दो एकड़ कृषि भूमि धारक किसानों पर 2500 रूपए दो से पांच एकड़ कृषि भूमि धारक किसानों पर पांच हजार रूपए जुर्माना तथा पांच एकड़ से अधिक भूमिधारक किसानों पर 15000 रूपए पर्यावरणीय जुर्माना प्रति घटना लगाया जा सकता है। फसल अवशेष को जलाने की बजाय उनका उचित प्रबंधन करने के लिए किसानों को सुझाव भी दिए गए। इसके तहत् फसल कटाई के बाद खेत में पड़े हुए। अवशेष के साथ ही गहरी जुताई कर पानी भरने से फसल अवशेष कम्पोस्ट में परिवर्तित हो जाते हैं जिससे अगली फसल के लिए मुख्य एवं सूक्ष्म पोषण तत्व प्राप्त होंगे। फसल कटाई के बाद खेत में बचे हुए अवशेषों को जुताई कर खेत में पलट दें अथवा इकट्ठा कर गड्ढे या वर्मी कम्पोस्ट टांकों में डालकर कम्पोस्ट बनाने के लिए उपयोग किया जा सकता है।फसल कटाई के बाद खेत पर पड़े फसल अवशेषों को बिना जलाए बोनी हेतु जीरोसीडड्रिन इत्यादि से बुवाई करने से खेत की नमी के साथ-साथ ऊपर पड़े हुए फसल अवशेष भी नमी संरक्षण का कार्य करते हैं, जिससे खरपतवार नियंत्रण एवं बीजों के सही अंकुरण के लिए मल्चिंग के रूप में कार्य होगा। फसल अवशेषों का उपयोग मशरूम उत्पादन के लिए भी किया जा सकता है। भूमि को फसल अवशेष से प्राप्त होने वाले कार्बनिक तत्व जो कि मृदा में मिलकर उर्वरक के रूप में परिवर्तित होकर फसलों को मिलती है जिससे मृदा संगठन एवं संरचना में सुधार के साथ ही भूमि की जल धारण क्षमता में वृद्धि होती है। खेत में ही वेस्ट डिकम्पोजर तरल पदार्थ से फसल अवशेषों को सड़ाकर खाद तैयार कर रासायनिक खाद क्रय करने की राशि में बचत की जा सकती है। जैसे कि एक टन पैरा न जलाकर डिकम्पोजर से सड़ाकर कम्पोस्ट खाद बनाने पर पांच किलोग्राम नत्रजन 12 किलोग्राम स्फुर एवं पांच किलोग्राम पोटाश खाद खेत में तैयार करने से कीट व्याधि एवं खरपतवारों की रोकथाम तो होती ही है। साथ ही फसल लागत कम एवं उपज अधिक तथा आमदनी में वृद्धि किया जा सकता है। निर्धारित मापदण्ड अनुसार फसल अवशेष प्रबंधन किए जाने पर किसानों को प्रति एकड़ एक हजार रूपए प्रोत्साहन अनुदान राशि प्रदान की जाती है। अतः किसानों से अपील की गई कि वे अधिक से अधिक संख्या में फसल अवशेष प्रबंधन कर योजना का लाभ उठाएं। योजना की जानकारी के लिए किसान अपने क्षेत्रीय ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय में सम्पर्क कर सकते हैं।

सट्टेबाज एग्जिट पोल के आते ही बढ़ चढ़कर दांव लगा रहे

धमतरी। लोकसभा चुनाव के अंतर्गत रविवार को अंतिम चरण के मतदान बाद विभिन्न एजेंसियों द्वारा कराए गए एग्जिट पोल आ गया। एग्जिट पोल के आते ही शहर में सट्टा बाजार एक बार फिर गरम हो गया है। लोकसभा चुनाव के लिए मतदान 6 चरणों में संपन्न हुआ। विभिन्न संगठनों ने लोकसभा चुनाव के परिणाम कैसे आएंग, इस पर सर्वे कराया जिसके मुताबिक एग्जिट पोल जारी हुआ है। ज्यादातर शहर के सटोरियों में एनडीए और यूपीए को कितनी सीट मिलेगी, पर सट्टा लग रहा है। छत्तीसगढ़ की 11 सीटों में कांग्रेस-भाजपा को कितनी मिलेगी, यह भी सट्टेबाजों के लिए जुए का मैदान बन गया है। जानकारों के मुताबिक भाजपा के सीट पर एक के पांच का भाव लगा है। लाखों रूपए के लगे सट्टेबाजी में ज्यादातर राजनीतिक दल से जुड़े नेता, कतिपय व्यापारी, आदतन सट्टेबाजों द्वारा लगाए गए हैं। सट्टेबाजों को सिर्फ मौके का इंतजार रहता है कि कहां सट्टेबाजी पर दांव लगाया जा सके।

श्री गोयल ने कहा कि संगीत से शरीर व मन स्वस्थ एवं शांत रहता है

जिला स्तरीय शास्त्रीय एवं सुगम संगीत प्रतियोगिता आयोजित

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

नागरिक सेवा समिति बलौदा बाजार के तत्वाधान में जिला स्तरीय शास्त्रीय एवं सुगम संगीत प्रतियोगिता गत दिवस योगभवन पंचशील नगर में आयोजित किया गया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधीश कार्तिकेया गोयल थे. अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक श्रीमती नीथू कमल ने किया. सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के तैल चित्र पर पुष्पहार व अबीर गुलाल से वंदन किया गया. अजय साहू व उनकी टीम के द्वारा राष्ट्रकृगान व स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि जिलाधीश श्री गोयल ने कहा कि संगीत से शरीर व मन स्वस्थ एवं शांत रहता है, ऐसी प्रतियोगिता प्रतिवर्ष होनी चाहिए. उन्होंने आयोजन की प्रशंसा करते हुए प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया. पुलिस अधीक्षक नीथू कमल ने कहा कि इतनी भीषण गर्मी में प्रतिभागियों ने अपने कला का प्रदर्शन किया जो सराहनीय है।

प्रतियोगिता में कुल 25 प्रतिभागियों ने पंजीयन कराया. आडिशन लगातार तीन दिनों तक चला जिसमें निर्णायकों ने 05 शास्त्रीय संगीत एवं 06 सुगम संगीत के लिए प्रतिभागी टीम का चयन किया. इन प्रतिभागियों ने मंच पर अपना प्रस्तुतीकरण दिया।

जिसमें राग दरबारी, राग बागेश्री, बड़ा खयाल, छोटा खयाल, राग मालकोस, विलंबित 1 ताल में बड़ खयाल प्रस्तुत किया गया. प्रथम पुरस्कार शास्त्रीय संगीत महेश उपाध्याय अमेरा को 5000 रूपये को 3000, प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह अशोक जैन द्वारा, द्वितीय पंकज शुक्ला 2000, प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह अधिवक्ता भूपेंद्र ठाकुर द्वारा, तृतीय कोयलदास मानिकपुरी को 1000, प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह डॉ. केके साहू द्वारा दिया गया. आर्यन शुक्ला के द्वारा शास्त्रीय संगीत प्रस्तुतीकरण पर ऋषभ भट्ट को 1000 नकद, कु. कमलेश्वरी को शास्त्रीय संगीत पर 1000 नकद श्याम शुक्ला व टेसूलाल धुरंधर द्वारा प्रदान किया गया. निर्णायक चिंताराम फेकर, नूतन भट्ट, दिलीपदास मानिकपुरी व राजेंद्र जायसवाल थे. जिनका सम्मान प्रशस्ति व स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया. आभार प्रदर्शन टेसूराम धुरंधर, संचालन शिवकुमार वर्मा द्वारा किया गया।

द्वितीय विजय शंकर साहू लच्छनपुर को 3000, प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह कमल विश्वनोई के द्वारा, तृतीय जय प्रकाश देवांगन कटगी 2000, प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह सुधीर अग्रवाल के सौजन्य से, प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह समिति के द्वारा दिया गया।

तालाब में पानी नहीं, बना जुआरियों का अड्डा

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com

शहर में इन दिनों जुआरियों के हौसले बुलंद है, वही पुलिस प्रशासन व्दारा सख्ती से कार्रवाई नहीं होने के चलते जुआरी बेखौफ होकर जुआ खेल रहे है। यहां तक अब जुआरियों को पुलिस का कोई खौफभी नहीं है।

नतीजन जुआरी खुलेआम जुआ खेल रहे है। मामला शहर के हृदय स्थल यानि घड़ी चौक के करीब मकई तालाब का है जहां शाम के 5 बजते ही सूखे तालाब के बीचोबीच जुआरियों की महफिल सजती है उनको न तो कोई रोकने वाला है और ना ही कोई टोकने वाला है जिससे जुआरियों का हौसला बुलंद है मकई तालाब में रोजाना शाम 5 बजते ही जुआ फड़ शुरू हो जाता है जहां असामाजिक तत्व के लोगां का जमवाड़ा लग सा जाता है वही जुआरियों के व्दारा जमकर गाली गलौज किया जाता है जिसके चलते मकई गार्डन में तफ रीह के लिए पहुंचने वाले लोग खासे परेशान है आए दिन लग रहे असामाजिक तत्वों के जमावाड़े से अब महिलाएं यहां आने से कतराने लगी है। आलम ये है कि देर शाम तक आने वाली महिलाओं का आना जाना धीरे धीरे कम हो रहा है। आसपास के लोगों की माने तो यहां शहर के अलावा दूरदराज से जुआरी जुआ खेलने आते है वही यह जुआ का फड़ रात तकरीबन 9 बजे तक चलती रहती है बता दे कि इस फड़ में रोजाना करीब एक लाख से ज्यादा तक के दांव लगाया जा रहा है लोगों का कहना है कि पुलिस को इस जुआ फड़ की जानकारी होने के बाद भी कोई कार्रवाई नही कर रही है इधर कार्रवाई नहीं होने से आसपास के रहने वाले लोगों में पुलिस प्रशासन के खिलाफकाफी नारजगी भी है।

क्विक न्यूज

जिला महिला एवं बाल विकास विभाग का कर्मचारी निलंबित

नारायणपुर । कलेक्टर पीएस एल्मा ने कार्यालय जिला महिला एवं बाल विकास विभाग नारायणपुर के सहायक ग्रेड.2 बिसनाथ नाग को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। कार्यालय कलेक्टर जिला नारायणपुर से उनका निलम्बन आदेश सोमवार को जारी कर दिया गया है। नाग की अपने कर्तव्य से बिना पूर्व सूचना के 10 अप्रैल 2019 से आज दिनांक तक अनुपस्थित रहने की सूचना कलेक्टर को प्राप्त हुई थी, इसे गंभीरता लिया गया। कलेक्टर द्वारा बिसनाथ नाग सहायक ग्रेड.2 को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम.3 के तहत उनके खिलाफ निलम्बन की कारवाई की गयी । निलम्बन अवधि में नाग का मुख्यालय परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास परियोजना बेनूर जिला नारायणपुर निर्धारित किया गया है। निलंबन अवधि में इन्हें शासन द्वारा देय जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी ।

किसानों के लिए किसान मितान केन्द्र स्थापित

बीजापुर। प्रोजेक्ट डायरेक्टर (आत्मा) एवं उप संचालक कृषि विभाग बीजापुर द्वारा जिले में कृषक कल्याणकारी योजनाओं और खाद बीज, कृषि ऋण सहित अन्य समस्याओं की सुनवाई के लिए कलेक्टर परिसर स्थित किसान मितान केन्द्र स्थापित किया गया है। जिसमें किसानों की हर समस्याओं को सुनने के लिए कृषि विभाग के अधिकारियों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। किसान मितान केन्द्र में एस के सरजाल सहायक संचालक कृषि मोबाइल नम्बर 9617848091 एवं भोगावती कोटे ग्रा कृवि अधिकारी मोबाइल नम्बर 6264440626 पर कॉल कर समस्याओं का समाधान कर सकते है। इसके अलावा पशुपालन, मछलीपालन, उद्यानिकी, रेशम विभाग से संबंधित भी किसान मितान केन्द्र के माध्यम से जानकारी प्राप्त कर सकते है।

कलेक्टर ने कराया मीडिया कर्मियों को मतगणना स्थल का अवलोकन

कांकेर। जिले के प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया प्रतिनिधियों को शासकीय भानुप्रतापदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बनाये गये मतगणना कक्षों का आज अवलोकन कराया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री के एल. चैहान के मार्गदर्शन में सभी मीडिया प्रतिनिधियों को लोकसभा निर्वाचन के मतों की गणना के लिए बनाये गये विधानसभावार कक्षों-अंतागढ़, भानुप्रतापपुर एवं कांकेर के मतगणना स्थल का अवलोकन कराया गया, साथ ही मतगणना को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए की गई व्यवस्था के संबंध में जानकारी दी गई।

कृषि महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा देश के उच्च कृषि संस्थाओं का किया शैक्षणिक भ्रमण

पायनियर संवाददाता ➤ कांकेर
www.dailypioneer.com

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर एवं अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय कांकेर के अनुमोदन उपरांत कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, कांकेर के तृतीय वर्ष द्वितीय सेमेस्टर 2018-19 में अध्ययनरत विद्यार्थीयों को सात दिवसीय राष्ट्रीय स्तर के कृषि संस्थानों में शैक्षिणिक भ्रमण प्रभारी डॉ. जीवन लाल नाग, सह-प्राध्यापक एवं डॉ. दीपिका देवदास, सहायक-प्राध्यापक कराया गया। यह भ्रमण उनकी उपाधी (पांचवा डीन) प्राप्त करने के लिये अनिवार्य है। इसके लिये पहले देश के प्रसिद्ध राष्ट्रीय संस्थानों का चयन किया गया वहां के निर्देशक/अधिष्ठाता/वरीष्ठ वैज्ञानिकों से इमेल एवं फोन के माध्यम से पूर्व में चर्चा करके एवं इनसे रहने एवं खाने का व्यवस्था का अनुमति उपरांत यह शैक्षिणिक भ्रमण 3 मई से 14 मई तक किया गया जिससे पहले भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली का प्रगण किया गया जहां पर लगभग 33 विद्यार्थीयों द्वारा उक्त केन्द्र में कृषि में प्रयोग हो रहे ई तकनीकी एवं वारीकीयों के बारे में ज्ञान प्राप्त किये। मृदा विज्ञान विभाग में डॉ. एस.पी.दश्श्रा, प्राध्यापक एवं प्रमुख वैज्ञानिक द्वारा मृदा विज्ञान संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई साथ ही छात्र-छात्राओं को भविष्य में आगे ब?ने के लिए अभिप्रेरित व्याख्यान दिया गया। डॉ. एम.सी.मीना, प्रमुख वैज्ञानिक द्वारा जैसे महत्वपूर्ण अग्रिम विश्लेषात्मक उपकरणो की जानकारी तथा अधिक रासानिक उर्वरको एवं मेटल से होने वाले स्वास्थ्य संबंधित दुष्परिणाम की व्याख्या की गई एवं डॉ. मंदिरा बरमन द्वारा डमजमत संबंधित जानकारी दी गई तत्पश्चात भारतीय कृषि अनुसंधान नई दिल्ली के केन्द्रीय प्रोटेक्टेट कष्टीवेर मे डॉ. ए.के.सिंग प्रमुख वैज्ञानिक द्वारा बताया गया

संवेदनशील पौधे व उच्च आयतन वाले सब्जियों जैसे टमाटर, खीरा, खरबूजा, झरवेरा, आर्फिस, पपीता, इत्यादि फसल के पूरे वर्ष उत्पादन एवं किसानो को इनके लाभ की जानकारी दी गई। तत्पश्यात् डॉ. गीरीश शर्मा द्वारा एटीफ सेन्टर का भ्रमण एवं किसानों को दी जाने वाली मत्वपूर्ण जानकारी के बारे में बताया गया साथ ही पात्प् में हो रहे अनुसंधानों, नई किस्मों एवं नई कृषि तकनिकीयों को चलचित्र के माध्यम से बताया गया एवं फसल म्यूजियम का भी अवलोकन डॉ. राजेन्द्र सिंह द्वारा कराया गया।

इसी प्रकार खांलसा कृषि महाविद्यालय अमृतसर में डॉ. रनदीप कौर बाल, विभाग प्रमुख द्वारा महाविद्यालय में चल रहे विभिन्न फसलो पर अनुसंधान जैसे-कीन्नु, नाशपत्ती पीच एवं फालसा फल की जानकारी प्रक्षेत्र का भ्रमण के साथ विद्यार्थीयों को दिया गया।फिर पंजाब कृषि विश्वविद्यालय लुधियाना में मधु मक्खी पालन, मसरूम उत्पादन एवं फसलों म्यूजियम का अवलोकन किया गया। इसी प्रकार डॉ.बी.पी. मिश्रा, निदेशक मशरूम, सोलन द्वारा में मशरूम की खेती की नई -नई तकनीकी के बारे प्रायोगिक बताया गया।फिर सेन्ट्रल पोटेटो रिसर्च संस्थान शिमला में आलू की खेती के टीसूकल्चर, प्रसंस्करण एवं हाड्रोपोनिक (बिना मिट्टी व जमीन के) जैसे उच्च तकनीक का अवलोकन किया गया कल्लू एवं मनाली में राष्ट्रीय पुरुस्कार 2014 से सम्मानित कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं संस्था प्रमुख डॉ. के.सी.शर्मा द्वारा कृषि प्रक्षेत्र का प्रायोगिक अवलोकन कराया गया जहां पर गेहू की खेती, जई खेती, सेव की खेती, नासपत्ती की खेती एवं पीच की खेती का विस्तार से बताया गया। शैक्षणिक भ्रमण का मुख्य उद्देश्य हैः- शिक्षित युवा वर्ग को शैक्षिणक भ्रमण शिक्षा का अंग है जिससे पुस्तको के ज्ञान प्राप्त करते है उसका प्रमाणीकरण करना है जिसे शिक्षा कठिन होता है जबिक उसी चीज को शैक्षिणक भ्रमण करते है वो सभी ज्ञानेन्द्रिया से प्रायोगिक ज्ञान प्राप्त करना होता है।

विद्यार्थीयो के शैक्षणिक भ्रमण का मुख्य उद्देश्य : सोचने-समझने की शक्ति का विकास, आत्मविश्वास ब?ाना एवं निर्णय लेने की क्षमता शिक्षा के स्तर के माप में विकास करना। विषयों में गुणवता का विकास विभिन्न प्रदेशो के वातावरण अनुसार हो रहे कृषि वैज्ञानिक शोध की जानकारी प्राप्त करना एवं अपने प्रदेश में वही कृषि तकनीकी को लागू करना सामुहिक चर्चा कर विषय एवं नैतिक विकास करना राष्ट्रीय स्तर पर स्नानतक के परीक्षा में कैसे तैयारी करे कांकेर एवं बस्तर जिला में कृषि एवं उन्नत तकनीकी को अधिक से अधिक उपयोग कर अधिकतम दोहन करके प्राकृतिक संतुलन बनाये रखना।राष्ट्रीय स्तर पर कृषि के विभिन्न आयामों में हो रहे अनुसंधान को किसानो तक पहुचाकर उनको अधिक से अधिक लाभ पहुचाना है।

बच्चों के संपूर्ण व्यक्तित्व विकास में सहायक होगा समर कैंप : कलेक्टर

प्रतिभागी छात्रों को कलेक्टर ने किया पुरस्कृत, समर कैंप 2019 का हुआ रंगारंग समापन

पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

जिला प्रशासन कोण्डागांव द्वारा आयोजित समर कैंप का रंगारंग समापन हुआ। उल्लेखनीय है कि विभिन्न विभागों की सक्रिय भागीदारी एवं सहभागिता से बच्चो के शारीरिक, मानसिक,नैतिक, बौद्धिक, कला और कौशल विकास के साथ ही सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से जिला स्तरीय समर कैंप का आयोजन किया गया था। समर कैंप का मुख्य आकर्षण बच्चों की रुचिअनुरुप नाना प्रकार की गतिविधियों का समायोजन था। इसके अंतर्गत प्रत्येक विद्यार्थियों को अपनी पसंद की गतिविधियों का चयन कर प्रषिक्षण प्राप्त करने का अवसर दिया गया। इसके तहत खेलकूद में कबड्डी, वॉलीवाल, शतरंज, तैराकी, जूडो, तीरंदाजी, फुटबाल, कैरम, बैडमिंटन और टेबल-टेनिस तथा अन्य कलात्मक गतिविधियों में आर्ट, पेंटिंग, ड्राईंग, क्राफ्ट, नृत्य, इत्यादि कलाओं को भी सम्मिलित किया गया था। इनके अलावा बच्चों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण हेतु वरिष्ठ कोच भी उपलब्ध कराये गए थे। जिससे प्रतिभागियों में कला के प्रति रुचि और भी बढ़ी। समर कैंप के आयोजन स्थल के रुप में जिला प्रशासन द्वारा रजबंधा तालाब के किनारे स्थित पार्क का चयन किया गया था। जहां प्रतिदिन योगाभ्यास के पश्चात बच्चे विभिन्न गतिविधियों में हिस्सा लेते थे तथा शारीरिक व्यायाम खत्म करने के उपरांत बच्चो को पौष्टिक स्वल्पाहार भी दिया जाता था।

21 मई को समापन अवसर पर उपस्थित जिला कलेक्टर नीलकंठ टीकाम ने कहा कि समर कैंप के अभियान का संपूर्ण उद्देश्य केवल यह नहीं है कि ग्रीष्मकालीन अवकाश में बच्चे अपने अवकाश का सही उपयोग करना सीखे बल्कि इस अवधि में उनका संपूर्ण व्यक्तित्व विकास को एक नई दिशा मिले। इस कैंप के द्वारा उन्हें बहुत सी चीजे सीखने का अवसर दिया गया जिसका उपयोग वे कैंप बंद होने के बाद भी जारी रख सकेंगे। इस प्रकार बच्चों के भविष्य पर एक सकारात्मक छाप छोड़ना ही जिला प्रशासन का मुख्य उद्देश्य था। उन्हें आशा व्यक्त किया कि समर कैंप के नियमों को अपने दिनचर्या में लाने से सभी प्रतिभागी अपने उज्जवल भविष्य का निर्माण कर सकते है। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ नुपूर राशि पन्ना ने भी बच्चों को शुभकामना देते हुए कहा कि जिला प्रशासन के अथक प्रयासों से एक शानदार आयोजन सम्पन्न हुआ और आज इस समर कैंप की चर्चा पूरे राज्य में हो रही है। इस दौरान विभिन्न गतिविधियों में शामिल विजेता प्रतिभागी बच्चो को जिला कलेक्टर द्वारा प्रमाण पत्र, स्मृति चिन्ह एवं अन्य पुरस्कार भी दिए गए। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर पवन कुमार प्रेमी, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास जी.एस.सोरी, वरिष्ठ खेल अधिकारी अषोक उसेण्डी, सीएमओ सूरज सिंह सिदार, पीटीआई ऋषि देवसिंग, इरषाद अंसारी, उगश मरकाम सहित खेल एवं युवा कल्याण विभाग के कर्मचारी एवं बड़ी संख्या बच्चे उपस्थित थे।

आतंकवाद का मुकाबला करने कमिश्नर ने दिलाई शपथ

जगदलपुर। बस्तर संभाग के कमिश्नर अमृत कुमार खलखो ने आज आतंकवाद विरोध दिवस के अवसर पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सभी प्रकार के आतंकवाद और हिंसा का डटकर विरोध करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर उपायुक्त द्वय जदुबीर राम, एस के सिदार सहित सभी अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने लिया मतगणना केंद्र का जायजा

सुबह 7 बजे खुलेगा स्ट्रांग रूम, आब्जर्वर-राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि रहेंगे उपस्थित

पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

लोकसभा निर्वाचन-2019 के लिए मतों की गणना करने शासकीय गुण्डाधूर महाविद्यालय कोण्डागांव में स्थापित सीलबंद स्ट्रांग रूम 23 मई को मतगणना के दिन सुबह सात बजे आब्जर्वर, रिटर्निंग आफिसर और राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोले जायेंगे। इस दौरान स्ट्रांग रूम खोलने की पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी करायी जायेगी। स्ट्रांग रूम से ही ईव्हीएम मशीनों की कंट्रोल यूनिट मतगणना कक्ष तक पहुंचेंगी और आठ बजे से मतों की गणना शुरू होगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नीलकंठ टीकाम ने जिला मुख्यालय स्थित मतगणना केंद्र शासकीय गुण्डाधूर महाविद्यालय पहुंचकर 23 मई को होने वाली मतगणना हेतु की जा रही तैयारियों का जायजा लेने के साथ-साथ मतगणना सहायको को मतगणना स्थल की संपूर्ण व्यवस्था, टेबूलेशन आदि कार्य के संबंध में जानकारी दी। इसके साथ ही कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग को पर्याप्त संख्या में टेन्ट, बेरिकेटिंग, मतगणना कक्ष की व्यवस्था, फर्नीचर, मीडया सेंटर बनाने, इंटरनेट कनेक्टिविटी एवं टेलीफोन व्यवस्था, साफ सफाई, अग्निशमन, पीने के पानी की व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग के लिए स्थान आरक्षित करने तथा संबंधित अधिकारियों को स्टेशनरी प्रपत्र, आवश्यक सामग्री, फोटोग्राफी मशीन, कंप्यूटर, प्रिंटर, स्केनर, आपरेटर, लाइट व साउण्ड सिस्टम सहित सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। इस दौरान पुलिस अधीक्षक सुजीत कुमार, सीईओ जिला पंचायत नुपूर राशि पन्ना, डिप्टी कलेक्टर आस्था राजपूत, उप जिला निर्वाचन अधिकारी डी.आर.ठाकुर सहित मतगणना से संबंधित अधिकारी और कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

पेड़ से गिरी महिला, खाट पर लादकर 108 तक पहुंचाया

खराब सड़कें ग्रामीणों की सुविधाओं को करती है प्रभावित

पायनियर संवाददाता ➤ गीदम
www.dailypioneer.com

खराब सड़के व जगह.जगह नक्सलियों द्वारा काटी गई सड़कों से ग्रामीणों की मूलभूत सुविधाओं पर भारी असर पड़ रहा है। इसका सबसे ज्यादा असर ग्रामीणों के स्वास्थ्य सुविधाओं पर पड़ता है ।

जिले के कुआंकोंडा ब्लाक अंतर्गत एटेपाल गांव में एक महिला पेड़ से नीचे गिर कर घायल हो गई । घायल महिला को जल्द अस्पताल पहुंचाने परिजनों ने संजीवनी एक्सप्रेस को सूचना दी । घायल महिला को इलाज के लिए कुआंकोंडा स्वास्थ्य केंद्र लाया गया । जहां महिला का इलाज जारी है ।

बताया जा रहा है इस घटना से महिला का बांया पैर फैक्चर हो गया है । घटना मंगलवार दोपहर की है । पेड़ से गिरने के बाद महिला के परिजनों ने समय से अस्पताल पहुंचने 108 संजीवनी एक्सप्रेस को सूचना दी । सूचना के बाद वाहन कुआंकोंडा ब्लाक के एटेपाल गांव तो पहुंची लेकिन कटी सड़कों की वजह से घटना स्थल तक नहीं पहुंच पाई । परिजनों ने घायल महिला को खाट में रखकर संजीवनी एक्सप्रेस तक पहुंचाया।

बताया जा रहा है कि एटेपाल गांव पहुंचने तक 108 को मशक्कत करनी पड़ी। यहाँ खराब सड़कों के बीच गांव तक पहुंचना संजीवनी एक्सप्रेस के लिए मुश्किल भरा था । फिर भी महिला को अस्पताल पहुंचाने वाहन खराब सड़कों का सामना करते दौड़ती रही। अंदरूनी क्षेत्र में

उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारी सम्मानित

पायनियर संवाददाता ➤ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

बस्तर संभाग के कमिश्नर अमृत कुमार खलखो और पुलिस महानिरीक्षक विवेकानंद सिन्हा ने लोक सभा चुनाव में उत्कृष्ट कार्य करने वाले जिले के अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशिस्त पत्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कलेक्टोरेट के प्रेरणा हॉल में आयोजित एक संक्षिप्त कार्यक्रम में विभिन्न प्रकोष्ठों के नोडल अधिकारियों सहित 223 कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर डॉ. अय्याज तम्बोली, पुलिस अधीक्षक श्री डी.श्रवण, डीएफओ श्री एस. जगदीशन, अपर कलेक्टर जगदीश सोनकर, और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभात मलिक, अपर कलेक्टर अरविंद एक्का विशेष रूप से उपस्थित थे।

कमिश्नर खलखो ने इस अवसर पर अधिकारियों और कर्मचारियों शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बस्तर की परिस्थितियां प्रदेश के मैदानी क्षेत्रों से बिल्कुल भिन्न है। उन्होंने कहा कि बस्तर सदैव ही कौतुहल का विषय रहा है तथा विधानसभा निर्वाचन के दौरान बिलासपुर में पदस्थ होने के बावजूद यहां पल-पल की नजर रखी। लोकसभा निर्वाचन के दौरान स्वयं यहां मौजूद रहकर विपरीत परिस्थितियों के बावजूद निर्वाचन कार्य में लगे कर्मचारियों और मतदाताओं का उत्साह देखा। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के प्रति यहां के लोगों का प्रेम और समर्पण न केवल प्रशंसनीय है, बल्कि यह प्रेरणादायी भी है। उन्होंने कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. अय्याज तम्बोली की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में लोक सभा चुनाव के लिए मतदान ना केवल शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ बल्कि मतदान का प्रतिशत भी बढ़ा। यह इस अंचल के लोगों में लोकतंत्र के प्रति बढ़ती आस्था को दर्शाता है। श्री खलखो ने जिन अधिकारी-कर्मचारियों को सम्मानित किया गया, उन्हें बधाई देते हुए कहा कि जिन्हें यह सम्मान नहीं मिला, उन्हें निराश होने की जरूरत नहीं है, क्योंकि चुनाव के इस महापर्व में उनका योगदान भी किसी से कम नहीं है। पुलिस महानिरीक्षक विवेकानंद सिन्हा ने कहा कि विधानसभा की तुलना में इस चुनाव में सुरक्षा बलों की कम कम्पनियां मिलने के बावजूद चुनाव शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ और मतदान का प्रतिशत भी बढ़ा। इससे बस्तर के प्रति बाहर के लोगों का दृष्टिकोण बदलेगा। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण चुनाव के लिए सूचना तंत्र को मजबूत किया गया था। यूथ वालिंटियर तैयार किए गए थे। गांव वालों का भी सहयोग मिला, जिससे निर्विघ्न चुनाव संभव हुआ। कोई अप्रिय घटना नहीं हुई, यह लोकतंत्र की जीत है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभात मलिक ने कार्यक्रम के अंत में आभार व्यक्त किया।

कलेक्टर ने जिले में संचालित योजनाओं की समीक्षा की

नरवा, गरवा, घुरवा, बाड़ी योजना के क्रियान्वयन को सर्वोच्च प्राथमिकता दें

पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

कलेक्टर नीलकंठ टीकाम ने वनांचल ग्राम मयूरडोंगर में चौपाल लगाकर जिले में संचालित राज्य शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर योजनाओं की समीक्षा की।

बैठक में कलेक्टर ने राज्य शासन की महत्वाकांक्षी योजना नरवा, गरूवा, घुरवा और बाड़ी कार्यक्रम के अद्यतन प्रगति की समीक्षा करते हुए लोक सेवा गांरटी अधिनियम के अन्तर्गत प्राप्त आवेदनों का समय सीमा में निराकरण, वनाधिकार अधिनियम के अन्तर्गत प्राप्त निरस्त आवेदन, शहरी भूमि पट्टों का नवीनीकरण, नदियों की भूमि का सीमांकन एवं उस पर हुए अतिक्रमण, जल संरक्षण हेतु किए गए उपाय, सिंचाई रकबा दोगुना करने हेतु तैयार की गई कार्ययोजना और नदियों को प्रदूषण मुक्त कराने हेतु बनाई जाने वाली कार्ययोजना और नदियों के तट पर वृहद स्तर पर वृक्षारोपण की कार्ययोजना की जानकारी ली। इसके साथ ही कलेक्टर ने फूड प्रोसेसिंग, सूक्ष्म एवं मध्यम श्रेणी, लघु वनोपज आधारित एवं कृषि प्रसंस्करण, उद्योगों की स्थापना और प्रस्तावित रोजगार सृजन के संबंध में भी विभागों को बेहतर प्रदर्शन करने को कहा। बैठक में बताया गया कि कोण्डागांव जिले के 47 ग्राम पंचायतों के 47 गांवों में गौठानों का निर्माण किया जा रहा है, इनमें से 5 ग्रामों में मॉडल गौठान का निर्माण पूर्णता की ओर है जबकि ग्राम बड़ेकनेरा (विकासखण्ड-कोण्डागांव) और ग्राम मुरनार (विकासखण्ड-केशकाल) पूर्ण हो चुके है। इसी प्रकार घुरवा कार्यक्रम के तहत पांच विकासखण्डों में 47 ग्राम चिन्हांकित किए गए है। इनमें स्व-प्रेरित घुरवा उन्नयन के लक्ष्य 3100 के विरुद्व जिले में 1860 कृषकों द्वारा स्व-प्रेरित घुरवा उन्नयन किया गया है तथा भू-नाडेप, टांका निर्माण के लक्ष्य 2850 के विरुद्व जिले में 1525 कृषको के अलावा भू-नाडेप टांका निर्माण पूर्ण कर लिया गया है एवं सीईओ कोण्डागांव को 1652 भू-नाडेप टांका निर्माण के प्रकरण तैयार कर स्वीकृति हेतु सूची भेजी गई है। इसी प्रकार बायोगैस संयंत्र निर्माण के लक्ष्य 310 के विरुद्ध 34 कृषको के द्वारा संयंत्र निर्माण किया गया है एवं क्रेडा विभाग को स्वीकृति हेतु 206 कृषकों की सूची भेजी गई है। नरवा कार्यक्रम के अंतर्गत प्रस्तावित कार्यो की जानकारी देते हुए जल संसाधन विभाग द्वारा बताया गया कि विकासखण्ड कोण्डागांव में 2, केषकाल में 2, बड़ेराजपुर में 1, फरसगांव में 1 और माकड़ी में 1 स्ट्रक्चर्स कार्य का प्राक्कलन जिला पंचायत कोण्डागांव को प्रस्तावित है। बैठक के उपरांत जिला कलेक्टर ने एफआरए क्लस्टर के तहत मयूरडोंगर के लाभान्वित हितग्राहियों से चर्चा करते हुए उन्हें व्यवसायिक कृषि अपनाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि हितग्राही अपने भूमि पर सामान्य धान के अलावा सुगंधित चावल की खेती को भी प्राथमिकता दे, जिससे की उन्हें अतिरिक्त आमदनी हो। इसके साथ ही उन्हें कुलथी, कोदो, हिरवा, मड़िया, उड़द जैसी फसले भी उगानी चाहिए। ज्ञात हो कि एफ आरए क्लस्टर मयूरडोंगर में स्थानीय कृषकों को कृषि सहित अन्य विभाग की योजनाओं से लाभान्वित करने हेतु एक महत्वाकांक्षी योजना चलाई जा रही है जिससे स्थानीय कृषकों के जीवन स्तर में काफी सुधार देखने को मिल रहा है। विशेष तौर से मत्स्य और कुक्कट पालन से स्थानीय हितग्राही अपेक्षाकृत लाभान्वित हुए है। ज्ञात हो कि विकासखण्ड कोण्डागांव के अंतर्गत ग्राम मयूरडोंगर में समय-सीमा बैठक रखने का उद्देश्य समस्त विभागों को उक्त ग्राम में पिछले एक वर्ष से चलाये जा रहे विकास कार्यों की प्रगति से अवगत कराना था।

शेख मुर्शीद कर रहे राहगीरों के लिए पेयजल की व्यवस्था

किरंदुल। आने जाने वाले ग्रमीण एवं शहरी लोगों के लिए पानी की कई सालों से गर्मी के दिनों में पानी की व्यवस्था करते है। वाहन चालक भी अपनी गाड़ियों रोककर पानी पिया करते है। शेख मुर्शीद के सराहनीय कार्य को लोगों ने काफी सराहा है। गर्मी के समय लोगों को पेड़ की छांव भी मिले इसके लिये नीम पौधे भी लगाए जो आने वाले सालों में उसकी छांव में लोग विश्राम भी कर सकेंगे। इतना ही मनुष्य तो मनुष्य पक्षी जानवरों के लिए भी पानी की व्यवस्था भी बखूबी करते है। उनसे शेख से जब पूछा गया ये नेक कार्य को करके कैसा लगता है। तो उन्होंने कहा बहुत अच्छा लगता है। सुकून मिलता है। पूरे रमजान महीने में शेख मुर्शीद इस काम को बखूबी निभाते हैं।

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं **SHAHIN BANO W/O LT. MOHAMMED FIROZ** निवासी **H NO 6/25 SHITLA PARA KANKER (C.G.)** यह शपथ करती हूं कि मैने अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम **SHAHEEN BANO W/O LT. MOHAMMED FIROZ** रख लिया है। अत: आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम **SHAHEEN BANO W/O LT. MOHAMMED FIROZ** से ही जाना पहचाना जावे।

SHAHEEN BANO
H NO 6/25 SHITLA PARA KANKER C.G

संपादकीय

नेतृत्व क्षमता का समर्थन

एक्जिट पोल के तत्कालीन संदर्भ

हालांकि, एक्जिट पोल में बताए आंकड़ों के बारे में कुछ संदेह है, पर इसका संबंध चुनावी और गणितीय बहस से है। कुल मिला कर आंकड़े आक्रामक नेतृत्व के प्रति विश्वास प्रकट करते हैं जिसका कोई प्रतिद्वंद्वी नहीं था। समाज के विभिन्न तबकों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता द्विध्रुवीय संदर्भों, पहचान की राजनीति व धार्मिक कार्ड से अलग थी। हालांकि, इन तत्वों का योगदान था, पर प्रमख आर्थिक मुद्दों पर कमजोर प्रदर्शन के बावजूद संभवतः मतदाताओं ने उनको एक मौका देना ठीक समझा। युवा मतदाताओं से लेकर वृद्धों तक ने जीवन्त विकल्प के अभाव में उनको वर्तमान परिस्थितियों में देश को आगे ले जाने के लिए सर्वोत्तम समझा। इस दृष्टिकोण से यह चुनाव संसदीय लोकतंत्र में 'देयर इज़ नो

आल्टरनेटिव'-टीना प्रदर्शित करते हैं। मोदी ने हजारों किसानों और बेरोजगारों में स्वयं को उचित ठहराया कि पांच साल का समय बहुत कम है तथा पांच साल और मिलने पर वे लाभदायक नतीजे दिखा सकते हैं। आखिरकार उन्होंने आवास योजना, शौचालय क्रान्ति तथा सड़कों व ग्रामीण विद्युतीकरण से अन्तिम व्यक्ति को जोड़ने का प्रयास किया है। पिछले वर्षों में उन्होंने राष्ट्रपति शैली में जो मुद्दे उठाए तथा अपने प्रति आकर्षण पैदा किया, उसने संभवतः बड़े मुद्दों को गौण बना दिया। उनके उग्र-राष्ट्रवाद ने वंचित बहुसंख्यकों में नया विमर्श पैदा किया, जबकि अब तक उनको अल्पसंख्यकों के निकट तथा विशिष्ट लोगों के नियंत्रण में माना जाता था। इस प्रकार उन्होंने 'भारत का नया विचार' पेश किया और जनसंख्या संरचना को देखते हुए लाभ उठाया। संरक्षणवाद तथा चरमपंथी नेताओं की वैश्वीकरण-पश्चात वाली दुनिया में मोदी को प्रतियोगी रूप से प्रासांगिक विकल्प की तरह देखा जाता है जो जोखिम उठा सकते हैं तथा झुकने के बजाय अपनी शक्ति के आधार पर लेनदेन कर सकते हैं।निश्चित रूप से इस क्षमता निर्माण में संस्थागत व्यवस्थाओं और मीडिया पर भी सूक्ष्म नियंत्रण शामिल है। फ्रेंच राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रां ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से कहा था, 'राष्ट्रवाद, देशभक्ति से धोखा है।' दुःखद है कि दुनिया तथा भारत की राजनीति इससे अलग नहीं है। खासकर आर्थिक राष्ट्रवाद में घरेलू उद्योग, विनिर्माण, रोजगार और देशी अर्थव्यवस्था को वैश्विक निगमों पर वरीयता मिलती है। मोदी के 'मेक इन इंडिया' की समानता 'बिल्ड अमेरिका फर्स्ट' से है और इस विचार ने नौजवानों को आकर्षित किया है। हमें याद रखना चाहिए कि युवा मतदाताओं का इतिहास से संबंध नहीं है, पर वे समकालीन संदर्भों व बालाकोट जैसे यथार्थ पर त्वरित प्रतिक्रिया करते हैं। इससे स्पष्ट है कि कुछ क्षेत्रीय नेताओं ने स्थानीय संदर्भों में आक्रामकता क्यों दिखाई है। तेलंगाना में केसी राव, आंध्र में चंद्रबाबू नायडू, तमिलनाडु में स्टालिन, बंगाल में ममता बनर्जी या ओडिशा में नवीन पटनायक अपने राज्यों में नेतृत्व कर रहे हैं, भले ही लोकसभा में वे 'राष्ट्रवादी' उभार बाधित करते हों। केन्द्र में प्रभुत्वशाली पार्टी से उनको लेनदेन करना होगा, पर यदि हिंदी हृदयक्षेत्र में वे भाजपा की तरह अपने प्रदेशों में मजबूत बने रहते हैं तथा जनता के बीच अपना आकर्षण बनाए रखते हैं तो उनका अस्तित्व लंबे समय तक बना रहेगा। सवाल है कि मोदी दूसरे कार्यकाल में अपनी विरासत के रूप में एक अखिल भारतीय विमर्श तैयार करेंगे या केवल पालाबदल कर साथ आने वाले नेताओं के आधार पर सत्ता का खेल खेलेंगे? पहले विकास, फिर पहचान की आक्रामक राजनीति व अब भारतीय जनता पार्टी का व्यापक विस्तार कर कार्यकर्ताओं की विशाल फौज खड़ी करने वाले मोदी के पास काफी विस्तृत उपजाऊ जमीन है। संसद में अपने संख्याबल के आधार पर वे राजनेता और तानाशाह के बीच अंतर स्पष्ट कर सकते हैं।

चीनी जासूसी की बढ़ती आशंका

विदेशी जासूसी से अपने नेटवर्क को बचाने के लिए अमेरिका ने एक कार्यकारी आदेश जारी किया है। इस प्रकार अमेरिका ने व्यापक चीनी महत्वाकांक्षाओं पर लगाम लगाने की दिशा में पहला कदम उठाया है।

भूपिंदर सिंह
लेखक पूर्व सैन्य अधिकारी व पूर्व उपराज्यपाल हैं)

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में 'सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी तथा सेवा सप्लाई श्रृंखला सुरक्षित करने' के लिए एक कार्यकारी आदेश जारी किया जो बढ़ती चीनी उपस्थिति तथा प्रभाव रोकने के बारे में किए वादों का प्रभावी क्रियान्वयन है। हालांकि, इस आदेश में किसी देश या कंपनी का नाम नहीं लिया गया है, लेकिन असंदिग्ध रूप से इसका निशाना प्रमुख चीनी कंपनी हुवावेई थी। सुरक्षा सरोकारों को ध्यान में रखते हुए व्हाइट हाउस से जारी बयान में कहा गया कि आदेश 'सूचना एवं संप्रेषण प्रौद्योगिकी व संयुक्त राज्य अमेरिका में सेवाओं पर खतरे को देखते हुए राष्ट्रीय आपातकाल की घोषणा करता है तथा वाणिज्य सचिव को ऐसे लेनदेन रोकने का अधिकार देता है जो अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा तथा उसकी जनता की सुरक्षा व संरक्षा के लिए खतरा हों।' इसके बाद अमेरिकी वाणिज्य विभाग ने हुवावेई को प्रतिबंधित संगठनों की 'उद्यम सूची' में डाल दिया। अमेरिका-चीन व्यापार युद्ध की पृष्ठभूमि में यह अमेरिका का नवीनतम हमला है जिसका चीनी उत्पादों और सेवाओं पर भारी प्रभाव पड़ेगा क्योंकि इससे 'मेड इन चाइना' पर सवाल उठता है। प्रमुख चीनी संगठनों के मामले में सरकार-उद्योग संबंध महत्वपूर्ण हैं जिसका प्रभाव स्वामित्व, हितों तथा कामकाज के तरीकों से है। ट्रंप द्वारा उठाए गए अधिकांश एकपक्षीय निर्णयों के उलट इस कार्यकारी आदेश का अमेरिका की विभिन्न राजनीतिक पार्टियों ने समर्थन किया है। इससे अमेरिकी जनता में चीन से पैदा होने वाले खतरे पर सहमति स्पष्ट होती है। हुवावेई पर कार्रवाई पिछले कुछ समय से प्रस्तावित थी और अमेरिका अन्य पश्चिमी देशों से भी ऐसी कार्रवाई करने के लिए तलवार भांज रहा था। हालांकि, आस्ट्रेलिया ने इस चेतावनी पर गौर करते हुए पहले ही हुवावेई पर प्रतिबंध लगा दिया था, पर यूरोपीय देश अमेरिकी गंभीरता के बारे में शंकालु थे। इस तथ्य को देखते हुए कि चीनी बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने अफ्रीका, लैटिन अमेरिका व एशिया में एरिक्सन व नोकिया जैसी यूरोपीय कंपनियों की बाजार हिस्सेदारी पर कब्जा किया है, पश्चिमी देशों की राजधानियों में प्रतिक्रिया स्वरूप संरक्षणवाद उभर सकता है। ये देश चीन की तरह अपने संगठनों का समर्थन करना चाहते हैं।

अमेरिका ने अतिवादी कदम उठाते हुए अपने सहयोगियों को धमकी दी है कि यदि वे हुवावेई जैसे चीनी निर्माताओं को अपने देशों में 5जी ढांचे के निर्माण से नहीं रोकते हैं तो उनको 'खुफिया' जानकारियां देनी बंद कर दी जाएंगी। उसे भय है कि नए इंटरनेट ढांचे में संभवतः ऐसे औद्योगिक उपकरण, व्यक्तिगत आंकड़े, सुरक्षा कैमरे व नागरिक सुविधायें 'जोड़ी' जा सकती हैं जो डेटा को चीनी नियंत्रण में भेज सकते हैं। ऐसे में यदि चीन संकट पैदा करना चाहे तो वह अमेरिकी सैनिक-आर्थिक-सिविक ढांचे के वर्चुअल 'शटडाउन' जैसी स्थिति पैदा कर सकता है। चीनी महत्वाकांक्षाओं, निवेश तथा रणनीतिक दृष्टिकोण को देखते हुए अमेरिका में डेटा संरक्षण के बारे में ऐसी आशंकायें निराधार नहीं हैं। जैसी कि उम्मीद थी, चीन ने अमेरिकी कदम को 'शीतयुद्ध मानसिकता' बताते हुए उसके भय को निराधार कल्पना बताया है। लेकिन चीनी संगठन की संरचना तथा उसके मूल स्थान

> चीनी पहले से ही खासकर रक्षा उपकरणों और समग्र सुरक्षा तैयारी के संबंध में रिवर्स इंजीनियरिंग तथा वैध व अवैध रूप से तकनीक पाने में माहिर हैं। लेकिन तकनीक के संभावित दुरुपयोग या 'लीकेज' के बारे में चीनी संगठनों पर सवाल उठाने व उन पर प्रतिबंध लगाने के पहले समुचित सतर्कता तथा प्रमाण दिए जाने चाहिए

व मुख्यालय को नियंत्रित करने वाले चीनी नियमों को देखते हुए निश्चित है कि वह चीनी राज्य सुरक्षा मंत्रालय के आदेश मानने को बाध्य होगा। अधिकांश चीनी उद्यमों की तरह हुवावेई की महत्वपूर्ण स्थिति उसकी सस्ती प्रौद्योगिकी तथा व्यापार की शर्तों के कारण है। लेकिन हालिया अमेरिकी कदम ने चीनी कंपनियों के मामले में एक 'गैर-वाणिज्यिक' आयाम जोड़ दिया है। फार्चून पत्रिका के अनुसार पिछले साल सर्वोच्च 500 वैश्विक कंपनियों में अभूतपूर्व रूप से 120 चीनी कंपनियों को स्थान मिला था, जबकि नेतृत्वकारी देश समझे जाने वाले अमेरिका को केवल 126 कंपनियों से संतोष करना पड़ा था। चीनी कंपनियों के अचानक उभार का कारण चीनी संगठनों की जटिल वाणिज्यिक-राजनीतिक संरचना है जो अधिकांश कार्पोरेट-प्रेक्षकों को उनके असली स्वामित्व व नियंत्रण ढांचे के बारे में भ्रमित करती है। 1987 में हुवावेई की स्थापना पीपुल्स लिबरेशन आर्मी-पीएलए के पूर्व अधिकारी रेन झेंगफेई ने की थी, जबकि वर्तमान समय में इस कंपनी में उनका हिस्सा केवल एक प्रतिशत है। यह 106 बिलियन डालर की विशाल कंपनी बन गई है जो शोध एवं विकास-आर एंड डी पर 14 बिलियन डालर खर्च करती है।

अपने विशाल आकार, आयाम और प्रतियोगी क्षमता के साथ ही पिछले साल इसकी 21 प्रतिशत असाधारण वृद्धि हुई। वर्तमान समय में यह दुनिया भर के सर्वोच्च 50 टेलीकाम आपरेटरों में से 45 की सेवा करती है और इसका नेटवर्क एक-तिहाई मानवजाति तक फैल चुका है। ऐसे में हुवावेई की असाधारण तेज वृद्धि, पहुंच तथा इस वृद्धि के पीछे 'अदृश्य-हाथ' पर सवाल उठते हैं। इसकी व्यापक उपस्थिति तथा तीसरी-दुनिया के कुछ देशों की ढांचागत संरचना की अपरिहार्य आवश्यकता के कारण इन देशों में उसके उत्पादों पर 'प्रतिबंध' लगाना आसान नहीं होगा। हालांकि, यह 'मेड इन चाइना' पर अमेरिकी प्रतिबंधों के कारण पड़ने वाले प्रभावों की निश्चित रूप से शुरुआत है जो कार्पोरेट उद्यमों से बाहर जाते हैं। आंशिक रूप से वास्तविक आशंकाओं तथा आंशिक रूप से बढ़ते व्यापार युद्ध के कारण नवीनतम अमेरिकी हमला विशाल चीनी अवस्थापना पर पहला प्रभावशाली आक्रमण है, जिसकी आवश्यकता पर अब तक परोक्ष रूप से बात होती थी। चीन ने भी लगभग स्पष्ट रूप से अमेरिका पर खतरों की याद दिलाई है। उसने कहा है कि क्वेलकाम जैसे अमेरिकी संगठन अपना आधा राजस्व चीन से प्राप्त करते हैं। यही स्थिति इंटेल व एपल की है जो चीनी हिस्सों-पुर्जों व बाजार पर निर्भर हैं। चीन के अनेक रणनीतिक संप्रभु प्रयासों जैसे 'वन बेल्ट, वन रोड' तथा संप्रेषण में हाइपर स्पीड व 5जी क्षमतायें प्रदान करने वाली 'डिजिटल सिल्क रोड' में हुवावेई जैसे संगठनों की केन्द्रीय भूमिका है जो 'इंटरनेट आफ थिंग्स' को बढ़ावा दे रहे हैं। साइबर व आर्टीफिसियल इंटेलीजेंस-एआई में सुपरपावर बनने की चीनी संप्रभु इच्छा को चीनी राज्य का समर्थन प्राप्त है और वह इस मामले में अनेक आक्रामक व संदिग्ध निवेश कर रहा है। इससे दुनिया घबरा गई है और इसे चीनी महत्वाकांक्षाओं तथा संसाधनों की बेलगाम भूख की तरह देखा जा रहा है। अद्यतन तकनीक के विकास की प्रतिबद्धता के कारण चीन ने अनेक 'स्पिन-आफ' प्रयोगों और डेटा-शेयरिंग को बढ़ावा दिया है जिससे पश्चिमी दुनिया चिन्तित है। चीनी पहले से ही खासकर रक्षा उपकरणों और समग्र सुरक्षा तैयारी के संबंध में रिवर्स इंजीनियरिंग तथा वैध व अवैध रूप से तकनीक पाने में माहिर हैं। लेकिन तकनीक के संभावित दुरुपयोग या 'लीकेज' के बारे में चीनी संगठनों पर सवाल उठाने व उन पर प्रतिबंध लगाने के पहले समुचित सतर्कता तथा प्रमाण दिए जाने चाहिए क्योंकि वैश्विक अर्थव्यवस्था में प्रचलित न्यायिक सिद्धान्तों का उल्लंघन नहीं होना चाहिए। अब जिम्मेदारी चीन पर भी है कि वह पारदर्शिता का प्रदर्शन करते हुए अपने कार्पोरेटों पर नियंत्रण व कमांड संरचना के बारे में दुनिया को आश्वस्त करे ताकि उसके संप्रभु इरादों व महत्वाकांक्षाओं के बारे में कोई गलतफहमी न पैदा हो। दुर्भाग्य से अपने इतिहास को देखते हुए चीन के लिए अपने इरादों के बारे में दुनिया को समझाना आसान काम नहीं होगा।

जेनरिक औषधियां बनाम गुणवत्ता के मानक

तनुप्रिया
(लेखिका यूएनडीपी की परियोजना अधिकारी हैं)

हाल के समय में, भारत की पहचान दुनिया के दवाखाने के रूप में होती है, और वह अनेक देशों को सस्ती औषधियों की आपूर्ति कर रहा है। इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता कि दुनिया का दवाखाना तेजी से प्रगति कर रहा है और अपनी पूर्ण क्षमता के साथ काम कर रहा है। घरेलू बाजार 2016-17 में बढ़कर 1.1 खरब रुपए का हो गया। भारत वैश्विक निर्यात में 20 प्रतिशत का हिस्सेदार है, जिससे दुनिया में हमारी स्थिति स्पष्ट होती है। भारतीय दवा बाजार- आईपीएम, में 2016 से 2021 के बीच 9 से 12 प्रतिशत वृद्धि की उम्मीद है। स्वास्थ्यरक्षा क्षेत्र में सरकारी खर्च आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं के कारण बढ़ रहा है जिससे निकट भविष्य में घरेलू बाजार का और विस्तार होगा। लेकिन यह तस्वीर का केवल एक पक्ष है। दूसरा पक्ष विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा निर्धारित मानक प्रक्रियाएं हैं। इसके साथ ही, पश्चिमी औषधि नियामक जैसे फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन-एफडीए, आयात के लिए जिन मानकों का सुझाव इते हैं उनकी अकसर अनदेखी की जाती है। हालांकि, दवाओं के इसी बैच का निर्यात करने के मामले में भारत निर्धारित आवश्यकताएं, बेहतर प्रयोगशाला गतिविधियां (जीएलपी), श्रेष्ठ विनिर्माण (जीएमपी), तथा श्रेष्ठ क्लीनिकल गतिविधियां (जीसीपी) का पालन करता है।

गुणवत्तापूर्ण औषधि निर्माण पर भारत का दृष्टिकोण : अनेक विनिर्माता इकाइयों ने जानबूझकर औषधि उत्पादों के लिए डब्लूएचओ के जीएनपी का पालन नहीं किया है, न वे जीएलपी का व्यवहार करते हैं। भारत में 12,000 निर्माण इकाइयां हैं, मगर उनमें से केवल 25 प्रतिशत जीएनपी मानकों का प्रयोग करते हैं। इसके साथ ही, भारत में राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त प्रयोगशालाएं बहुत कम हैं।

62,000 औषधि उत्पादों की मांग पूरी करने के लिए उपयुक्त व विशेष उद्योग पर लक्षित औषधि परीक्षण प्रयोगशालाएं होनी चाहिए। लेकिन, वर्तमान समय में केवल 47 परीक्षण सुविधाएं सूचीबद्ध हैं, जो राष्ट्रीय जीएलपी कार्यक्रम में आती हैं। इसमें, छह केंद्रीय

प्रयोगशालाएं प्रतिवर्ष लगभग 8,000 औषधि नमूनों की जांच कर सकती हैं। इसके परिणामस्वरूप, क्षमता बाधित होती है तथा उद्योग जनता की मांग पूरी नहीं कर पाता है। इसका एक महत्वपूर्ण नकारात्मक परिणाम कम उत्पादन व कम गुणवत्ता वाली दवाएं हैं। इससे एक बीस्ट दवा प्रतिरोधक व्याधि सामने आई है। उदाहरण के लिए, जब जब क्षयरोग के एक स्ट्रेन पर औषधियों के खराब मानक का प्रयोग किया जाता है तो यह स्ट्रेन एंटीबायोटिक प्रतिरोधक बन जाता है। इसलिए, दवा उद्योग के सामने अनेक समस्याएं पैदा हो रही हैं, जिनके कारण औषधि प्रतिरोध भारतीय स्वास्थ्य क्षेत्र को प्रभावित कर रहा है।

जन औषधियों का मामला : सरकार ने 2015 में, बहुद्देशीय स्टालों के माध्यम से प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना केंद्र के अंतर्गत जनौषधियों को बढ़ावा दिया। इससे केवल जेनरिक औषधियों को बढ़ावा मिला है। इस कार्यक्रम का लक्ष्य सबको, खासकर गरीबों व वंचित तबकों के सस्ते मूल्य पर औषधियां उपलब्ध कराना है। इससे स्वास्थ्यरक्षा पर लोगों के खर्च में कमी आती है।`लेकिन, स्वास्थ्यरक्षा को सबकी पहुंच में लाने तथा आम आदमी को लाभान्वित करने वाली इस योजना में अपनी जटिलताएं हैं। केवल पिछले 20 दिनों में गुणवत्ता की कमी के कारण पांच दवाएं जनौषधि भंडारों से वापस ली गई हैं। जनवरी व मार्च के बीच छह अन्य दवाएं भी वापस ली गई थीं। इस प्रकार, 2018 के पहले चार महीनों में 11 औषधियां वापस ली गई हैं, जबकि 2017 में भी 11 औषधियां वापस ली गई थीं। भारत में, इस प्रकार दवाएं वापस लेने का मामला असामान्य है, जिससे कोई कम्पनी गंभीर समस्या में फंस सकती है। इसमें कानूनी कार्रवाई, निर्यात पर प्रतिबंध व वित्तीय नुकसान शामिल हैं। उत्पाद के खराब होने, प्रदूषित होने, बाहरी तत्व के शामिल होने, मानक पूरे न करने या गलत ब्रांडिंग के कारण दवाएं वापस ली जाती हैं। गुणवत्ता, खरीद में पक्षपात, अनुचित मिश्रण, समय पर उपलब्धता न होना व सही औषधि न होने जैसे अन्य मुद्दे भी इसमें शामिल हैं। आपूर्ति व गुणवत्ता सुनिश्चित किए बगैर जनौषधि केंद्र खोलने तथा स्वास्थ्य बजट में समुचित वृद्धि न करने से सबको स्वास्थ्य जैसा जनांदोलन विफल होना अपरिहार्य है। क्या हम संदिग्ध गुणवत्ता वाली दवाओं को केवल इसलिए प्रोत्साहित कर सकते हैं कि वे सस्ती हैं? भारतीय औषधि बाजार के समक्ष आज यह सवाल खड़ा हुआ है। रोगी को भ्रमित करना, स्वस्थ औषधि परिवेश का लक्षण नहीं है। ब्रांडेड व गैर ब्रांडेड जेनरिक दवाओं की प्रभावशीलता के बारे में रोगियों में जागरूकता की कमी है। सरकार द्वारा डाक्टरों को अनिवार्य रूप से जेनरिक औषधियां लिखने के आदेश का उद्देश्य केमिस्टों का गठजोड़ तोड़ना है। मगर, इससे अक्षमता तथा गुणवत्ता मानकों में कमी आई है। इस कारण सबको स्वास्थ्य कवरेज प्राप्त करने के प्रयास भी कमजोर हुए हैं। केवल जेनरिक्स को भले ही उपमहाद्वीप में समर्थन मिल रहा हो, मगर लाखों लोग इससे प्रभावित हो रहे हैं, जो केवल मूल्य के बजाए गुणवत्ता को भी पसंद करते हैं। घरेलू बाजार में व्यवस्थित रूप से प्रवेश कर रहे ब्रांडों को किनारे करने के लिए सस्ते विकल्पों को समाज कल्याण की भावना से नहीं देखा जा सकता। दवा का प्रयोग चाहे निर्यात के लिए हो या घरेलू उपभोग के लिए, उसका निर्माण डब्लूएचओ द्वारा निर्धारित सुरक्षा प्रोटोकाल के अंर्तगत ही होना चाहिए। परिणामों के आधार पर विश्वास जीतने वाली किसी दवा का मरीज द्वारा प्रयोग अचानक बंद कर देना अनुचित है। हम केवल जेनरिक्स पर विश्वास कर कहीं नहीं पहुंचेंगे, क्योंकि वे अपने निर्यात किए जाने वाले विकल्पों की तुलना में सुरक्षा मानकों में खराब होती हैं।

फरमाया

मैंने राज्यपाल को विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने के लिए लिखा है। हम मुद्दों पर चर्चा तथा सरकार का शक्ति परीक्षण चाहते हैं।

- गोपाल भार्गव
विधानसभा में नेता विरोधी दल

भाजपा पहले दिन से प्रयासरत है। मैंने चार बार बहुमत सिद्ध किया है। वे फिर ऐसा चाहते हैं। मुझे कोई समस्या नहीं है।

- कमलनाथ
मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री

मीडिया नेताओं के बारे में क्या सोचता है? क्या हम आपको कार्टून लगते हैं? हर चीज का मजाक उड़ाने का अधिकार आपको किसने दिया है?

- एचडी कुमारस्वामी
कर्नाटक के मुख्यमंत्री

आप की बात

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।
www.dailypioneer.com

कर्ज व्यवस्था में सुधार हो

वास्तव में अनेक प्रकार की कर्ज धोखाधड़ी तथा गैर-निष्पादित आस्तियों के मामले भी इन बैंकों में रहे हैं, चाहे वे विक्रम कोठारी के नाम पर हों या विजय माल्या के। जिन मामलों में अनेक बैंक शामिल रहे हैं उनमें भी कोई भारतीय निजी बैंक या विदेशी बैंक भारतीय राष्ट्रीयकृत बैंकों जितना संलिप्त नहीं रहा है। वास्तव में पिछले कुछ दशकों में सभी बड़े घोटालों का जन्म भारत में हुआ है और उनमें कोई राष्ट्रीयकृत बैंक शामिल रहा है, चाहे वह केतन पारिख का मामला हो या हर्षद मेहता का। हर बार कोई घोटाला होने पर टिप्पणीकार अपना सिर हिलाते हुए भारत के सार्वजनिक क्षेत्र बैंकों में सुधार की आवश्यकता बताते हैं। लेकिन इस बार सुधारों के प्रति कुछ गंभीरता दिखाई दे रही है। भारतीय करदाताओं के पैसे से भारतीय सार्वजनिक क्षेत्र बैंकों के लगातार पुनः पूंजीकरण की अनुमति नहीं देना जारी नहीं रखना चाहिए। यह मामला केवल पंजाब नेशनल बैंक-पीएनबी का नहीं है। इसका संबंध सभी राष्ट्रीयकृत बैंकों से है चाहे वे छोटे हों या बड़े। इनमें राजनीतिक संरक्षण और भ्रष्टाचार से तय होता था कि कर्ज कैसे दिए जाएं, जिसे अब बदलना आवश्यक है। सुधार शीघ्र लागू होने चाहिए।

- कमल किशोर, कोरबा

ध्यान देने योग्य बात

आसन्न परीक्षा के समय एक एक क्षण का महत्व् एक विद्यार्थी के अतिरिक्त और कोई नहीं समझ या बता सकता है। ऐसे समय में तैयारी के समय में से बहुमूल्य समय को घंटों में लेना कहां तक उचित है। अमूमन फरवरी के दौरान देश भर के शैक्षणिक संस्थाओं में परीक्षा सम्बंधी तैयारी जोरों पर होती है, हर जगह मॉडल परीक्षाए चलती हैं, प्रायोगिक परीक्षाओं के बाह्य परीक्षकों का समय आबंटन किया जाता है। शैक्षणिक सत्र के सबसे व्यस्ततम समय में दौरान विद्यार्थियों सहित सारी मशीनरी को सारे पूर्व सुनिश्चित कार्यो को छोड़ कर अथवा टाल कर घण्टों तक एक स्थान पर बैठने हेतु बाध्य करना स्वास्थ्य परम्परा स्थापित करना प्रतीत नही होता। बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य के लिए तनाव मुक्ति के लिए महत्वपूर्ण कार्यक्रम स्थानीय स्तर पर उनके अभिभावकों शिक्षकों द्वारा उचित समय देख किया जाना ही सही विकल्प होता। माननीय प्रधानमंत्री के सलाहकारों नीति निर्धारकों को इस विषय पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है। ताकि प्रधानमंत्री जी के समय का देश हित के अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों के निराकरण में सदुपयोग हो हो सके।

- विकास गुप्ता, भिलाई

शिक्षा प्रणाली पर चर्चा

देश की शिक्षा व्यवस्था में बदलाव की मांग समय समय पर उठती रहती है। कई शिक्षाविद्, बुद्धिजीवीयो अथवा संघठनो द्वारा सुझाव भी पेश किये जाते है लेकिन हर वर्ष पाठ्यक्रम को बदलना उचित नही है। इतना तो साफ़ है कि मौजूदा शिक्षा व्यवस्था में बड़े बदलाव की आवश्यकता है। हमे इस प्रश्न का जबाब जरूर ढूंढना चाहिए कि हमारे छात्र किस स्थान पर खड़े है। हमारी शिक्षा प्रणाली में बच्चे 100 में से 100 अंक आसानी से हासिल कर लेते है लेकिन ताज़ा रिपोर्ट के मुताबिक 14 प्रतिशत ही युवा देश को नक्शे पर पहचान पाते है। और 64प्रतिशत युवा ही देश की राजधानी नही पहचान पाते हैं। 42प्रतिशत युवा अपने राज्य की राजधानी नहीं पहचान सकते हैं। 76प्रतिशत युवा पैसे सही से नही गिन सकते हैं। आंकड़ों से साफ है कि शिक्षा व्यवस्था पर कार्य करने की आवश्यकता है। ऐसी शिक्षा व्यवस्था लागू करनी चाहिए जहां अंक छोड़कर स्किल आगे हो। इसके लिए शिक्षा प्रणाली में बदलाव किए जाने की आवश्यकता है। सरकार को सोचना होगा।

- अंजनी कुमार, दुर्ग

क्विक न्यूज

दुर्ग संसदीय क्षेत्र में चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों के भाग्य का फैसला आज

बेमेतरा। दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के लिए 21 अभ्यर्थी चुनाव मैदान में है। दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत कुल 09 वि.स. क्षेत्र शामिल है। कलेक्टर बेमेतरा एवं दुर्ग संसदीय क्षेत्र के सहायक रिटर्निंग आफिसर महादेव कावरे ने बताया कि जिला मुख्यालय दुर्ग में दुर्ग जिले के 06 विधानसभा क्षेत्र- पाटन, दुर्ग ग्रामीण, दुर्ग शहर, भिलाई नगर, वैशाली नगर एवं अहिवारा की एवं जिला मुख्यालय बेमेतरा में बेमेतरा जिले के 03 वि.स. क्षेत्र- साजा, बेमेतरा एवं नवागढ़ क्षेत्र की ईवीएम मशीन के मतों की गणना 23 को सवेरे 8 बजे से की जाएगी। अभ्यर्थियों के भाग्य का फैसला 23 मई को होगा। कलेक्टर श्री कावरे ने बताया कि मतगणना उपरांत चुनाव परिणाम की घोंषणा कलेक्टर एवं रिटर्निंग आफिसर दुर्ग द्वारा की जाएगी।

मतगणना आज, सवेरे को खुलेगा स्ट्रांग रूम

बेमेतरा । लोकसभा निर्वाचन 2019 के मतदान के पश्चात कृषि उपज मण्डी परिसर बेमेतरा में स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखे गये ईव्हीएम स्ट्रांग रूम गुरूवार 23 मई को प्रातः 6.00 बजे चुनाव प्रेक्षक की उपस्थिति में खोला जायेगा। इस अवसर पर अभ्यर्थी या उनके निर्वाचन अभिकर्ता उपस्थित रह सकते हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी महादेव कावरे ने बताया कि मतगणना का कार्य प्रातः 8 बजे से शुरू होगा। उन्होंने बताया कि लोकसभा निर्वाचन के बाद साजा, बेमेतरा एवं नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन ;(ईवीएम) कृषि उपज मंडी बेमेतरा में स्थित स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखा गया है। इसकी सुरक्षा में बीएसएफ की एक कंपनी तैनात है।

आब्जर्वर और कलेक्टर ने आवश्यक तैयारियों का जायजा लिया

कवर्धा। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा कबीरधाम जिले के लिए नियुक्त आब्जर्वर टी पामेई और जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर ने 23 मई को होने वाले मतगणना की तैयारियों का जायजा लिया। कवर्धा एवं पंडरिया विधानसभा क्षेत्रों के मतगणना कक्ष का भी निरीक्षण किया और आधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों और मीडिया प्रतिनिधियों की बैठक लेकर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों की भी विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्य पालन अधिकारी कुंदन कुमारए उपजिला निर्वाचन अधिकारी जेके ध्रुव एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।

निष्पक्ष व पारदर्शी तरीके से पूरी होगी मतगणना प्रक्रिया : कलेक्टर

उम्मीदवारों एवं उनके गणना अभिकर्ताओं के अलावा मीडियाकर्मी तथा निर्वाचन कार्य में लगे किसी भी अधिकारी-कर्मचारियों को गणना स्थल पर मोबाईल ले जाने की नहीं होगी अनुमति

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी महादेव कावरे ने कहा कि जिले में लोकसभा आम निर्वाचन कार्यक्रम 2019 के अंतर्गत मतगणना प्रक्रिया पूरी तरह से निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न होगी। कलेक्टर स्वयं दुर्ग संसदीय क्षेत्र के सहायक रिटर्निंग आफिसर भी है। उन्होंने कहा की संपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया में किसी भी प्रकार के फेर-बदल की गुजाइंश बिल्कुल भी नहीं है। कलेक्टर ने बताया कि मतगणना के दिन मोबाईल फोन एवं इलेक्ट्रॉनिक गैजेट का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित है।

उम्मीदवारों एवं उनके गणना अभिकर्ताओं के अलावा मीडियाकर्मी तथा निर्वाचन कार्य में लगे किसी भी

अधिकारी-कर्मचारियों को गणना स्थल पर मोबाईल ले जाने की अनुमति नहीं होगी। कलेक्टर ने कहा कि ई.व्ही.एम. मशीन स्ट्रांग रूम में जमा है, इसकी हैकिंग कदापि संभव नहीं है। कलेक्टर ने कहा कि मतदान समाप्त होने के बाद ई.व्ही.एम. मशीन पीठासीन अधिकारी द्वारा स्वीच ऑफ कर दी गई है, जो गणना के समय स्वीच ऑन किया जायेगा। यह मशीन किसी इन्टरनेट कनेक्शन से भी नहीं जुड़ी है, तो हैक होने का सवाल ही पैदा नहीं होता। बी.एस.एफ. के जवान 24 घंटे इसकी सुरक्षा में तैनात है। गुरूवार 23 मई को मतगणना के दिन निर्वाचन प्रेक्षक एवं अभ्यर्थियों एवं उनके अभिकर्ताओं की उपस्थिति में स्ट्रांग रूम खोला जाएगा। मतगणना सवेरे 8 बजे प्रारंभ होगी। उन्होंने उम्मीदवारों एवं उनके गणना अभिकर्ताओं को मतगणना के दिन निर्धारित समय से पहले पहुंचने को कहा।

चुनाव प्रेक्षक ने किया मतगणना की तैयारियों का मुआयना

जिला मुख्यालय बेमेतरा में 23 मई को होने वाली मतगणना की सभी तैयारियॉं लगभग पूरी कर ली गई है। भारतीय प्रशासनिक सेवा (आई.ए.एस.) झारखण्ड कैडर के दुर्ग संसदीय क्षेत्र के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक श्री मनोज कुमार एवं कलेक्टर श्री महादेव कावरे ने आज कृषि उपज मण्डी परिसर में काउंटिंग की तैयारियों का जायजा लिया। स्थानीय कृषि उपज मंडी में स्थापित स्ट्रांग रूम परिसर की सुरक्षा व्यवस्था का भी जायजा लिया। स्ट्रांग रूम में सीसी कैमरा लगाया गया है। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की एक कंपनी सुरक्षा व्यवस्था में 24 घंटे तैनात है। पुलिस अधीक्षक प्रशान्त ठाकुर ने मतगणना के दिन चाक-चैबंध सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में जानकारी दी। सादे वर्दी में भी जवान तैनात रहेंगे। शांति भंग करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाही की चेतावनी एस.पी. ने दी। प्रेक्षक ने सुरक्षा व्यवस्था के लिए लगाए गए सीसीटीवी कैमरा का भी मुआयना किया। 23 मई को मतगणना पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक और माईक्रो आब्जर्वर की ड्यूटी प्रत्येक टेबल में रहेगी। निरीक्षण के दौरान उपजिला निर्वाचन अधिकारी आर.पी. आचला, ए.एस.पी. विमल कुमार बैस, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बेमेतरा डी.एन. कश्यप, कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग एम.आर. जाटव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

मतगणना केन्द्र में अनुशासन एवं शिष्टाचार बनाये रखना होगा

मतगणना केन्द्र में अनुशासन एवं शिष्टाचार बनाये रखने के संबंध में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्देश जारी किया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री महादेव कावरे ने बताया कि मतगणना मेज पर अभ्यर्थियों के गणन अभिकर्ताओं (एजेंट) के लिए बैठने की व्यवस्था निम्नलिखित प्राथमिकता का अनुपालन करके कि जायेगी- 1. मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय दलों के गणन अभिकर्ता, 2. मान्यता प्राप्त राज्यीय दलों के गणन अभिकर्ता, 3. अन्य राज्यों के मान्यता प्राप्त राज्यीय दलों के गणन अभिकर्ता जिन्हें निर्वाचन क्षेत्र में अपने आरक्षित चिन्हों का इस्तेमाल करने की अनुमति दी गई है। 4. रजिस्ट्रीकृत -अमान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के अभ्यर्थियों के गणन अभिकर्ता तथा 5. निर्दलीय अभ्यर्थियों के गणन अभिकर्ताओं को आबंटित टेबल के पास बैठना होगा तथा पूरे हाल में घूमने की अनुमति नहीं दी जायेगी। वे उस क्रम में बैठेगें जिसमें उम्मीदवारों के नाम मतपत्र में दिखाई देते हों। रिटर्निंग ऑफिसर इस बात का भी ध्यान रखना चाहिए कि निर्वाचन के संबंध में ड्यूटी पर सरकारी कर्मचारी में केन्द्र तथा राज्यों के मंत्री, राज्य मंत्री तथा उपमंत्री शामिल नहीं होते है। वे मतगणना हॉल के अंदर केवल अभ्यर्थियों के रूप में ही आ सकते है। आयोग के नवीनतम अनुदेशों के अनुसार उन्हें निर्वाचन अभिकर्ताओं अथवा गणन अभिकर्ताओं के रूप में नियुक्त किए जाने की अनुमति नहीं दी जा सकती है। क्योंकि उनके सुरक्षा गार्ड द्वारा मार्ग रक्षण किया जाना होना है। जिन्हें मतगणना हॉल में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जा सकती है। यदि वे स्वेच्छा से अपनी सुरक्षा को त्याग देते है तब भी उन्हें गणन अभिकर्ता बनने की अनुमति नहीं है। रिटर्निंग ऑफिसर को भी यह सुनिश्चित करना होगा कि किसी भी अप्राधिकृत व्यक्ति को किसी भी स्थिति में मतगणना स्थल पर प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। इस बात का भी विशेष ध्यान दें कि अभ्यर्थियों अथवा उनके अभिकर्ताओं से जुड़े किसी भी सुरक्षाकर्मी को काउंटिंग हॉल में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। अगर रिटर्निंग ऑफिसर को मतगणना हॉल में किसी व्यक्ति की उपस्थिति के संबंध में यथोचित शंका हो तो रिटर्निंग ऑफिसर आवश्यकता पड़ने पर उसकी तलाश करवा सकते है, भले ही संबंधित व्यक्ति के पास मतगणना के स्थान में प्रवेश करने के लिए विधि मान्य प्राधिकार पत्र हो। गणन अभिकर्ता को उनको आबंटित गणना टेबल के अलावा अन्य गणना टेबलों पर जाने की अनुमति नहीं है। गणन कर्मचारियों को मतगणना के नतीजों की घोषणा उपरांत रिटर्निंग ऑफिसरों की अनुमति से ही काउंटिंग हॉल छोड़ना होगा। किसी भी परिस्थिति में मतगणना प्रि या में व्यक्ति को काउंटिंग हॉल के भीतर धूम्रपान करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कावरे ने अभ्यर्थी एवं अभिकर्ताओं से आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की है।

तीन विधानसभा क्षेत्रों के कुल 853 पोलिंग बूथ की मतगणना होगी

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री महादेव कावरे ने बताया कि 07 दुर्ग लोकसभा अंतर्गत जिले के तीन विधानसभा क्षेत्र 68 साजा 69 बेमेतरा एवं 70 नवागढ़ के कुल 853 मतदान केन्द्रों की गणना का कार्य बेमेतरा कृषि उपज मण्डी में 23 मई 2019 को प्रातः 8.00 बजे से किया जायेगा। जिसके लिए स्ट्रांग रूम प्रातः 6 बजे प्रेक्षक एवं अभ्यर्थियों की उपस्थिति में खोला जायेगा। 68 साजा विधानसभा क्षेत्र में कुल 285 मतदान केन्द्र है जिसकी गणना 21 राउण्ड में, 69 बेमेतरा के 269 मतदान केन्द्रों की गणना 20 राउण्ड में तथा 70 नवाग? के 299 मतदान केन्द्रों की गणना 22 राउण्ड में होगी । जिले मे तीन सहायक मतदान केन्द्र है । बेमेतरा में 13 क , 21 एवं नवागढ मे 148क ,जिसकी गणना पृथक टेबल में होगी। कलेक्टर ने बताया कि मतगणना कार्य में लगे अधिकारियों-कर्मचारियों को फोटोयुक्त परिचय पत्र जारी कर दिया गया है। केवल फोटायुक्त पासधारी ही मण्डी परिसर में प्रवेश की कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि

कृषि उपज मण्डी परिसर बेमेतरा में अभ्यर्थी के एजेण्ट जिन्हें फोटोयुक्त पास जारी हुआ है वे ही भीतर आ सकेंगे। कलेक्टर ने बताया कि बेमेतरा राजस्व जिले के अंतर्गत कुल 732 मतदान केन्द्र बनाये गये थे।

प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र की 05-05 वीवीपेट के पर्ची की गणना होगी

कलेक्टर महादेव कावरे ने बताया कि 23 मई को मतगणना के लिए कृषि उपज मण्डी परिसर बेमेतरा में अभ्यर्थी के एजेण्ट जिन्हें फोटोयुक्त पास जारी हुआ है वे ही भीतर आ सकेंगे। श्री कावरे ने बताया कि डाकमतपत्र एवं ईटीपीबीएस की गणना रिटर्निंग आफिसर द्वारा दुर्ग में किया जायेगा। मतगणना कार्य के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 14-14 टेबल लगाये जायेगे। मतगणना पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक और माई ो आब्जर्वर की ड्यूटी प्रत्येक टेबल में रहेगी। प्रत्येक टेबल पर एक एक माइ ोआब्जर्वर भी उपस्थित रहेंगे। गणना अभिकर्ता के लिए प्रवेश रिटर्निंग आफिसर दुर्ग द्वारा जारी किया जायेगा जिसके निर्धारित प्रपत्र 18 में आवेदन दो फोटो एवं परिचय पत्र के साथ दिया जाना होगा। मतगणना कक्ष में पेन,केलकुलेटर एवं मोबाईल लेकर प्रवेश वर्जित होगा। अभ्यर्थी/अभिकर्ता का प्रवेश दुर्ग रोड स्थित मण्डी गेट से होगा। वाहन बाहर रखना होगा। वाहन भीतर प्रवेश नही दिया जायेगा। मतगणना कार्य में लगे अधिकारी कर्मचारी का प्रवेश रायपुर रोड स्थित मण्डी गेट से होगा। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में पांच वीवीपैट के पर्ची की गणना की जायेगी। जिसे रेण्डमली चयन किया जायेगा। मतदान के दिन जिस मतदान केन्द्र में सीआरसी नही हुआ है उसके वीवीपैट की पर्ची भी गिनी जाये।

अपने हक की लड़ाई में धोधावासियों को मिला न्याय, सरपंच व उपसरपंच को दिया गया प्रभार

- सरपंच ने सहमति से प्रभार देने से किया इनकार एकतरफा दिया गया प्रभार

पायनियर संवाददाता ➤ गंडई पंडरिया
www.dailypioneer.com

कहते है कि अपने हक की लड़ाई लड़ने के लिए वर्तमान परिवेश में अंत तक डटे रहना जरूरी है देर से भले ही पर न्याय जरूर मिलता है इस जुमले को आधार मान कर धोधा वासियो ने भी अपनी हक की लड़ाई काफी लंबे अरसे पूर्व से शुरू किया था और लगातार अपने हक की लड़ाई में चट्टान की तरह आज तक डटे रहे थे जिसका ही नतीजा रहा की सरपंच गिरधर ठाकुर को धारा 40 के तहत अनुविभागीय अधिकारी द्वारा सरपंच पद से हटा दिया गया है। सरपंच पद से हटाए जाने के 2 हफ्ते बाद भी उक्त सरपंच द्वारा स्वेच्छा से सरपंच पद का प्रभार देने में आनाकानी किया गया जिसके चलते एकतरफा। सरपंच पद का प्रभार पंचायत के पदाधिकारियों की उपस्थिति में वहाँ के उपसरपंच रामाधार वर्मा को दिलाया गया।

जाने क्या था ग्राम पंचायत धोधा का मामला : स्वच्छ भारत मिशन के तहत ग्राम पंचायत धोधा में 174 परिवारों के शौचालय निर्माण का काम होना था जिसमे से 30 शौचालय निरस्त हो गया था बाकी के 144 परिवारों के घर पर शौचालय निर्माण का कार्य कराया गया।इन 144 परिवारों में से 21 परिवारों द्वारा स्वयं की राशि से शौचालय निर्माण किया गया।04 परिवारों को शौचालय निर्माण मटेरियल राशि 9100 में से चार चार हजार दिया गया। 17 परिवारों को राशि भुगतान ही नही किया गया। स्वीकृत परिवारों में से 700 नग ईंटए2 बोरी सीमेंट, 20 धमेला रेत, 06 धमेला गिट्टी एवं 1 नग दरवाजे का वितरण किया गया है।गावं के 08 शौचालय अपूर्ण है जिसमे हितग्राहियो ने सेप्टिक टैंक बना कर अपूर्ण रखा है।बाकि बचे शौचलयो में भी राशि भुगतान में अनियमित्ता को लेकर ग्रामीणों ने मोर्चा खोल दिया था और लगातार शिकायत पे शिकायत विभिन्न जिम्मेदार अधिकारियों को करने लगे थे ।लोक सुराजए जनपद पंचायत, जिला पंचायत, जिला कलेक्टर, एसडीएम, तहसीलदार एवं अन्यो को इस संबंध में कई दफे ग्रामीणों द्वारा लगातार शिकायत लिखित तौर पर किया गया था जिसके चलते ग्राम में विभिन्न अधिकारियो एवं टीम द्वारा कई दफे जांच भी किया गया था जिसमे ग्रामीणों ने सभी सच्चाई की पोल खोल कर रख दिया था।

दर्जनों पेशी के बाद अंतत: सरपंच पर हुई कार्यवाही : जाँच का आदेश एसडीएम को मिलने के बाद पेशी का दौर चालू हुवा शिकायत करने वाले ग्रामीण और सरपंच सचिव को दर्जनों बार तारीख पे तारीख देते हुए पेशी पर बुलाया गया इस कार्य से ग्रामीणों की परेशानी भी बढ़ी थी क्योकि ग्रामीण अपने सभी कामो को छोड़ कर लगातार इन पेशियों में इस हेतु जाते रहे थे की आज नही तो कल न्याय मिलेगा और अंततः न्याय मिला भी सभी बिन्दुओं पर जाँच के बाद एसडीएम हेमंत मत्स्यपाल ने दिनाक 06मई 2019 को आदेश जारी कर ही दिया की जनपद पंचायत छुईखदान को की पंचायती राज अधिनियम के तहत अवचार प्रमाणित होने से गिरधर ठाकुर सरपंच ग्राम पंचायत धोधा को दोषी मानते हुए पदमुक्त किया जाकर कार्यालय को अवगत कराएं। जिस पर जंनपद पंचायत छुईखदान से भी ग्राम पंचायत धोधा को आदेश जारी हुआ की गिरधर ठाकुर सरपंच धोधा को पदमुक्त कर सरपंच का प्रभार उपसरपंच रामाधार वर्मा को दिया जाय ।इस आदेश की अवहेलना करते हुए बहाना बनाते हुए 1 हफ्ते से ज्यादा समय बिता दिया।

इस प्रकार दिलाया गया सरपंच का प्रभार : जनपद पंचायत छुईखदान से आये अशोक कुमार कोसरे सहायक करारोपण अधिकारी ने जब पंचायत के पदाधिकारियों और सरपंच को ग्राम पंचायत में बुलाकर सरपंच पद का प्रभार उपसरपच को देने की बात कही तो सरपंच गिरधर ठाकुर ने बार बार आनाकानी किया बहाना बनाना चालू कर दिया और सरपंच का प्रभार देने से इंकार कर दिया जिसके बाद सहायक करारोपण अधिकारी ने मजबूर होकर सरपंच पद का एकतरफा। प्रभार उपसरपंच रामाधार वर्मा को दिलाया।

खुले में सूअर को आग में भूंजकर कर रहे थे विक्रय, उड़न दस्ता की टीम ने की कार्रवाई

पायनियर संवाददाता ➤ भिलाई
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम, भिलाई की उड़नदस्ता टीम ने आयुक्त के निर्देश पर डिस्पोजल, गिलास, पानी पाउच, एक्सपायरी डेट के खाद्य एवं पेय पदार्थ पर बड़ी कार्यवाही कर रही है। जिसमें जोन 01 नेहरु नगर के अतंर्गत कोहका मार्केट व सिरसा रोड पर पर्यावरण को नुकसान पहूंचाने वाले धुआं काफी मात्रा फैलाने वाले, प्रतिष्ठानों के सामने वाहनों को बेतरतीब रखने वाले, लायसेंस नहीं रखने वाले प्रतिष्ठानों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए दो दिनों में कुल 21500 रुपये अर्थदण्ड वसूल किया गया।

उड़नदस्ता टीम ने रूआबांधा क्षेत्र में खुले में सूअर को आग में भुंजकर प्रदूषण फैलाने एवं विक्रय करने वाले विरुद्ध कार्यवाही करते हुए समझाइश देकर विक्रय बंद कराया गया तथा जुर्माना भी वसूल किया गया इसके अतिरिक्त गंदगी फैलाने वाले

होटल, रेस्टोरेंट, रोड बाधा, दुकानदार, लायसेंस नहीं रखने वाले व्यवसायियों, अवैध रुप से व्यवसाय करने वाले, प्रतिबंधित प्लास्टिक/डिस्पोजल, कैरीबैग रखने वाले लोगों के खिलाफ कार्यवाही की । सालिड वेस्ट मैनेजमेंट एवं पर्यावरण संरक्षण संशोधन अधिनियम 2019 के तहत् 2 दिनों में 21 प्रतिष्ठानों से लगभग 21500.00 रुपये का अर्थदण्ड लगाया गया है साथ ही उन्हे चेतावनी दी गई की दूसरी बार इस तरह की हरकत न करें। नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त एस0के0 सुंदरानी के निर्देशानुसार उड़नदस्ता की टीम आज जोन 01 नेहरु नगर के अंतर्गत कोहका मार्केट व सिरसा रोड चौधरी किशन, देशमुख, फैंसी आयटम, मेडिकल, साहू, शुभम किराना, वीनू साड़ी सेन्टर, सांई गिफ्ट कार्नर, भारत लाल पटेल, नव दुर्गा किराना, दीपक किराना, शोएब फेन्टी, पाण्डेय पान पैलेस पर कार्यवाही की गई। कार्यवाही में उड़नदस्ता द्वारा 21 व्यवसायियों से लायसेंस, प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरीबैग, डिस्पोजल जब्तकर दाण्डिक शुल्क एवं अर्थदण्ड लिया गया। श्री सुंदरानी ने व्यवसायियों से अपील की है कि अपने दुकान के सामने गाड़ी को बेतरतीब न रखने दे जिससे रोड पर आने जाने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना न पड़े और व्यवसायिक लायसेंस अपने दुकान पर ही रखें।

आयुक्त ने किया अधिकारी व कर्मचारियों के विभागीय कार्यों में आंशिक फेरबदल

पायनियर संवाददाता ➤ भिलाई
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त एस.के. सुंदरानी ने आदेश जारी किया गया है जिसमें उल्लेखित अनुसार प्रशासनिक व्यवस्था के अंतर्गत सुश्री विनीता वर्मा सहायक अभियंता को प्रधानमंत्री आवास योजना जोन 3 से स्थानांतरित कर प्रोजेक्ट सेल में पदस्थ किया गया है। सुश्री विनीता वर्मा सहायक अभियंता, अधीक्षण अभियंता प्रोजेक्ट सेल एवं नोडल अधिकारी प्रोजेक्ट सेल के निर्देशन में प्रोजेक्ट सेल का कार्य संपादित करेंगी।

इसी प्रकार दूसरे आदेश में विनोद चंद्राकर राजस्व उपनिरीक्षक नगर पालिक निगम भिलाई को आगामी आदेश पर्यंत तक अस्थाई रूप से प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी जोन 1 नेहरू नगर पदस्थ किया गया है।

एक और आदेश जारी किया गया जिसमें उल्लेखित अनुसार विकास कार्यों संधारण कार्य प्रकाशन एवं अन्य सभी प्रकार के प्रकरणों की नस्तियों में बजट आवंटन स्वीकृत करने हेतु श्री जितेंद्र सिंह ठाकुर लेखाधिकारी नगर पालिक निगम भिलाई को छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 69 (4) का उपयोग करते हुए आयुक्त की शक्तियां प्रत्यायोजित की गई हैं यह सभी आदेश तत्काल रूप से प्रभावसील होगा।

होम्योपैथिक न्यूरो चिकित्सा सेमीनार का आयोजन 9 को

पायनियर संवाददाता ➤ भिलाई
www.dailypioneer.com

होम्योपैथिक न्यूरो चिकित्या का आयोजन इस्पात नगरी भिलाई में होने जा रहा है। होम्योपैथिक चिकित्सा की तेजी से बढ़ती लोकप्रियता एवं प्रत्येक वर्ग के पहुंच के अंदर होने के कारण यह चिकित्सा विश्व में काफी लोकप्रिय हो चुका है। बता दें कि विज्ञान की चिकित्सा के क्षेत्र में हमारा राज्य भी अछुता नहीं रहा एवं यहां के भी चिकित्सागण अपने-अपने क्षेत्र में काफी सराहनीय योगदान दे चुके है। इसी कड़ी में होम्योपैथीक चिकित्सा विज्ञान का न्यूरोलाजी एवं ब्रेन के रोगों

पर होम्योपैथीक चिकित्सा उपचार की विधियां एवं व्याख्यान 9 जून को होटल अमित पार्क इंटरनेशल में आयोजित किया गया है। राज्य में होम्योपैथीक चिकित्सा कार्य कर रहे विभिन्न वरिष्ठ सिनीयर चिकित्सकों द्वारा अपना व्याख्यान एवं अनुभव का अदान-प्रदान किया जाएगा। यह सेमीनार होम्योपैथीक चिकित्सा एवं पीड़ित मानवता के लिए मिल का पत्थर साबित होगा। यह सेमीनार होम्योपैथीक चिकित्सकों के लिए निःशुल्क है। रजिस्ट्रेशन के लिए इस मो. नं.7828740055 पर संपर्क किया जा सकता है।

28 को विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस पर होंगे विविध कार्यक्रम

मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन पर जागरूकता जरूरी

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस के रूप में प्रत्येक वर्ष 28 मई को मनाया जाता है। दुनिया भर में महिलाओं और बालिकाओं को उनके मासिक धर्म के कारण होने वाली चुनौतियों, मासिक धर्म से जुड़ी भ्रांतियों एवं वर्जनाओं को तोड़ने तथा इन चुनौतियों के निराकरण और समाजिक जागरूकता के लिए बेमेतरा जिले में 27 से 29 मई तक जिला स्तर पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कलेक्टर महादेव कावरे 28 मई को विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस के रूप में मनाने तथा समाज में इसके प्रति जागरूकता लाने के लिए शिक्षा विभाग, महिला एंव बाल विकास विभागए स्वास्थ्य विभाग और आदिम जाति विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा.निर्देश दिए है। उन्होने

बताया कि राज्य शासन के निर्देश पर 27 मई से 29 मई तक जागरूकता के लिए विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उल्लेखनीय है कि विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस पर जागरूकता लाने के लिए राज्य शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की सचिव रीता शांडिल्य ने कलेक्टर और जिला पंचायत सीईओ को पत्र जारी किया है। महादेव कावरे पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा जारी निर्देशों के आधार पर बताया कि मासिक धर्म स्वच्छता दिवस विभिन्न विभागों तथा पंचायत ग्रामीण विकास विभाग, ग्रामीण अजीविका मिशन एवं स्वच्छ भारत मिशन, महिला एवं बाल विकास विभाग,स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, स्कूल शिक्षा, आदिम जाति कल्याण विभाग के मध्य समन्वय से किय जाएगा। यह दिवस मूलतः 28 मई को मनाया जाएगा, परन्तु जिला एवं ग्राम स्तर पर 27 से 29 मई के मध्य विभिन्न गतिविधियां, कार्यक्रम आयोजित किए जा सकेंगे। मुख्य कार्यक्रम 28 मई को आयेजित किए जाएंगे। जागरूकता संबंधित आयोजनों के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियां को दिशा.निर्देश भी जारी किया गया है। 28 मई को जिला मुख्यालय स्तर पर संबंधित विभागों और स्टेक होल्डरों के मध्य मासिक धर्म स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं प्रबंधन पर गोलमेज बैठक आयोजित किया जाएगा। मासिक धर्म स्वच्छता विषय पर ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस पर विशेष सत्र वीएचएनडी सत्र 27 से 31 मई के मध्य मनाया जाएगा।

प्रमुख संदेश : मासिक धर्म किशोर कन्याओं एवं माहिलाओं के शरीर में होने वाली एक प्राकृतिक एवं सामान्य प्रक्रिया हैए इससे शर्मानेए झिझकने की कोई आवश्यकता नहीं है। अब मासिक धर्म के विषय में चुप्पी तोड़ने का समय आ गया है इसके लिए लड़कों और पुरूषों को बातचीत से जोड़ा जाना चाहिए, ताकि मासिक धर्म एक सामान्य चर्चा का विषय बन सके और महिलाएं विभिन्न वर्जनाओं की बेटियों से मुक्त होकर बराबरी एवं गरिमापूर्ण जीवन व्यतीत कर सके।

पिरीयड पर चर्चा करने की जरूरत : यह अभियान मुख्यतः पुरूषों पर लक्षित है। इसका लक्ष्य पुरूषों को महिलाओं के प्राकृतिक मासिक धर्म प्रक्रिया के विषय में जागरूक करते हुए उन्हे संवेदनशीलता के साथ सार्थक चर्चाओं में सम्मिलित करना है, ताकि पुरूष भी इस नैसर्गिग प्रक्रिया पर खुली एवं स्वस्थ्य चर्चा कर सके।

जनता को सही समय बताने सुपेला चौक में स्थित घड़ी का किया जा रहा है संधारण

पायनियर संवाददाता ➤ भिलाई
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त एस.के. सुंदरानी के निर्देश पर सुपेला चौक स्थित घड़ी का संधारण कार्य किया जा रहा है।

शहर के व्यस्ततम स्थल वाले सुपेला चौक पर स्थित घड़ी को संधारण कार्य किया जा रहा है, जिसे घड़ी चौक के नाम से भी जाना जाता है, यहां पर हजारों लोग दिन भर में गुजरते हैं यह चौक इसलिए महत्वपूर्ण हो जाता है क्योंकि यहां पर से एक रास्ता राजधानी की तरफ, दूसरा रास्ता भिलाई स्टील प्लांट के क्षेत्र की तरफ, तीसरा रास्ता गदा चौक लक्ष्मी मार्केट की तरफ तथा चौथा रास्ता राजनांदगांव एवं दुर्ग की ओर जाता है अब इस चौराहा से गुजरने वाले लोगों को सुपेला चौक की घड़ी सही समय बताने के साथ

ही अपनी और आकर्षित करने का कार्य करेगी। निगम भिलाई द्वारा संधारण किए जा रहे घड़ी के मशीनों मे नए पुर्जे भी लगाए जा रहे हैं साथ ही इसके आधारभूत संरचना में रंग रोगन, पुताई, शीशा एवं ग्रेनाइट पत्थर लगाने का कार्य भी शामिल है जिससे घड़ी अपनी ओर लोगों को आकर्षित करेगी। लगभग 5.00 लाख की लागत से बनने वाले इस घड़ी का कार्य एजेंसी अशोक कंपनी द्वारा विगत महीनों से प्रारंभ कर दिया गया है, बारिश पूर्व कार्य पूर्ण होने की संभावना एजेंसी द्वारा जताई गई है अब जल्द ही लोगों को यह घड़ी अपने नए रूप में दिखेगी।

क्विक न्यूज

मतगणना अधिकारियों को दिया गया द्वितीय प्रशिक्षण

रायगढ़। लोकसभा निर्वाचन के तहत आगामी 23 मई को होने वाली मतगणना के लिए जिले के मास्टर ट्रेनर, गणना पर्यवेक्षक, गणना सहायक और माइक्रो आब्जर्वर को द्वितीय प्रशिक्षण दिया गया। जिला स्तर के मास्टर ट्रेनर प्राचार्य राजेश डेनियल, अनिल गुप्ता एवं भुनेश्वर पटेल ने मतगणना के दौरान रखी जाने वाली सावधानियां के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतगणना का कार्य गंभीरता से करना होगा। उन्होंने प्रशिक्षण ले रहे अधिकारियों को तकनीकी पहलुओं एवं बारीकियों के बारे में एक-एक करके जानकारी दी। मास्टर ट्रेनर ने अधिकारियों को स्ट्रांग रूम से मतगणना कक्ष तक इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन को लाने और सील करने के साथ अंतिम परिणाम की घोषणा करने के संबंध में भी जानकारी दी। प्रशिक्षण में बताया गया कि विधानसभावार पांच-पांच मतदान केन्द्रों के वीवीपेट के मतों की गिनती की व्यवस्था के बारे में बताया। इलेक्ट्रानिक डाकमत पत्र, पोस्टल बैलेट गिनती के बारे में भी जानकारी दी।

जैव विविधता दिवस पर हुए कार्यक्रम

चित्रकला व निबंध प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों ने किया जागरूक

पायनियर संवाददाता ◂ रायगढ़
www.dailypioneer.com

अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के अवसर पर इंदिरा विहार में जन जागरूकता के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूली बच्चों के लिए चित्रकला निबंध प्रतियोगिता रखा गया था। इसमें हमारी जैवविविधता, हमारा भोजन हमारा स्वास्थ्य विषय रखा गया था।

आज के इस अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस कार्यक्रम में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए वन मंडल अधिकारी मनोज पांडे ने कहा कि जैव विविधता संरक्षण के लिए अच्छा प्रयास किया जा रहा है। वहीं अब ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत, जिला पंचायत स्तर पर जैव विविधता समिति का गठन किया जाना है। सबसे पहले ग्राम पंचायत स्तर पर जैव विविधता समिति का गठन किया जाएगा। ताकि जैव विविधता संरक्षण पर कार्य किया जा सके। वहीं उन्होंने जैव विविधता

संबंधी कई प्रकार की जानकारी भी वहां मौजूद बच्चों व उपस्थित जनप्रतिनिधियों को दी। सेव फारेस्ट समिति अध्यक्ष गोपाल अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि प्रकृति जो असंतुलन हुआ है।

उसे संतुलन में रखने के लिए जैव विविधता पर कार्य करना बहुत ही आवश्यक है और आज जो हम इंदिरा विहार में इस गर्मी में पेड़ के नीचे बैठकर कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं। उससे हमें सीख लेना होगा कि पेड़ हमारे लिए कितना जरूरी है और जैव विविधता के लिए हमें कार्य करना होगा। इसके अलावा यहां मौजूद अन्य अधिकारी व जनप्रतिनिधियों ने भी अपने संबोधन में जैव विविधता संबधी महत्वपूर्ण जानकारी दी।

अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता कार्यक्रम के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी मनिंद्र श्रीवास्तव, एसडीओ एनआर खूंटेए भवानी शंकर षाड़ंगी पूनम पांडे, उद्यान विभाग प्रभारी कुशवाहा, टारपाली स्कूल प्रभारी सरला शाह, जैव

स्कूली बच्चे प्रशस्ति पत्र से सम्मानित

अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस पर निबंध व चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जहां चित्रकला प्रतियोगिता में केंद्रीय विद्यालय की मीनाक्षी नेताम ने प्रथम स्थान व सक्षम सिंह ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं निबंध प्रतियोगिता में केशिका साहू ने प्रथम व आँचल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेता प्रतिभागियों को नगद राशि व प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया।

विविधता समिति के खैरपुर, पड़ीगांव, लोबरो सहित अन्य ग्राम के पदाधिकारी व स्कूली बच्चे, रेंजर योगेंद्र गंडेचा, डिप्टी रेंजर राजेश्वर मिश्रा, लक्ष्मीनारायण जायसवाल, तेजराम भगत, विजय मिश्रा, ऋषि सिदार, परिसर रक्षक गोवर्धन राठौर, राजकुमार सारथी, पालूराम साहू, इंद्राविहार प्रभारी प्रतिमा, विजयपुर समिति अध्यक्ष श्याम मालाकार सहित अन्य समिति सदस्य मौजूद थे।

जीवनदायिनी मनियारी नदी खतरे में, रेत माफिया कर रहे अवैध खनन

पायनियर संवाददाता ◂ लोरमी
www.dailypioneer.com

लोरमी क्षेत्र में इन दिनों रेत माफियों का बोलबाला चल रहा है जीवनदायनी मनियारी नदी का जहां चाह रहे वहां से खोदकर रेत निकाल रहे जहां एक ओर मनियारी बचाओ अभियान चलाने की बात कहा जा रहा है। वहीं रेत माफियों के द्वारा खुलेआम मनियारी नदी से रेत निकाल रहे है। वहीं प्रशासन सोये हुए, कार्यवाही के नाम पर वसूली कर मामला रफा-दफा कर लिया जाता है।

लोरमी क्षेत्र में मनियारी नदी जो कि काफी दूर तक लोगों को जीवनदायनी का कार्य करती है। मनियारी नदी से काफी लोगों का जीवन यापन हो रहा है। इस नदी के सहारे काफी लोगो का गुजर चल रहा है लेकिन इस मनियारी नदी की सुध कोई नहीं ले रहा है आज मनियारी नदी पुरी तरह सुख चूंकी है और इसका सुध लेने वाला कोई नहीं। कुछ लोगों के द्वारा मनियारी बचाओ अभियान चलाया गया लेकिन वो भी कुछ दिनों के बाद इतनी गर्मी में ठण्डा पढ़ गया। वहीं मनियारी नदी के अस्तित्व को रेत माफियाओं के द्वारा काफी खतरा हो रहा है इन दिनों

मनियारी नदी में अवैध रेत खनन करने वालो का बुरी नजर लग गया है। कम बारिश होने के कारण व मनियारी नदी में गंदगी के कारण पुरी तरह सुख चुंकी है। वहीं क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास या फिर निजी आवास या फिर मकान का जीर्णोद्धार कार्य कराये जा रहे है जिसमें रेत की मांग काफी बड़ गयी है रेत की मांग को देखते हुए कम लागत में ज्यादा पैसो कमाना की चाह में रेत माफियाओं की नजर मनियारी नदी की रेत में लगा हुआ है। जिसके चलते मनियारी नदी के किसी भी क्षेत्र से रेत निकालने का कार्य जोरो से चल रहा है रेत माफियाओं के द्वारा धड़ल्ले से अवैध खनन किया जा रहा। रेत माफियाओं के द्वारा लाखासार, रहंगी, लोरमी, डिण्डोल, जमुनाही, डोगरिया, वेंकट नवागॉव, पैजनिया सहित आसपास के ग्रामों से काफी मात्रा में मशीनों से रेत निकालने का कार्य किया जा रहा

ट्रैक्टर-ट्राली से किया जाता है सप्लाई

वहीं रेत की अवैध उत्खन्न कर उसे पहुंचाने का कार्य ट्रैक्टर के द्वारा किया जाता है वही देखा गया है कि ज्यादातर लोग कृषि कार्य के नाम से ट्रैक्टर-ट्राली निकलवाकर अन्य दुसरे कार्यों में उपयोग किया जाता है रेत पहुँचाने के लिए व डम्प करने के लिए ट्रैक्टर चालाकों में काफी होड़ होता है जिसके कारण कभी भी किसी दुर्घटना का अंदेशा बना हुआ रहा था देखा गया है लोग गाड़ी में काफी रफ्तार से ट्रैक्टर का चलाया जाता है।

इनका कहना है

एसडीएम चित्रकांत ठाकुर ने बताया कि हमारे द्वारा कार्रवाई किया जा रहा है। मंगलवार को कार्यवाही के दौरान वेंकट नवागांव में पांच गाड़ियों पर कार्रवाई कर जब्ती बनाया गया है और आगे लगातार हमारे द्वारा कार्रवाई किया जाएगा।

है। रेत माफियों के अवैध उत्खन्न की शिकायते ग्रामीणों के द्वारा लगातार किया जाता रहा है पर इस ओर किसी भी अधिकारी के द्वारा ध्यान नहीं दिया गया है वही कोई अधिकारी कार्यवाही करते है तो लेनदेन कर मामला सुलझा लिया जाता है जिसके कारण रेत माफियाओं का हौसल काफी बुलंद है।

आर्ट ऑफ लिविंग का शिविर 26 से 31 तक

पायनियर संवाददाता ◂ सक्ती
www.dailypioneer.com

सक्ती शहर की हटरी धर्मशाला में आगामी 26 मई से 31 मई तक छह दिवसीय आर्ट ऑफ लिविंग के विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें आर्ट ऑफलिविंग के देश के विभिन्न स्थानों से प्रशिक्षक अपनी जानकारी देंगे, उक्ताशय की जानकारी देते हुए छह दिवसीय शिविर के आयोजक सदस्य यश गोयल, प्रकाश अग्रवाल एवं सिद्ध गोयल ने बताया कि शहर की हटरी धर्मशाला में यह शिविर आयोजित किया जा रहा है जिसमें की 13 वर्ष से लेकर 18 वर्ष तक की उम्र के बच्चे ही इस शिविर में भाग ले सकेंगेए तथा शिविर में सहभागीता करने हेतु 750 का सहयोग शुल्क निर्धारित किया गया है तथा इच्छुक प्रतिभागी या कि प्रशिक्षार्थी अपना अग्रिम पंजीयन करवा कर इस 06



दिवसीय आर्ट ऑफ लिविंग के विशेष शिविर का लाभ ले सकते हैं, यश गोयल ने बताया कि विगत वर्ष आर्ट आफ लिविंग का शिविर करवाया गया था तथा इस वर्ष पुनः यह शिविर आयोजित किया जा रहा है जिसे लेकर वृहद रूप से प्रचार.प्रसार एवं तैयारियां की जा रही है आयोजक सदस्यों ने शिविर की अधिक जानकारी हेतु प्रकाश अग्रवाल 9098144662, यश गोयल 9304416702 एवं सिद्ध गोयल 9179243131 पर संपर्क कर जानकारी प्राप्त करने का आग्रह किया है।

मेरिट में आने वाले 9 विद्यार्थियों को कलेक्टर ने किया सम्मानित

पायनियर संवाददाता ◂ रायगढ़
www.dailypioneer.com

कलेक्टर यशवंत कुमार ने कलेक्ट्रेट कक्ष में कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं के मेरिट सूची में आने वाले विद्यार्थियों को प्रतीक चिन्ह और बुके देकर सम्मानित किया। उन्होंने अपनी हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अपनी लगन, मेहनत, दृढ़ निश्चय से विद्यार्थियों ने सफलता का परचम लहराया है और जिले का नाम रोशन किया है।

आगे निरंतर बढ़ते रहिए और अपने लक्ष्य तक पहुंचिये। कलेक्टर ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि 10 वीं बोर्ड के परीक्षा परिणाम में एक बार फिर से बेटियों ने रायगढ़ जिले का गौरव बढ़ाया है। कलेक्टर ने सभी बच्चों से उनके अनुभव जाने और बच्चों ने अनुभव साझा करते हुए अपना उद्देश्य बताया। उन्होंने सार्थक सफलता के लिए बच्चों के शिक्षकों को भी अपनी शुभकामनाएं दी।

लगन, मेहनत एवं दृढ़ निश्चय के साथ विद्यार्थियों ने सफलता का परचम लहराया

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं के टॉपटेन में रायगढ़ जिले के बच्चों ने शानदार सफ लता अर्जित की है। इनमें अभिनव विद्या मंदिर पुसौर कक्षा 10वीं की छात्रा कु निशा पटेल ने 99.33 प्रतिशत अर्जित करके प्रावीण्य सूची में पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान पर रही है। निशा पटेल 7.8 घंटे कड़ी मेहनत करके अपने लक्ष्य तक पहुंची है और आगे डॉक्टर बनना चाहती है।

उनके पिता कृषक है। जिंदल आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किरोड़ीमल नगर की कु रानी भगत कक्षा 10 वीं में 97.67 प्रतिशत के साथ चौथे रेंक पर रही है और डॉक्टर बनना चाहती है। आदर्श ग्राम्य भारती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आमगांव के युगल किशोर नायक कक्षा 10 वीं की बोर्ड परीक्षा में 97.50 प्रतिशत के साथ पांचवे रेंक पर रहे। वे अपने जिले के कलेक्टर से प्रभावित होकर कलेक्टर बनने की इच्छा जाहिर की है। जिंदल आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किरोड़ीमल नगर के राज सिंह कक्षा 10 वीं में 97.17 प्रतिशत के साथ सातवें रेंक पर रहे।

वे कलेक्टर बनना चाहते है। जिंदल आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किरोड़ीमल नगर के कु भावना पटेल कक्षा 10 वीं में 97 प्रतिशत के साथ आठवां रेंक पर रही और डॉक्टर बनना चाहती है। सरस्वती शिशु मंदिर बरमकेला के सुशील कुमार पटेल कक्षा 10 वीं में 97 प्रतिशत के साथ 8 वां रेंक पर रहे। वे रेल्वे में अपना कैरियर बनाने की ईच्छा जाहिर किए है। मोना मार्डन उमावि बरमकेला के कु बिंदिया चौधरी कक्षा 12 वीं में मेरिट में 94.80 प्रतिशत 8वां रेंक के साथ रायगढ़ जिले में प्रथम स्थान पर रही है।

पी एग्रीकल्चर टेस्ट की तैयारी कर रही है आगे कृषि वैज्ञानिक बनना चाहती है। शासकीय कन्या उमावि सरिया के कुण्सीमा प्रधान कक्षा 12 वीं में 94.20 प्रतिशत के साथ 10 वां रेंक पर रही है। सीमा शासकीय स्कूल से 12 वीं उत्तीर्ण की है और आगे कड़ी मेहनत करके कलेक्टर बनना चाहती है।

अभिनव विद्या मंदिर पुसौर के नरेश चौहान कक्षा 12 वीं में 94.20 प्रतिशत के साथ 10 वां रेंक पर रहे है। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी मनीन्द्र श्रीवास्तवए सहायक संचालक शिक्षा दिप्ती अग्रवाल एवं विद्यार्थियों के पालक एवं शिक्षकगण उपस्थित थे।

जोबी की महिला जागृति समिति ने शुरू किया नशा मुक्ति अभियान

पायनियर संवाददाता ◂ रायगढ़
www.dailypioneer.com

खरसिया के ग्राम. जोबी की महिला जागृति समिति द्वारा गांव में नशा मुक्ति अभियान प्रारंभ किया गया है। महिलाओं ने गांव की साफ सफाई और नशा मुक्ति करने का बीड़ा उठाया है। समिति के आह्वान पर जिले के कलेक्टर यशवंत कुमार ने प्रशासन को उचित कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है। सहायक आयुक्त आबकारी दिनकर वासनिक ने सहायक जिला आबकारी अधिकारी रमेश कुमार अग्रवाल को ग्राम जोबी का दौरा कर इस अभियान में खरसिया के उप निरीक्षक डॉ राकेश राठौर को मार्गदर्शन करने कहा है।

रमेश अग्रवाल ने विगत दिवस ग्राम जोबी में समिति की बैठक ली, इसमें अध्यक्ष कमला राठिया, सचिव प्रभा देवी,उपाध्यक्ष

शकुंतला राठिया और कौशिल्या, पदमावति, अम्बिका, किरण, नीता के साथ गांव की लगभग 50 महिलायें उपस्थित रही। बैठक में अग्रवाल ने अवैध शराब के खिलाफ उनकी जागरूकता की सराहना की। उन्होंने कहा कि शराब, जुआ, नशा एवं साफ सफाई सहित सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ हर कार्य में महिलाओं की सहभागिता बढ़ रही है, यह समाज के लिये अच्छा संदेश है। ऐसे कार्यों में आबकारी विभाग और प्रशासन द्वारा भरपूर सहयोग किया जायेगा। उन्होंने शांतिपूर्ण अहिंसात्मक तरीके से काम करने की समझाइश भी दी।

मतगणना के लिए राजनीतिक दलों ने की अभिकर्ताओं की नियुक्ति

पायनियर संवाददाता ◂ सक्ती
www.dailypioneer.com

गुरुवार को सुबह 8. 00 बजे से विगत संपन्न लोकसभा चुनाव के लिए होने वाली मतगणना को लेकर राजनीतिक दलों में काफ ी बेचैनी नजर आ रही है, जांजगीर.चांपा लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस, भाजपा सहित बहुजन समाज पार्टी ने भी सुबह 8. 00 बजे से जांजगीर में होने वाली मतगणना को लेकर जहां अपने कार्यकर्ताओं की नियुक्तियां कर दी है तो वहीं गणना में जाने वाले पार्टी कार्यकर्ताओं को पूरी व्यवस्था के साथ प्रशिक्षण दिया गया है तथा मतगणना की अंतिम स्थिति तक सभी गणन अभिकर्ताओं को मतगणना स्थल पर डटे रहने के भी निर्देश दिए गए हैंए उल्लेखित हो कि 23 मई को सुबह 8.00 बजे से जांजगीर चांपा जिला मुख्यालय में जांजगीर.चांपा लोकसभा क्षेत्र की 6 विधानसभाओं की मतों की गणना प्रारंभ होगी तथा शेष 2 विधानसभाओं की मतगणना बलोदा बाजार. भाटापारा जिले में होगी तथा इस वर्ष भारी गर्मी को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा प्रत्येक विधानसभा क्षेत्रों के मतगणना सभागार में बड़े कूलर की व्यवस्था की गई है किंतु विधानसभा चुनाव की मतगणना के दौरान यह देखा गया था कि 1..1 विधानसभा का जो मतगणना सभागार बनाया गया था वह बहुत ज्यादा सकरा होने के कारण उसमें राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा था तथा राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं को बैठने तक की व्यवस्था मुहैया नहीं थी। जिसके चलते लोग परेशान होते देखे गए किंतु इस वर्ष जिला प्रशासन ने विधानसभा चुनाव की कमियों को दूर करते हुए एक बेहतर व्यवस्था मतगणना स्थल पर दी है तथा इस वर्ष मतगणना स्थल के आस.पास भी चाक.चौबंद व्यवस्था की गई है।

संस्कार स्कूल के छात्रों ने किया परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता ◂ जैजैपुर
www.dailypioneer.com

संस्कार स्कूल के छात्रों ने स्थानीय परीक्षा के साथ साथ माध्यमिक शिक्षा मंडल व्दारा आयोजित परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है पांचवीं अंग्रेजी माध्यम प्रियंका मधुकर 96, सौम्य अग्रवाल 93, अमन सिंह 92आठवीं अंग्रेजी माध्यम,भूमि आदित्य 96, दीक्षा चंदा 94, रौनक कुमार चंद्रा 94 दसवीं अंग्रेजी माध्यम, सुरेन्द्र कुमार साहू 96.33, प्रियांशु देवांगन 93, चंचल चंद्रा 87, हरिशंकर साहू 86, घृतकुमार चंद्रा 86, प्रमित कुमार 86, नेहा साहू 85, पीयूष चंद्रा 85, हर्ष बंजारे 85 पांचवीं हिंदी माध्यम, अंजलि कुमारी कँवर 89, रोहन प्रजापति 87 अनिल कुमार चंद्रा 86, पिंकी यादव 85 पूनम चंद्रा 84

आठवीं हिंदी माध्यम, पूनम आदित्य 95 रोशन कुमार चंद्रा 94 वंदना कवर 94, ज्योति चंद्रा 95 भूमि 92 लता कुमारी 92 अलीशा प्रिय 91, अंकित तम्बोली 91 दसवीं हिंदी माध्यम, कु दामिनी 90, लक्ष्मी प्रसाद 88, सुमन शर्मा 87, रूचि चंद्रा 87, शंकर कुमार चंद्रा 86, दुष्यंत चंद्रा 86, उमेश कुमार साहू 84, वर्षा 84, लुकेश चंद्रा 84, संगीता टंडन 84, मोनिका चंद्रा 83 12वी हिंदी माध्यम, प्रामिश लहरे 90, उमेश कुमार 89, तरुण चंद्रा 83, आकांश चंद्रा 83 महिमा चंद्रा 83, सत्यम चौहान 81, अमन शर्मा 81 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय सहित जैजैपुर नगर को गौरवान्वित किया। ज्ञात हो कि इस संस्था से नवोदय विद्यालय एवं सैनिक स्कूल तथा जवाहर उत्कर्ष विद्यालय में चयन होते है । इस वर्ष वंदना कंवर,जय राम कँवर का चयन जवाहर उत्कर्ष योजना के तहत हुआ है जो कि एक आदिवासी बिटिया रायपुर के राजकुमार कालेज में अध्ययन करेगी।

प्रथम पेज का शेष...

सरकार किसकी? आज ...

पर चुना जायेगा। वीवीपैट सत्यापन प्रक्रिया में चार से पाँच घंटे का समय लग सकता है। चुनाव परिणाम आयोग की वेबसाइट और 'वोटर हेल्पलाइन ऐप' पर उपलब्ध होंगे। आयोग ने इस बार के लोकसभा चुनाव के लिए 55 लाख ईवीएम का उपयोग किया है।

करीब 10 लाख मतदान केंद्रों और 91 करोड़ पंजीकृत मतदाताओं के साथ दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश की 17वीं लोकसभा का चुनाव संपन्न हुआ है। इस बार कुल मतदाताओं की संख्या 2014 की तुलना में 7.5 करोड़ अधिक थी। चुनाव आयोग के सूत्रों ने बताया कि इस बार सातवें चरण तक करीब 67.11 फीसदी मतदाताओं ने मतदान किया था और यह 2014 के लोकसभा चुनाव से एक फीसदी अधिक था। उन्होंने बताया कि 2019 के चुनाव में पुरुष और महिला मतदाताओं की संख्या में 1.6 करोड़ का अंतर भी देखा गया। वोटों की गिनती की प्रक्रिया सशस्त्र बलों के जवानों के 18 लाख वोटों के साथ शुरू होगी। इस बार आदर्श आचार संहिता के कथित उल्लंघन की शिकायतों के चुनाव आयोग के निपटारे के तरीकों पर भी सवाल उठे और यह मामला सुर्खियों में बना रहा। सूत्रों ने बताया कि आयोग के समक्ष इस तरह की 510 शिकायतें आई थीं जिनका निपटारा तीन स्तरों- निर्वाचन अधिकारी, राज्य चुनाव आयोग और चुनाव आयोग- पर किया गया। इनमें से कुछ मामलों में निंदा की गयी और कुछ मामलों में रोक लगाई गयी। सूत्रों ने बताया कि आदर्श आचार संहिता एक कानून नहीं है बल्कि एक आचार संहिता है जिसका निर्माण सभी राजनीतिक दलों की आम सहमति और समझौते से हुआ है। पहली बार 2019 के आम चुनावों में चुनाव आयोग की 'सी-विजिल' पहल के तहत करीब 1.49 लाख शिकायतें नागरिकों ने की थी। सूत्रों ने बताया कि इनमें से करीब 78 फीसदी शिकायतें सहीं थी और सभी मामलों में शिकायत मिलने के 100 मिनटों के अंदर कार्रवाई की गयी। इनमें से कई शिकायतें मतदाताओं के मत डालने की गोपनीयता के उल्लंघन के संबंध में आई थी।

मतगणना के दिन हिंसा से निपटने के लिए ...

आ रही है और इसे देखते हुए उसने सभी राज्यों से एहतियाती कदम उठाने को कहा है। उल्लेखनीय है कि सत्रहवीं लोकसभा के चुनाव संपन्न होने के बाद मतों की गिनती गुरूवार को होगी। विपक्षी दलों ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों में गड़बड़ी की आशंका जताते हुए चुनाव आयोग से गुहार लगायी है। कांग्रेस के नेतृत्व में मंगलवार को 22 राजनीतिक दलों ने मतगणना शुरू होने पर पहले वी वी पैट पर्चियों का मिलान करने की मांग की थी जिससे गड़बडी की आशंका पर उस पूरे विधानसभा क्षेत्र की वीवीपैट की पर्चियों का मिलान ईवीएम से कराया जाये।

वीवीपैट मिलान की प्रक्रिया पहले...

मुताबिक, ऐसा बताया जा रहा है कि चुनाव आयोग ईवीएम के वोटों की गिनती के साथ ही पोस्टल बैलेट की भी गिनती करेगा। इससे पहले पोस्टल बैलेट की गिनती शुरुआत में की जाती थी और इसके बाद ईवीएम में वोटों की गिनती शुरू होती थी। कांग्रेस, तेदेपा, तृणमूल और बसपा समेत 22 विपक्षी दलों ने मंगलावर को चुनाव आयोग से मुलाकात की थी। विपक्षी दलों के प्रतिनिधि मंडल ने आयोग को ज्ञापन सौंपा था।

राहुल ने कार्यकर्ताओं से कहा- फर्जी ...

जाती है तो सभी पोलिंग स्टेशनों पर 100 प्रतिशत वीवीपैट पर्चियों का मिलान किया जाए।

ईवीएम सुरक्षित, गिनती पूरी होने तक सीसीटीवी कवरेज रहेगी- चुनाव आयोग- चुनाव आयोग ने मंगलवार को कहा था कि लोकसभा चुनाव में इस्तेमाल की गई ईवीएम स्ट्रॉन्ग रूम में पूरी तरह सुरक्षित हैं। आयोग ने उन आरोपों को नकार दिया, जिनमें कहा जा रहा था कि 23 मई को वोटों की गिनती से पहले स्ट्रॉन्ग रूम में लोकसभा चुनाव में इस्तेमाल की गई ईवीएम को नई ईवीएम से बदला जा रहा है। आयोग ने कहा था कि हम पूरे दावे के साथ और स्पष्ट रूप से उन रिपोर्टों को खारिज करते हैं, जिनमें ऐसे आरोप लगाए गए। ये झूठे और बेबुनियाद हैं। टीवी और सोशल मीडिया पर जो भी विजुअल दिखाए जा रहे हैं, उनका चुनाव में इस्तेमाल की गई ईवीएम से कोई संबंध नहीं है। गिनती पूरी होने तक सीसीटीवी कैमरा कवरेज किया जाएगा। केंद्रीय सशस्त्र सुरक्षा बल हर पल एक-एक स्ट्रॉन्ग रूम की सुरक्षा कर रहे हैं।

रिसैट-2बी उपग्रह का ...

रिमोट सेंसिंग या ऑप्टिकल इमेजिंग सैटेलाइट जमीन पर मौजूद चीजों की स्थिति ठीक से नहीं दर्शा पाते। सार इस कमी को पूरा करेगा। यह हर मौसम में चाहे रात हो, बादल हो या बारिश हो रही हो ऑब्जेक्ट की सही तस्वीर जारी कर सकता है। इससे आपदा राहत कार्य में लगे लोगों और सुरक्षाबलों को काफी मदद मिलेगी।

अब चंद्रयान-2 के प्रक्षेपण की तैयारी- रिसैट-2बी के प्रक्षेपण से पहले इसरो प्रमुख के सिवन ने मंगलवार को तिरुपति के भगवान वेंकटेश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना की। इसके बाद उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि अब इसरो चंद्रयान-2 के प्रक्षेपण पर ध्यान केंद्रित करेगा। इसे 9 जुलाई से 16 जुलाई के बीच प्रक्षेपित किया जाना है। सिवन ने कहा कि इसरो को उम्मीद है कि चंद्रयान-2 का रोवर 6 सितंबर तक (चंद्रमा की सतह पर) उतार दिया जाएगा।

कुलगाम में मुठभेड़, ...

जवानों ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए गोलियां चलायीं। सूत्रों ने बताया कि सुरक्षा बलों ने तड़के तीन बजे एक आतंकवादी को मार गिराया, जबकि दूसरा आतंकवादी सुबह में मारा गया। बताया जा रहा है कि मारे गए आतंकवादी हिजबुल मुजाहिदीन के सदस्य थे और उनकी पहचान जहीर अहमद तथा इरफान मंजूर के तौर पर की गयी है। ये दोनों कुछ ही महीने पहले आतंकवादी संगठन में शामिल हुए थे। मुठभेड़ के बाद आसपास के गांवों के लोग, जिनमें अधिकांश युवक शामिल थे, सड़कों पर उतर आये। इस दौरान किसी प्रदर्शन को रोकने के लिए तैनात सुरक्षा बलों और राज्य पुलिस के जवानों और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़पें भी हुई। सूत्रों ने बताया कि अंतिम सूचना मिलने तक प्रदर्शनकारियों और सुरक्षा बलों के जवानों के बीच झड़प जारी थी। प्रशासन ने किसी किस्म की अफवाह फैलने से रोकने के लिए कुलगाम में मोबाइल इंटरनेट सेवा स्थगित कर दी है।

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं **AJEET KUMAR AGRAWAL S/O RADHESHYAM AGRAWAL** निवासी **VILLAGE TIWARTA TIWARTA MOHALLA WARD NO 11 KORBA (C.G.)** यह शपथ करता हूं कि मैने अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम **AJEET AGRAWAL S/O RADHESHYAM AGRAWAL** रख लिया है। अत: आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम **AJEET AGRAWAL S/O RADHESHYAM AGRAWAL** से ही जाना पहचाना जावे।

AJEET AGRAWAL
VILLAGE TIWARTA TIWARTA MOHALLA WARD NO 11 KORBA (C.G.)

कार्यालय नगर पालिक निगम रायपुर (छग)
जोन क्रमाक -02
शहीद स्मारक स्कूल केके रोड रायपुर (छ.ग.)

-: इश्तिहार/अधिपत्य हस्तांतरण की सूचना:-

नामांतरण प्र.क्र.78/2019-20
वार्ड का नाम-राजीव गांधी-22

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि **राजीव गांधी वार्ड 22** स्थित भवन/भूमि **लाल गंगा मिडास-309** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **अमित कुमार जैन पिता श्री कुलिन कांत जैन** के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती **अरविंद केशरानी वल्द भावजीभाई केशवानी** ने रजिस्ट्री/लिखित द्वारा वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

मुहर

जोन आयुक्त
जोन क्रमांक-2
नगर पालिक निगम, रायपुर

M/S DEEPA CONSTRUCTIONS KIRANDUL, A PARTNERSHIP FIRM REGISTERED WITH THE REGISTRAR OF FIRMS AND SOCIETIES CHATTISGARH RAIPUR VIDE A REGISTERED PARTNERSHIP DEED WITH S.NO.5/2000-2001

The general public is hereby informed that M/S Deepa Constructions, Kirandul is a Partnership firm which has undergone reconstitution w.e.f. 2nd April, 2019 due to retirement of the Partners (1) Shri K.V. Santosh Kumar and (2) Shri K.V. Suresh Kumar by virtue of Deed of retirement executed among themselves on 2nd April, 2019. The retiring partners unanimously agreed to leave the above mentioned Firm's property in favour of my clients, the continuing partners (1) Shri K.Surendran Nair S/o Late Shri K.K. Nair (2) Shri Deepak Nair S/o Shri K. Surendran Nair and (3) Smt. Deeksha Nair W/o Shri K.S.Deepu Nair, to hold the same absolutely forever together with all rights, title, lien, casements, advantages and appurtenances etc without any further claim and interferences from them or by any person or persons under them for the corresponding eligible consideration received by them. By this notice my clients, the continuing partners referred to above inform the public in general that they are the only Partners of M/S Deepa Constructions, Kirandul and whosoever is having any transactions with above said firm now and in future, they should contact my client, the Continuing Partners only.

For M.A. Thomas and Associates
Company Secretaries

(M.A. Thomas)
Place - Jagdalpur
Date - 03-05-2019

क्विक न्यूज

अधिकारी-कर्मचारियों ने ली आतंकवादी विरोधी शपथ

बलौदाबाजार। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की शहादत दिवस जिले में आज आतंकवादी विरोधी दिवस के रूप में मनाया गया। संयुक्त जिला कार्यालय सहित सभी शासकीय कार्यालयों में अधिकारी-कर्मचारी सवेरे 11 बजे आंतकवादी के विरूद्ध अपना योगदान देने की शपथ ली। जिला मुख्यालय के अग्रणी कॉलेज डी.के.कॉलेज में आतंकवाद विरोधी दिवस पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में राजधानी रायपुर स्थित छत्तीसगढ़ कॉलेज के वाणिज्य विभाग के अध्यक्ष श्री तपेश गुप्ता उपस्थित थे। कॉलेज के विद्यार्थियों, प्रोफेसरों और स्टॉफ ने भी आतंकवाद के खिलाफ लड़ने की शपथ ली। प्राचार्य डॉ जय नारायण केशरवानी ने उन्हें शपथ दिलाई। इसी तरह पूरे जिले में आतंकवाद विरोधी दिवस मनाया गया।

नहाने के नाम पर दस वर्षीय बालक ने लगा ली फांसी

कोरिया। आज कल मासूम बच्चों के मन मे क्या चल रहा है इसकी जानकारी मां-बाप को नही होती है। बच्चों की मनःस्थिति न जानने का खामियाजा अभिभावकों को बच्चों को खो देने के रुप मे प्राप्त हो रहा है। अब तक पढ़ाई या रिजल्ट के मामले में डांट डपटने से बच्चों द्वारा सुसाइड कर लेने की बात सामने आ रही थी। लेकिन कोरिया जिले से विचित्र किंतु हृदय को कष्ट देने वाली घटना सामने आ रही है कि एक 10 वर्षीय बालक ने सिर्फ नहाने की बात पर फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। मिली जानकारी के अनुसार कोरिया जिले के पटना थाना अंतर्गत ग्राम सोरगा निवासी प्रताप सिंह का 10 साल का बेटा कई-कई दिन नहाता नहीं था। जिस वजह से उसकी मां ने मंगलवार को उसे डांटा व जबरजस्ती नहलाने की बात कही।

बीड़ी और सिगरेट पीने से हर साल होती है 10 लाख मौतें

जशपुर जिले को धुम्रपान मुक्त बनाने 31 मई को विविध आयोजन

पायनियर संवाददाता ◂ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

बीड़ी और सिगरेट पीने से हर साल हिन्दुस्तान में 10 लाख मौतें होती है बीड़ी पीने से 8 वर्ष तथा सिगरेट के सेवन से 10 वर्ष उम्र कम हो जाती है। यह जानकारी आज यहां कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक के उपरांत कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर की अध्यक्षता में जशपुर जिले को धुम्रपान मुक्त जिला बनाने के संबंध में आयोजित बैठक में दी गई। इस अवसर पर जिला स्तरीय अधिकारियों को कोटपा 2003 के संबंध में विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सार्वजनिक स्थानों पर बीड़ी, सिगरेट पीने पर कड़ाई से रोक लगाए जाने तथा इसका उल्लंघन करने वालों पर जुर्माने की कार्रवाई का निर्णय लिया गया। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी राजेन्द्र कटारा, एसडीएम रवि मित्तल, विजेन्द्र पाटले, रवि राही, डिप्टी कलेक्टर एन.एस.भगत सहित सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि 31 मई को विश्व तम्बाकू निषेध दिवस है। उन्होंने कहा कि तम्बाकू और इसके उत्पाद के सेवन से होने वाले नुकसान के बारे में जन-जागरूकता के लिए जशपुर में जिला और ब्लॉक स्तर पर कार्यक्रम आयोजित होंगे। उन्होंने जनपदों के मुख्यकार्यपालन अधिकारियों को पंचायत स्तर पर भी 31 मई को तम्बाकू और उसके उत्पादों की सार्वजनिक स्थानों पर जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में होली जलाने का कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही। बैठक में जानकारी दी गई कि 31 मई से ही जिले के सभी शैक्षणिक संस्थानों के 100 गज के दायरे को पीली ऑयल पेंट से तीन इंच चौड़ी लाईन खींच कर चिन्हित किया जाएगा और इस 100 गज के दायरे में धुम्रपान का उपयोग प्रतिबंधित होगा। 31 मई को ही जिले के शैक्षणिक संस्थाओं में तम्बाकू और उसके उत्पाद का उपयोग न करने की शपथ ली जाएगी।

बैठक में डॉ के.आर.खुसरो ने कोटपा 2003 के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि इसमें धारा-4 के अंतर्गत सार्वजनिक स्थल पर बीड़ी, सिगरेट पीना पूर्णतः प्रतिबंधित है। इसका उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध 200 रुपए तक जुर्माना किया जा सकता है। धारा-5 के अंतर्गत तम्बाकू एवं उसके उत्पाद का प्रचार-प्रसार एवं विज्ञापन प्रतिबंध है। धारा-6 के अंतर्गत तम्बाकू एवं उसके उत्पाद के पैकेट के कवर पर वैधानिक चेतावनी का चित्र 50 प्रतिशत एरिया में होना अनिवार्य है।

सभी आठों ब्लॉकों में बन रहे एक-एक मॉडल गौठान

जशपुर जिले में प्रथम चरण में 65 गौठानों का हो रहा निर्माण

पायनियर संवाददाता ◂ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ सरकार की नरवा, गरूवा, घुरूवा, बाड़ी योजना के अतंर्गत जशपुर जिले में प्रथम चरण में 65 गौठानों का निर्माण किया जा रहा है। प्रत्येक ब्लॉक में इस योजना के तहत् एक-एक मॉडल गौठान का निर्माण लगभग पूर्णता की ओर है। इन 65 गौठानों का रकबा 317.64 एकड़ है। यहां 79 हजार से अधिक पशुधन के चारे एवं पानी का प्रबंध रहेगा। यहां आने वाले पशुधन के चारे के लिए इन 65 गौठानों से लगकर कुल 784 एकड़ भूमि चारागाह के रूप में विकसित की जा रही है।

योजनांतर्गत निर्मित गौठानों में पशुधन की सुरक्षा के मद्देनजर चारों ओर फेंसिंग अथवा सीटीपी के निर्माण के साथ ही गौठान में पशुओं के चारे और पेयजल की व्यवस्था के लिए कोटना और टंकी का निर्माण, पशुओ के लिए शेड एवं चबुतरे का निर्माण,बीमार पशुओं के ईलाज का भी प्रबंध किया जा रहा है। गौठान विकास समिति यहां की पूरी व्यवस्था पर निगरानी रखेगी। पशुओं की देखभाल के लिए चरवाहे भी रखे गए हैं।

गौठान विकास समिति के लिए गौठान परिसर में एक सामुदायिक शेड बनेगा। समिति यहां पशुओं के प्रबंधन के साथ-साथ आय मूलक गतिविधियां संचालित कर सकेगी। वमी कम्पोस्ट खाद तैयार करने के साथ ही गौठान के इलाके में फलदार पौधों का रोपण भी ग्रामीणों के लिए अतिरिक्त आए का जरिया होगा। मनरेगा के एपीओ श्री शशिकांत गुप्ता ने बताया कि सभी ब्लॉक मुख्यालयों में एक-एक मॉडल गौठान का निर्माण किया जा रहा है, जो लगभग पूर्णता की ओर है। उन्होंने बताया कि जशपुर जिले के ग्राम पोरतेंगा, मनोरा ब्लॉक के रेमने, दुलदुला ब्लॉक के ग्राम दुलदुला, फरसाबहार के ग्राम बोखी, कुनकुरी ब्लॉक के जोरातराई, पत्थलगांव ब्लॉक के ग्राम सुरेशपुर, कांसाबेल ब्लॉक के ग्राम बगिया तथा बगीचा ब्लॉक के ग्राम जुरगुम में मॉडल गौठान का निर्माण अंतिम चरण में है। इन आठों मॉडल गौठानों का कुल रकबा 50.50 एकड़ है। यहां आने वाले पशुओं की संख्या 3600 से अधिक है। मॉडल गौठानों में पानी टंकी, कोटना, चबुतरा, मचान आदि का निर्माण करा लिया गया।

ग्रामीणों के संग्रहित तेंदूपत्ता को बीटगार्ड ने फेंका

■ तेंदूपत्ता संग्रहण को लेकर विवाद का पहला मामला

पायनियर संवाददाता ◂ कोरिया
www.dailypioneer.com

जिला के बैकुण्ठपुर में वन परिक्षेत्र चिरमिरी अंतर्गत ग्राम पंचायत बंजारीडाड़ में तेंदूपत्ता संग्रहण को लेकर दो ग्राम पंचायत के ग्रामीण आपस मे भीड़ गए। मिली जानकारी के अनुसार गत दिवस ग्राम पंचायत पैनारी के गढ़ईया पारा के लगभग दो दर्जन ग्रामीण बस में सवार होकर ग्राम पंचायत बंजारीडाँड़ के जंगल मे तेंदूपत्ता तोड़ने पहुंच गए।दूसरे गांव के लोगो को तेंदूपत्ता तोड़ते देख वहाँ के स्थानीय ग्रामीणों ने तेंदूपत्ता तोड़ने से मना किया।बाद में विवाद की स्थिति निर्मित होने पर काफी लोग एकत्रित हो गए। बाद में मामला शांत कराने के लिए बंजारीडाँड़ के ग्रामीणों ने बीटगार्ड को बुला लिया। बीटगार्ड अजय सिंह के ने पावर दिखाते हुए ग्रामीणों द्वारा संग्रहित किये गए तेंदूपत्ता को फेंकवा दिया,और दोबारा उनके क्षेत्र में तेंदूपत्ता नही तोड़ने की हिदायत भी दे डाली। इस तरह तेंदूपत्ता तोड़ने को लेकर विवाद का ये पहला मामला है। वनविभाग के अधिकारी भी ये मानते है कि तेंदूपत्ता तोड़ने को लेकर कोई सीमा निर्धारित नही है, ऐसे में ग्रामीणों के आपसी विरोध में बीटगार्ड का बीच मे आकर तेंदूपत्ता फेंकना गलत है।

गर्मी से बचने बाड़ी में सोए वृद्ध को हाथी ने कुचला

पायनियर संवाददाता ◂ कोरबा
www.dailypioneer.com

कोरबा वन मंडल में हाथियों का उत्पात थम नही रहा है और ग्रामीणों में दहशत बनी हुई है। एक बार फिर दंतैल ने अपनी बाड़ी में सोए वृध्द ग्रामीण को कुचलकर मार डाला है। करतला रेंज के ग्राम मदवानी का यह मामला है। मृतक के परिजन को वन विभाग द्वारा तत्कालिक सहायता के रूप में 25 हजार रूप्ए प्रदान किया गया है। करतला रेंजर विजय कुमार साहू ने जानकारी दी कि, ग्राम मदवानी में लगन साय राठिया निवास करता है। गांव में सड़क किनारे उसका मकान है। मंगलवार की रात वह अपने मकान में नहीं सोया और गांव से बाहर स्थित बाड़ी में जाकर सो गया। 60 वर्षीय लगनसाय की बाड़ी में केला, कटहल व अन्य सब्जि की पैदावार लगी हुई है। रात्रि करीब 3 बजे अचानक दंतैल उसकी बाड़ी में पहुंच गया। और बाड़ी में लगे केला को खाने लगा। हाथी के आने के कारण बाड़ी में पदचाप और हलचल के कारण लगनसाय उठ बैठा। वह खाट से हाथी को देखने के बाद डर गया और उतरकर जान बचाने के लिए भागने कि सोच रहा था कि, इसी बीच हाथी की नजर उस पर पड़ गई और उसे कुचलकर मार डाला। इस घटना की जानकारी सुबह ग्रामीणों को लगी तो वन व पुलिस अमले को दी गई। मौके पर पहुंचे वन विभाग के अफसर ने मृतक के परिजन को 25 हजार रूप्ए की तत्कालिक सहायता राशि प्रदान की। मृतक का शव बुरी तरह क्षत विक्षत् हो गया था। इस कारण मौके पर ही उसके शव का पोस्टमॉर्टम पुलिस द्वारा कराया गया। फिलहाल इस मामले में करतला थाने में मर्ग कायम कर लिया गया है। उल्लेखनीय है कि, गत् 17 मई को ग्राम मदवानी निवासी यशवंत सिंह राठिया ओर उसका एक मित्र कुदमुरा से शादी से वापस लौट रहे थे तो ग्राम तरईमार के पास अंधेरे में बाईक हाथी से टकरा गई जिससे यशवंत सिंह पर हाथी ने हमला कर दिया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी जबकि उसका साथी जान बचाने में सफल हो गया। इस घटना के 5 दिन बाद यह दूसरी घटना हो गई है। इससे ग्रामीणों में दहशत बनी हुई है।

भनक तक नहीं लगी

करतला रेंज के ग्राम मदवानी में दंतैल के पहुंचने की भनक वन अमले को नहीं लग पाई थी। बताया जाता है कि, मदवानी सीमाक्षेत्र होने के कारण रात में हाथी धरमजयगढ़ क्षेत्र से प्रवेश कर जाते है। और वहीं से वापस लौट जाते है। यह माना जा रहा है कि, दंतैल भी रात में धरमजयगढ़ की सीमा से मदवानी में प्रवेश कर गया। और उसके बाद वापस लौट गया। वर्तमान में बालको रेंज में हाथियों की उपस्थिति बनी हुई है। और दो अलग-अलग झुण्ड में 52 हाथी विचरण कर रहे है। किसानों की रबी की फसल को चौपट कर दिया है।

शिक्षकों की सेवा पुस्तिका के सत्यापन हेतु विशेष अभियान

पायनियर संवाददाता ◂ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

■ 25 मई से 31 मई तक सभी ब्लॉक मुख्यालयों में लगेंगे कैम्प

कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के मार्गदर्शन में जशपुर जिले में शिक्षकों की सेवा पुस्तिका को अद्यतन करने तथा उनके सेवा सत्यापन के लिए आगामी 25 मई से विशेष अभियान शुरू होगा। यह अभियान 31 मई तक चलेगा। इस दौरान खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालयों में शिविर लगेगा। यह निर्णय आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा की बैठक में लिया गया। कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को 25 मई से आयोजित होने वाले कैम्प की तैयारी करने के साथ ही शिक्षकों को इसकी सुचना भी देने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कैम्प में सेवा पुस्तिका के सत्यापन के लिए अनुभवी एवं जानकार लिपिकों की ड्यूटी लगाए जाने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी राजेन्द्र कटारा, एसडीएम रवि मित्तल, विजेन्द्र पाटले, रवि राही, डिप्टी कलेक्टर एन.एस.भगत सहित सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

दो अभियुक्त महिलाओं को 16-16 साल की कठोर कारावास की सजा

पायनियर संवाददाता ◂ जशपुरगगर
www.dailypioneer.com

नाबालिग बालिका को बेचने का मामला

जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री रजनीश श्रीवास्तव ने जशपुर की नाबालिग बालिका कुमारी शोभा यादव को बहला फुसलाकर दिल्ली ले जाकर उसे बेचने के मामले में दोषी दो महिलाओं को भारतीय दण्ड संहिता की विभिन्न धारों के अंतर्गत कुल 16 वर्ष के कठोर कारावास की सजा और 25000 रुपए का अर्थदण्ड से दण्डित किए जाने का आदेश पारित किया है। अर्थदण्ड की अदायगी में चूक किए जाने पर 6 माह का सश्रम कारावास अतिरिक्त होगा। यह मामला डिपाटोली थाना जशपुर की अवयस्क बालिका शोभा यादव को उसके माता के सहमति के बिना बहला फुसलाकर दिल्ली ले जाकर बेचने का है। कुमारी शोभा यादव को उसकी सहेली की मां प्रेमाबाई और एक अन्य अभियुक्त जयमन्ती ने बहला फुसलाकर दिल्ली गायत्री प्लेसमेंट एजेंसी ले गए और अशोक बिहार दिल्ली के एक घर में काम करने के लिए बेच दिया। कुछ दिन बाद उसे साऊथ बिहार सहित अन्य जगहों पर काम करने के लिए बेचा गया। इस दौरान उसे काम के एवज में कोई भी मजदूरी नहीं मिली। बाद में उसे पता चला की काम के लिए उसे बेच दिया गया है, इसलिए पैसा नहीं मिलता। साऊथ बिहार दिल्ली में काम करते समय उसके घर जाने की इच्छा को देखते हुए मकान मालकिन ने उसे प्लेसमेंट एजेंसी पहुंचा दिया। वहां अभियुक्ता जयमन्ती और उसका पति रमेश लोहार मिला। शोभा को लेकर अपने साथ डुमरी आए। इसी बीच नाबालिग बच्ची शोभा यादव की माता ने मुन्नी बाई की सूचना पर आरक्षी केन्द्र जशपुर में एफआईआर दर्ज कर मामला जांच ले लिया गया था। पुलिस ने मामले की जांच-प?ताल के दौरान 2 जुलाई 2017 को जयमन्ती देवी को गिरफ्तार करने के साथ ही शोभा यादव को उसके पास से बरामद किया गया। दूसरी अभियुक्त प्रेमा देवी को 18 जुलाई 2017 को पुलिस ने गिरफ्तार किया। इस मामले की सुनवाई एवं साक्ष्यों के आधार पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री रजनीश श्रीवास्तव ने अभियुक्त जयमन्ती बाई और प्रेमा बाई को भारतीय दण्ड सहिता की धारा 363, 370(4)/34, 374/34 का दोषी मानते हुए उक्त धाराओं के तहत् क्रमशः 5 वर्ष, 10 वर्ष एवं 1 वर्ष के कठोर कारावास का दण्डादेश देते हुए दोनों अभियुक्तों पर कुल 25 हजार रुपए का अर्थदण्ड भी पारित किया है। अभियुक्तों की सभी सजाएं साथ-साथ चलेगी। दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 357 के अंतर्गत अभियुक्त गण द्वारा अदा की गई अर्थदण्ड की राशि में से 20 हजार रुपए पीड़िता की माता मुन्नी बाई यादव पति स्व. राम लखन यादव ग्राम तेलीटोली थाना जशपर को क्षतिपूर्ति स्वरूप तीन माह पश्चात् दिलाए जाने का भी आदेश भी दिया है।

सीएम से मिलकर करेंगे ग्रामीण शिकायत

सड़कों पर फ्लाईएश फेंककर निजी उद्योग पर्यावरण में घोल रहे जहर

पायनियर संवाददाता ◂ रायगढ़
www.dailypioneer.com

डीबी पावर और आरकेएम उद्योग सहित जिले के कई उद्योगों के द्वारा पर्यावरण नियमों की खुलेआम अनदेखी करके सड़क किनारे तथा ग्रामीणों के खेतों पर फ्लाई ऐश फेंक कर पर्यावरण को प्रदूषित किया जा रहा है। प्रभावित लोगों का आरोप है कि इस मामले में पर्यावरण विभाग का मौन समझ से परे है और किसी सांठगांठ की ओर संकेत करता है।

पर्यावरण में जहर घोलने वाले और नेशनल हाइवे के किनारों पर अवैध फ्लाईएश का अवैध भंडारण करने वाले उद्योगों एसकेएस पावर दर्रामुड़ा खरसिया, आरकेएम पावर डभरा, डीबी पावर डभरा के द्वारा खुलेआम पर्यावरण नियमों की अनदेखी की जा रही है और पर्यावरण को प्रदूषित किया जा रहा है। क्षेत्र के प्रभावित ग्रामीणों ने मीडिया को बताया कि बार- बार शिकायत के बाद भी अधिकारी द्वारा केवल नोटिस थमाकर औपचारिता पूरी करने में लगे हैं।

इसके कारण क्षेत्र का वातावरण न केवल प्रदूषित हो रहा है बल्कि रासायनिक डस्ट के कारण लोगों के बीमार होनें की भी लगातार जानकारी मिल रही है।

तेज हवा से उड़ने वाले फ्लाईएश के कारण कई जगह राहगीर व दुपहिया वाहन चालक दुर्घटना के शिकार हो रहें है। वहीं नाक के माध्यम से फ्लाईएश बारीक कण जाने से दमा अस्थमा व सिलकोशिष के शिकार हो रहें है। ऐसे व कर्तव्यविमुख पर्यावरण अधिकारी के विरुद्ध जनहित में निलंबन की कार्यवाही किए जाने की मांग कुनकुनी ,सिंघनपुर, पतरापाली के ग्रामीणों ने की है। सड़को के ऊपर फेके जाने वाले फ्लाई ऐश को लेकर जल्द प्रतिनिधि मण्डल मुख्यमंत्री से मुलाकात कर रायगढ़ के पर्यावरण में जहर घोलने वाले पर्यावरण अधिकारी के निलंबन की मांग करेंगे।

मतगणना केन्द्र की व्यवस्थाओं का ड्राई रन परीक्षण

बलौदाबाजार। नई मण्डी परिसर में मतगणना के लिए की गई व्यवस्थाओं का आज 'ड्राई रन परीक्षण' किया गया। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल की मौजूदगी में लगभग 5 घण्टे तक परीक्षण की कार्रवाई की गई। परीक्षण के अंतर्गत चुनाव आयोग को रिपोर्टिंग के लिए उपलब्ध कराई गई साफ्टवेयरों में जानकारी भेजने की कार्रवाई का टेस्ट किया गया। यह कार्रवाई ऑपरेटरों द्वारा उसी प्रकार की गई जिस तरह 23 तारीख को जानकारी भेजा जाना है। परीक्षण में पाया गया कि सभी साफ्टवेयर उचित तरीके से काम कर रहे हैं। विशेषकर एक्सल शीट, सुविधा साफ्टवेयर की जांच की गई। केन्द्र में बिजली की नियमित आपूर्ति को बंद करके वैकल्पिक साधन के रूप में मौजूद जनरेटरों की भी जांच की गई।

25 मई को मनाया जाएगा जिले का 21वां स्थापना दिवस

अधिकारी व कर्मचारी करेंगे सती तालाब में श्रमदान

पायनियर संवाददाता ◂ जशपुरगगर
www.dailypioneer.com

25 मई को जशपुर जिला अपनी स्थापना की 21 वीं वर्षगांठ मनाएगा। आचार संहिता के चलते सांस्कृतिक एवं अन्य तरह के आयोजन पर रोक को देखते हुए जिला प्रशासन ने इसे यादगार बनाने के उद्देश्य से शहर के मध्य स्थित सती तालाब के गहरीकरण एवं सौन्दर्यीकरण कार्य में सबकी सहभागिता सुनिश्चित करते हुए श्रमदान करने का निर्णय लिया है। कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर की अगुवाई में जिला प्रशासन के सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी, स्वंय सेवी एवं समाजसेवी पदाधिकारी 25 मई को सुबह 6 बजे से सती तालाब के गहरीकरण के लिए श्रमदान करेंगे।

जिले के स्थापना के 21वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में जिला प्रशासन ने जिला अस्पताल सहित जिले के सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों तथा अन्य प्रमुख स्थलों पर हेल्थ कैम्प लगाने का निर्णय लिया है। इस कैम्प के माध्यम से लोगों के स्वास्थ्य की निःशुल्क जांच कर उन्हें आवश्यक दवाएं दी जाएगी।

कैम्प में लोगों के उच्च रक्तचाप, मधुमेह, हाईपरटेंशन, होमोग्लोबिन, माऊथ कैंसर, ब्रेस्ट कैंसर आदि की जांच की जाएगी।

कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को हेल्थ कैम्प की आयोजन की तैयारियां करने तथा ज्यादा से ज्यादा लोगों को इसका लाभ देने के निर्देश दिए। यहां यह उल्लेखनीय है कि जिले के हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर में गैर संचारी रोगों की रोकथाम एवं इससे बचाव के उपाय के बारे में लोगों को जानकारी देकर उन्हें जागरूक बनाने के साथ ही बी.पी., शुगर, हाईपरटेंशन, कैंसर आदि के प्रारंभिक लक्षणों की जांच प?ताल भी की जा रही है। बीते 15 मई से शुरू हुआ गैर संचारी रोग नियंत्रण जागरूकता अभियान 15 जून तक चलेगा।

जिले में गौ तस्कर फिर से हुए सक्रिय, खरसिया और धरमजयगढ़ में पकड़े गए

पायनियर संवाददाता ◂ रायगढ़
www.dailypioneer.com

जिले में गौ तस्कर एक बार फिर सक्रिय हो गए हैं और गौ वंश को लेकर बाहरी प्रांतों में बेचने का प्रयास किया जा रहा है। जिसे रोकने के लिए गौ रक्षक दल अपने स्तर पर प्रयास कर रहे हैं।

सफेद रंग की मैक्स पिकअप में आधा दर्जन से अधिक गौ तस्कर गायों को लादे शहर के आउटर जंगली इलाके में धूमते दिखे। क्षेत्रवासी गौ रक्षक दल को बरभौना रेलवे फ्लाईओवर के आस-पास एक मैक्स में पीछे कई लोग दिखाई दिए। ये लोग गाड़ी में लदी बैल को नीचे दबाने का प्रयत्न कर रहे थे। फिर क्या, गौ रक्षक दल ने तुरंत ही 112 छाल थाना को सूचना दे दिया। स्थानीय निवासी ने बताया कि गौ तस्कर इतने चालाक थे कि वे करीब घंटो तक पुलिस के साथ आंख मिचौली करते रहे। बाबजूद वाहन और सात नग गौ वंश छोड़ कर गौ तस्कर पुलिस को छका कर नौ दो ग्यारह हो गए। वहीं बताया जा रहा है कि बरभौना गांव के रहवासी, देहाती नालशी का कहना है कि पिकप में अवैध रूप से मवेशी गाय बैल को बांधकर क्रूरूरतापूर्वक तरीके से ले जाया जा रहा था। गाय बैल को रस्सियों से बांध रखे थे। वहीं मौके से आरोपी व ड्राइवर फरार हो गए। बताया जा रहा है कि जब मामला फैलने लगा तो आनन-फानन में पंचनामा व अपराध पंजीबद्ध कर आगे की प्रक्रिया शुरू की गई।

बैठक...

श्रीनगर (वार्ता)। जम्मू और कश्मीर के लद्दाख क्षेत्र में एक सीमा कार्मिक बैठक के दौरान वास्तविक नियंत्रण रेखा पर भारत और चीन के सैनिक।

त्विक न्यूज

सोना 10 रुपये चमका, चांदी 150 रुपये फिसली

नयी दिल्ली (वार्ता)। वैश्विक स्तर पर दोनों कीमती धातुओं में रही गिरावट के बीच खुदरा जेवराती ग्राहकी आने से बुधवार को दिल्ली सर्राफा बाजार में सोना 10 रुपये की तेजी में 32,680 रुपये प्रति दस ग्राम पर पहुंच गया। हालांकि इस दौरान औद्योगिक मांग कमजोर पड़ने से चांदी 150 रुपये फिसलकर 37,200 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गयी। लंदन एवं न्यूयॉर्क से मिली जानकारी के अनुसार, सोना हाजिर 0.25 डॉलर की गिरावट में 1,274.05 डॉलर प्रति औंस पर आ गया।

ओडिशा में दुर्घटना में एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत

भुवनेश्वर, (वार्ता)। ओडिशा के कालाहांडी जिले के जेरिंग वन के समीप बुधवार तड़के सड़क दुर्घटना में दो बच्चों समेत एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत हो गई और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये। पुलिस सूत्रों ने बताया कि आशुतोष बेहरा अपने परिवार के साथ केसिंगा रेलवे स्टेशन से जिले के जूनागढ़ तहसील के अंतर्गत खुर्सलगुडा गांव लौट रहा था और इसी दौरान यह हादसा हुआ। मृतकों में आशुतोष बेहरा, उनके भाई जगन्नाथ, पुत्र विकी और दो पोतियां शामिल हैं। दुर्घटना में परिवार का घरेलू सहायक गंभीर रूप से घायल हो गया है।

जौनपुर में मनाया गया राजाराम मोहन राय का 247 वाँ जन्मदिन

जौनपुर (वार्ता)। उत्तर प्रदेश में जौनपुर के सरावां में हिन्दुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन आर्मी और लक्ष्मी बाई ब्रिगेड के कार्यकर्ताओ ने बुधवार को महान समाज सुधारक राजा राम मोहन राय का 247 वां जन्मदिन मनाया। दोनों ब्रिगेड के कार्यकर्ता सरावां स्थित शहीद लाल बहादुर गुप्त स्मारक पर एकत्र हुए और महान समाज सुधारक को याद करते हुए शहीद स्मारक पर मोमबत्ती और अगरबत्ती जलायी। उपस्थित लोगो को संबोधित करते हुए लक्ष्मीबाई ब्रिगेड की अध्यक्ष मंजीत कौर ने कहा कि समाज सुधारक का जन्म बंगाल के हुगली जिले के राधानगर गाँव में 22 मई 1772 को एक रूढ़िवादी ब्राह्मण परिवार में हुआ था।

अफगानिस्तान में तीन आतंकवादी मरे, 20 घायल

मजार-ए-शरीफ, (शिन्हुआ)। अफगानिस्तान के बल्ख प्रांत में एक सैन्य अभियान के दौरान तीन आतंकवादी मारे गये और 20 अन्य घायल हो गये। सेना कोर 209 शाहीन ने बुधवार को बताया कि सेना के जवानों ने बल्ख प्रांत के बल्ख जिले में मंगलवार को अभियान शुरू किया था। पांच गांवों को आतंकवादियों से मुक्त करा दिया गया है। बयान में बताया गया कि सुरक्षा बलों ने हथियारों और गोला-बारूद के साथ आतंकवादियों की सात मोटरसाइकिलें भी जब्त की है। इस दौरान सुरक्षा बलों और नागरिकों को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है।

एनडीए को रोकने नतीजों से पहले गठबंधन को साधने में जुटी कांग्रेस

एजेंसी ◂ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

एग्जिट पोल के अनुमान के बाद कांग्रेस ने एनडीए को सत्ता में लौटने से रोकने की तैयारी और तेज कर दी है। माना जा रहा है कि कांग्रेस ने नतीजों से पहले ही गठबंधन को और मजबूत करने के लिए गोटियां सेट करना शुरू कर दिया है। कांग्रेस का मानना है कि यदि एनडीए बहुमत से कुछ दूर रहती है तो इस तरह की रणनीति काफी मददगार साबित हो सकती है। चुनाव बाद और नतीजों से पहले गठबंधन की रणनीति पर कांग्रेस की टॉप लीडरशिप काम कर रही है। फिलहाल इस रणनीति पर अन्य संभावित साझेदारों के साथ चर्चा चल रही है। सूत्रों का कहना है कि इस तरह की बातचीत में खुद कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी, पार्टी नेता अहमद पटेल और कर्नाटक फॉम्युले की तैयारी

सूत्रों ने बताया कि कांग्रेस की टॉप लीडरशिप को इस तरह का प्लान सीनियर वकील और कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी ने सुझाया है। उन्होंने पार्टी को बताया कि जिस तरह कर्नाटक में चुनाव के बाद और अंतिम नतीजों से ठीक पहले कांग्रेस और जेडीएस ने गठबंधन कर बीजेपी को सत्ता में आने से रोका है, ठीक वैसे ही केंद्र में भी यह प्रयोग सफल हो सकता है। पार्टी ने सिंघवी को इस रणनीति के कानूनी पहलू पर काम करने का जिम्मा सौंपा है।

लोकसभा चुनाव के बाद यूपी में उपचुनाव की रेस – सूत्रों का कहना है कि इस दिशा में पहला कदम अन्य दलों को एक साथ लाना और अगले 24 घंटों के भीतर नतीजों से पूर्व गठबंधन का ऐलान करना है।

माना जा रहा है कि इसके लिए चर्चा पहले से ही शुरू हो चुकी है। इस कवायद का मकसद यह है कि गैर-बीजेपी दलों की पहले से ही 'घेराबंदी' कर ली जाए, ताकि नतीजों के बाद अन्य सहयोगियों को तलाशने में बीजेपी को दिक्कत हो।

विपक्ष अड़ा, ईवीएम पर ईसी ने यूं किया आश्वस्त

सूत्रों का कहना है कि यदि एनडीए बहुमत से दूर रहता है तो अगला कदम यह होगी कि सरकार बनाने का दावा किया जाए और साथ-साथ सर्वसहमति से एक नेता की तलाश की जाए। यह बिल्कुल वही तरीका है, जिससे कांग्रेस और जेडीएस ने कनार्टक में बीजेपी को सरकार बनाने से रोका था। बीजेपी कनार्टक में 104 सीटों के साथ सबसे बड़ी पार्टी के तौर पर उभरी थी, लेकिन 9 विधायकों की कमी से सरकार बनाने से चूक गई थी। कनार्टक के राज्यपाल ने सबसे बड़ी पार्टी के नेता होने के नाते येदियुरप्पा को मुख्यमंत्री पद की शपथ दिला दी थी।

कमलनाथ बोले, कांग्रेस विधायकों को खरीदने में लगी बीजेपी, पलटवार

भोपाल (एजेंसी)। लोकसभा चुनाव परिणाम से ठीक पहले देश का दिल कहे जाने वाले मध्य प्रदेश में राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। मुख्य विपक्षी पार्टी बीजेपी के राज्य में कांग्रेस सरकार के अल्पमत में होने के दावे के बाद अब मुख्यमंत्री कमलनाथ ने आरोप लगाया है कि भगवा पार्टी उनके विधायकों को खरीदने का प्रयास कर रही है। कमलनाथ ने कहा कि कम से कम 10 विधायकों को खरीदने का प्रयास किया जा रहा है। कमलनाथ ने कहा, कम से कम 10 विधायकों ने मुझे बताया है कि उन्हें फोन आ रहे हैं और पैसे तथा पद का प्रलोभन दिया जा रहा है। मैं इन विधायकों के नाम का खुलासा कर सकता हूं। उधर, बीजेपी ने सीएम कमलनाथ के आरोपों को खारिज किया है। बीजेपी ने कहा कि लोकसभा चुनाव परिणाम आने से पहले यह कमलनाथ की हताशा को दर्शाता है। राज्य में नेता प्रतिपक्ष गोपाल भार्गव ने कहा, बीजेपी खरीद-फरोख्त में विश्वास नहीं करती है। इस बीच मध्य प्रदेश के कानून मंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पीसी शर्मा ने दावा किया है कि 23 मई के बाद बीजेपी के 20 से 25 विधायक कांग्रेस में आएंगे। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के रिजल्ट के दिन रणनीति बनाने के लिए सत्तारूढ़ गठबंधन के सभी विधायक कमलनाथ द्वारा बुलाई गई बैठक में शामिल रहेंगे।

50 करोड़ रुपये का ऑफर – मध्य प्रदेश की कांग्रेस सरकार में खाद्यान और नागरिक आपूर्ति मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने भी आरोप लगाया है कि कांग्रेस के विधायकों को पार्टी छोड़ने के लिए 50 करोड़ रुपये का ऑफर दिया गया है। उधर, इस दावे के बारे में कमलनाथ ने कहा, अरे भाई, पता नहीं वे लोग क्या क्या कर रहे हैं।

किम की आलोचना पर उ. कोरियाई मीडिया ने अमेरिका के पूर्व उपराष्ट्रपति को मूर्ख कहा

- **उ.कोरियाई मीडिया ने कहा- पूर्व उपराष्ट्रपति का पिछला जीवन बेहद दागदार था**
- **'यूनिवर्सिटी में साहित्य की चोरी करने पर बिडेन को एफ ग्रेड दिया गया था'**

एजेंसी ◂ सियोल
www.dailypioneer.com

किम जोंग उन को तानाशाह बताने पर उत्तर कोरिया का सरकारी मीडिया अमेरिका के पूर्व उपराष्ट्रपति जो बिडेन पर जमकर बरसा और उन्हें मूर्ख बताया। कोरियाई मीडिया ने बिडेन की पिछली जिंदगी पर भी टिप्पणी की। महिलाओं के प्रति उनके असहज बर्ताव के साथ कुछ और घटनाओं का भी जिक्र किया गया। मीडिया का कहना है कि यूनिवर्सिटी में साहित्य की चोरी करने पर बिडेन को एफ ग्रेड दिया गया था। साथ ही ब्रिटेन की लेबर पार्टी के नेता नील किन्नोक का भाषण कॉपी करने पर भी उन्हें हंसी का पात्र बनना पड़ा था।

बिडेन को बेहूदा तक बताया– कोरियाई मीडिया ने आरोप लगाया कि बिडेन किम जोंग को बदनाम कर रहे हैं। चुनाव जीतने के लिए वे अनर्गल बातें कर रहे हैं। बेहूदा और इस कदर लापरवाह नेता हैं कि 2011 में तत्कालीन राष्ट्रपति ओबामा के भाषण के दौरान सो गए थे। इससे उन्हें हंसी का पात्र बनना पड़ा था।

डेमोक्रेट्स की तरफ से दावेदारी पेश कर रहे हैं बिडेन– अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव के लिए बिडेन डेमोक्रेट्स की तरफ से दावेदारी पेश कर रहे हैं। उनका दावा है कि वे राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को अगले चुनाव में मात दे सकते हैं। उन्होंने अपना चुनावी अभियान भी तेज कर दिया है। ओबामा के कार्यकाल में बिडेन दो बार उपराष्ट्रपति रहे थे।

'किम जैसे तानाशाहों को गले लगाना गलत'– उत्तर कोरिया ने फिलाडेल्फिया में की गई बिडेन की टिप्पणी पर आपत्ति जताई। उन्होंने कहा था- अमेरिका जिस तरह पुतिन और किम जोंग उन जैसे तानाशाहों को गले लगा रहा है, वह निंदनीय है। एक समय ट्रम्प और किम जोंग के रिश्ते बेहद तनाव भरे हो गए थे।

निजी स्कूलों के लिए सी बी एस ई दिशा-निर्देश जारी करें : जावेडकर

एजेंसी ◂ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

मानव संसाधन विकास मंत्री प्रकाश जावडेकर ने मनमानी फीस और शिक्षकों को निर्धारित वेतन से कम मिलने की शिकायतों को रोकने के लिए केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) को निजी स्कूलों के लिए दिशा-निर्देश जारी करने को कहा है।

श्री जावडेकर ने बुधवार को यहां विज्ञान भवन में बारहवीं की परीक्षा में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले 75 छात्रों को गुण गौरव पुरस्कार प्रदान करते हुए यह बात कही। उन्होंने समारोह में केन्द्रीय नवोदय विद्यालय, जवाहर नवोदय विद्यालय और दिल्ली सरकार के स्कूलों के छात्रों के अलावा दिव्यांग तथा आर्थिक रूप से कमजोर एवं दलित छात्रों को यह पुरस्कार प्रदान किये। समारोह में स्कूली शिक्षा सचिव रीना रे सीबीएसई के सचिव अनुराग त्रिपाठी, मानव संसाधन विकास मंत्रालय में संयुक्त सचिव आर. सी. मीणा और नवोदय विद्यालय समिति के आयुक्त वी. के. सिंह भी उपस्थित थे। श्री जावडेकर ने निजी स्कूलों की चर्चा करते हुए कहा कि सीबीएसई को चाहिए कि वह इन स्कूलों के लिए भी गाइडलाइन्स जारी करे। स्कूल की दुकान से ही किताब और ड्रेस लेना क्यों अनिवार्य हो। स्कूलों की फीस भी मनमानी न हो। उन्हें फीस बढ़ाने का अधिकार हो, पर महंगाई के हिसाब से उसका प्रतिशत निर्धारित हो।

वनों का विनाश, प्रजातियों का विलुप्त होना बड़ी चुनौती : वेंकैया

चेन्नई, (वार्ता)। उप राष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू ने कहा है कि वनों का विनाश तथा प्रजातियों का विलुप्त होना इस समय हमारे सामने सबसे बड़ी चुनौती है। श्री नायडू ने जैव विविधता दिवस के मौके पर बुधवार को यहां समारोह में कहा, मौजूदा समय में हम वनों के विनाश तथा प्रजातियों के विलुप्त होने की बड़ी चुनौती का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वन पारिस्थितिकीय तंत्र के महत्वपूर्ण अंग हैं और यह धरती पर जीवन को बनाये रखने में सीधे तौर पर प्रभाव डालते हैं। उन्होंने कहा, कटाई, नगरीकरण, औद्योगिकरण तथा प्रदूषण के कारण हम लोग पेड़ों को खो रहे हैं। उन्होंने कहा कि चक्रवात तथा बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदाओं को कारण पेड़ नष्ट हो रहे हैं, जिसका लोगों के जीवन पर बुरा असर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि वैश्विक मापदंड के अनुसार कुल क्षेत्रफल के 33.3 हिस्से पर वन होना चाहिए लेकिन भारत में महज 21 हिस्से में ही वन हैं। उन्होंने बताया कि विश्व संसाधन संस्थान की हालिया रिपोर्ट के अनुसार भारत में 2001 से 2018 के बीच 1.60 करोड़ हेक्टेयर भूमि पर से पेड़ों की कटाई हुई है।

डोकलाम विवाद पर चीन ने कहा- एक ही परिवार के दो भाईयों में दिक्कत हो जाती है

एजेंसी ◂ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

भारत में मौजूद चीनी राजदूत लुओ झाओहुई ने भारत और चीन के बीच जून 2017 में हुए डोकलाम विवाद पर अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, दो महान पड़ोसी देशों के बीच कुछ गलत हो रहा है। यह स्वाभाविक है। ठीक जिस तरह एक छत के नीचे रहने वाले एक ही परिवार के दो भाईयों के बीच विवाद हो जाता है। यह स्वाभाविक है।

लुओ ने आगे कहा, यदि आप पिछले 2000 सालों के परिवार का आदान-प्रदान देखेंगे तो कुछ छोटी-मोटी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है और कुछ नहीं। यह कुछ नहीं है और हमें इस मसले को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। हमने साथ किया और मुद्दे को सुलझाया जिससे यह सुनिश्चित हो गया कि द्वीपक्षीय संबंध दोबारा सामान्य पटरी पर लौट आए हैं।

उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग पिछले पांच सालों के दौरान 17 बार मिले हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कई बार चीन की यात्रा की है और जिनिपिंग ने भारत की। पिछले साल अप्रैल में वुहान यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री राष्ट्रपति के गृहनगर जियान गए थे। बिजी शेड्यूल होने के बावजूद दोनों नेताओं ने साथ में समय बिताया था और इसने मुझे काफी प्रभावित किया।

चीनी राजदूत ने उम्मीद जताई है कि लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद भी दोनों देशों के बीच दोस्ती वाले रिश्ते बने रहेंगे। उन्होंने कहा कि पिछले महीने एससीओ बैठक होगी और इसके बाद जी-20 समिट होना है। नेता इस कांफ्रेंस में मुलाकात करेंगे और इसलिए यह एक रिवाज बन गया है।

निफ्टी 29 अंक ऊपर 11738 पर बंद, इंट्रा-डे में 11784 तक पहुंचा

सेंसेक्स 140 अंक की बढ़त के साथ 39110 पर बंद, इंडसइंड बैंक के शेयर में 5 प्रतिशत उछाल

एजेंसी ◂ मुंबई
www.dailypioneer.com

शेयर बाजार बुधवार को फायदे में रहा। सेंसेक्स 140.41 अंक की बढ़त के साथ 39,110.21 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान 39,249.08 के स्तर तक पहुंचा। निफ्टी की क्लोजिंग 28.80 प्वाइंट ऊपर 11,737.90 पर हुई। इंट्रा-डे में 11,784.80 तक पहुंचा था। बैंकिंग और ऑटो शेयरों में अच्छी खरीदारी हुई। विश्लेषकों के मुताबिक एग्जिट पोल में एनडीए को बहुमत के अनुमान से बाजार में खरीदारी हो रही है। नतीजे 23 मई को यानी कल आएंगे।

सन फार्मा के शेयर में 3 प्रतिशत बढ़त

सेंसेक्स के 30 में से 25 और निफ्टी के 50 में से 34 शेयर फायदे में रहे। इंडसइंड बैंक का शेयर बीएसई पर 5 प्रतिशत और एनएसई पर 5.5 प्रतिशत बढ़त के साथ बंद हुआ। सन फार्मा के शेयर में 3 प्रतिशत का उछाल आया।

आम चुनाव के नतीजों पर बाजार की नजर

कॉरपोरेट इतिहासकार प्रकाश बियाणी का कहना है कि नतीजे एग्जिट पोल के मुताबिक रहे तो सेंसेक्स में 10 प्रतिशत से ज्यादा उछाल आ सकता है और अपर सर्किट लागू हो सकता है। नतीजे विपरीत रहे तो लोअर सर्किट भी लग सकता है। हालांकि, गुरुवार को इसके आसार कम हैं क्योंकि जब तक नतीजे पूरी तरह स्पष्ट होंगे तब तक क्लोजिंग का वक्त हो जाएगा। इसलिए चुनाव के नतीजों के अगले दिन यानी शुक्रवार को बाजार पर ज्यादा असर दिखेगा।

जेट एयरवेज का शेयर 2 दिन में 20 प्रतिशत चढ़ा

बीएसई पर शेयर 5.17 प्रतिशत के साथ 158.55 रुपए पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान 8 उछाल आया था। हालांकि, एनएसई पर सिर्फ 1.96 प्रतिशत बढ़त के साथ 153.80 रुपए पर कारोबार खत्म किया। मंगलवार को शेयर 15 प्रतिशत फायदे में रहा था। हिंदुजा ग्रुप द्वारा हिस्सेदारी खरीदने की संभावना की खबर से शेयर में खरीदारी तेज हुई है।

सदन में बहुमत साबित कराने के पक्ष में नहीं : शिवराज

वार्ता ◂ भोपाल
www.dailypioneer.com



मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) जोड़ने-तोड़ने की राजनीति में विश्वास नहीं करती और वे सदन में बहुमत साबित करने (फ्लोर टेस्ट) के पक्ष में नहीं हैं। श्री चौहान ने आज यहां संवाददाताओं से चर्चा के दौरान कहा कि भाजपा जोड़ने-तोड़ने की राजनीति में विश्वास नहीं रखती। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के लोग ही कहीं अपने गलत कार्यों से सरकार ना गिरा दें। राज्य में इस मुद्दे पर गर्मायी राजनीति पर उन्होंने कहा कि वे इसके पक्ष में नहीं हैं। हालांकि इसके कुछ देर बाद श्री चौहान ने पार्टी की प्रदेश इकाई के कार्यालय में संवाददाताओं से कहा कि उनकी नेता प्रतिपक्ष गोपाल भार्गव से इस बारे में चर्चा हुई है। वे भी सदन में बहुमत साबित करना नहीं चाहते। उन्होंने कहा कि भाजपा ने कभी बहुमत साबित करने की बात नहीं की। राज्य विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष श्री भार्गव ने दो दिन पहले राज्यपाल आनंदीबेन पटेल को पत्र लिखते हुए उनसे विभिन्न मुद्दों पर चर्चा के लिए विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने की मांग की थी। उन्होंने मीडिया से चर्चा में ये भी कहा था हर सर्वेक्षण में केंद्र में एनडीए सरकार तय लग रही है।

अब कुछ घंटों का इंतजार, फिर आर या पार, आज मिलेगा लोकसभा को नया सांसद

डाक मतपत्रों की गिनती पहले, शाम तक आ जाएंगे परिणाम

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

चौंतीस दिनों के लम्बे इंतजार के बाद आज वो दिन आ ही गया है जब अब कुछ घंटों बाद ही राजनाँदगाँव लोकसभा क्षेत्र की जनता को पता चल जाएगा की इस बार उनका नया सांसद कौन होगा ? आज आने वाले परिणाम से यह भी साफ हो जाएगा की क्षेत्र की जनता ने मौजूदा भाजपा सरकार पर भरोसा जताया है या फिर बदलाव में बह कर प्रदेश की तरह देश में भी उन्होंने राहुल गांधी को चुनने के लिए भोला पर भरोसा किया है ! हालांकि मामला किसी के पक्ष में भी एक तरफा नहीं होगा जीत चाहे जिसकी भी हो वो बहुत ज्यादा अंतर से नहीं होगी। प्रशासन ने मतगणना की लगभग सारी तैयारियां पूरी क्र ली हैं अब इन्तजार केवल और केवल गिनती और घोषणा का रह गया है। स्थानीय एफसीआई गोदाम में सुबह आठ बजे से मतगणना शुरू हो जायेगी और दोपहर तक रुझान व् शाम तक निर्णय जनता के सामने होगा।

जीत के लिए दोनों आस्वस्त , भोला ने कहा दो लाख का होगा अंत , संतोष ने कहा जीत पक्की सांसद चुनाव में अपनी अपनी जीत के लिए भाजपा व् कांग्रेस दोनों के प्रत्याशी आस्वस्त हैं लेकिन कांग्रेस के भोला

राम साहू कुछ अधिक ही भरोसा किये बैठे हैं ! भोलाराम साहू ने कहा की कांग्रेस की जीत होगी और वो लगभग दो लाख वोट से जीत कर

आएंगे ! जबकि भाजपा के संतोष पांडेय ने कहा की भाजपा की जीत सुनिश्चित है लेकिन जीत का अंत बताने में उन्होंने जल्दबाजी नहीं की।

भोला के संग बिहारी लाल, संतोष के संग भोलेनाथ

राजनांदगाव लोकसभा में मॉडन के बाद अन्य क्षेत्रों में प्रचार के लिए जाने के बाद भी दोनों प्रत्याशी जीत के लिए भगवान की शरण में जाना नहीं भूले ! कांग्रेस के भोला राम साहू ने वृंदावन जाकर बांके बिहारी लाल को अपने पक्ष में किया जभी भाजपा के संतोष पांडेय ने बाबा धाम जाकर भोलेनाथ से संपर्क साधा ! दोनों की जीत बहुत आसान नहीं है और कांटे की टक्क र भी हो सकती है अब आज देखना यह है की भाजपा व् कांग्रेस के दोनों प्रत्याशियों ने भगवान् का तो आशीर्वाद ले लिया है लेकिन जनता ने किसे आशीर्वाद दिया है ये कुछ घंटों बाद पता चल ही जाएगा।

आठ विधानसभा के 150 राउंड करेंगे भाग्य तय

राजनांदगाव लोकसभा के आठ विधानसभा मोहला मानपुर , खुज्जी , डोंगरगढ़ , डोंगरगाव , राजनांदगाव , कवर्धा , पंडरिया , खैरागढ़ में कुल मिलाकर 150 राउंड में मतगणना होगी और इसी से तय होगा । दोनों में से किसी एक प्रत्याशी का भाग्य!

थल सेना भर्ती रैली एक जून से बिलासपुर में

विकासखंड मुख्यालयों में निःशुल्क प्रशिक्षण शुरू

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

एक जून से 10 जून तक बिलासपुर में राज्य स्तरीय थल सेना भर्ती रैली आयोजित की जा रही है। कलेक्टर जयप्रकाश मौर्य के निर्देश पर रैली में जिले के अधिक अधिक युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए विकासखंड मुख्यालयों में निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किए गए हैं। इसके लिए शिक्षा विभाग के व्यायाम शिक्षकों और खेल विभाग के अधिकारियों को नोडल अधिकारी बनाया गया।

थल सेना भर्ती रैली के लिए प्रशिक्षण लेने के इच्छुक युवा विकासखंड मुख्यालयों के जनपद पंचायत कार्यालयों में पंजीयन करवा सकते हैं। जो युवा बौद्धिक परीक्षा का प्रशिक्षण लेना चाहते हैं वे अपना पंजीयन जिला रोजगार कार्यालय राजनांदगांव में पंजीयन करवा सकते हैं। बौद्धिक परीक्षा का प्रशिक्षण भी निःशुल्क दिया जाएगा। राज्य स्तरीय थल सेना भर्ती रैली का आयोजन बिलासपुर के बहतराई स्टेडियम में एक जून से 10 जून तक किया जा रहा है।

जिले के कुल 117 गौठानों में से प्रत्येक विकासखंड में होगा एक-एक मॉडल गौठान

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से प्रारंभ की गई छत्तीसगढ़ महत्वाकांक्षी नरवा, गरवा, घुरवा, बारी योजना राज्य के गांवों की तकदीर एवं तस्वीर बदलने वाली योजना साबित हो रही है। इस योजना के अंतर्गत राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम मोखला में निर्माणाधीन आदर्श गौठान बहुउपयोगी साबित होता दिखाई दे रहा है।

जिले की प्रमुख नदी शिवनाथ के किनारे लगभग साढ़े 12 एकड़ की भूमि पर बनाए जा रहे इस गौठान एवं चारागाह का स्वरूप यहां की प्राकृतिक एवं भौगोलिक स्वरूप भी अत्यंत अनुकुल होने के कारण मनोरम दिखाई देता है। ग्राम मोखला शिवनाथ नदी के किनारे स्थित होने एवं सामुचित मात्रा में सिंचाई सुविधा उपलब्ध होने के कारण इस गांव में बारहमासी खेती की जाती है।

ग्राम मोखला में खेती किसानी के अलावा पशु पालन भी अत्यंत समृद्ध है। जिसके कारण फसलों को अपने गांव के अलावा अन्य अवारा पशुओं से रक्षा करना काफी चुनौतिपूर्ण कार्य होता था लेकिन वर्तमान में ग्राम मोखला में आदर्श गौठान के निर्माण होने से पशुओं को इस गौठान में सुरक्षित रखने से गर्मी के मौसम में खेती-किसानी करने में काफी सुहुलियत हो रही है। इस वर्ष ग्रीष्म काल में मोखला के किसानों के रबी फसलों को पशुओं के द्वारा किसी भी प्रकार की क्षति नहीं पहुंचाई गई है। वर्तमान में छत्तीसगढ़ सरकार की इस विशेष प्राथमिकता वाले इस योजना के फलस्वरूप ग्राम मोखला में गौठान के निर्माण करने से समग्र ग्राम की तस्वीर बदलने लगी है।

इस योजना के फलस्वरूप ग्राम में एक आदर्श गौठान के निर्माण के साथ-साथ पशुओं के लिए समुचित मात्रा में चारा उपलब्ध होने से पशुओं का ग्राम में अनावश्यक विचरण दिखाई नहीं दे रहा है। इसके अलावा इस गौठान में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत स्व सहायता समूह की महिलाएं वर्मी कम्पोस्ट निर्माण करने की विधि सिखने के अलावा सीमेंट पोल, फैंसिग तार एवं डिजायनर चुड़ी बनाने जैसे स्वरोजगार मूलक कार्य भी समूह की महिलाओं द्वारा किया जायेगा। इस तरह यह योजना ग्रामीणों के लिए अनेक दृष्टि से काफी लाभप्रद होने से इस कार्य में ग्रामीणों के दिल से जुडने के कारण ग्राम मोखला की पूरी तस्वीर बदलने लगी है। इसी तरह जिले के सभी विकासखंडों के विभिन्न ग्राम पंचायतों में कुल 117 गौठान बनाए जा रहे हैं। इसके साथ ही ग्राम मोखला के गौठान के तर्ज पर जिले के प्रत्येक विकासखंडों में एक-एक मॉडल गौठान का निर्माण भी किया जा रहा है। जिले के सभी गौठानों में मुलभूत सुविधाएं उपलब्ध करा दी गई है। साथ ही इन गौठानों में पशुओं का आना भी प्रारंभ हो गया है।

ग्राम मोखला के कुल 12 एकड़ जमीन में से 7.5 एकड़ जमीन में गौठान निर्माण एवं शेष जमीन को चारागाह के रूप मं विकसित किया जा रहा है। गौठान निर्माण के प्रारंभिक दिनों में भी प्रतिदिन गांव के कुल 690 पशुओं में से अधिकांश पशु गौठान में आ रहे हैं। जिसके कारण इस स्थान का पूरा परिदृश्य ही बदल गया है।

अब यह स्थान सुविधायुक्त गोकुलधाम के रूप में परिवर्तित हो गया है। इस गौठान में कुल कोटना 4 से 2 का निर्माण कार्य पूरा हो गया है। इसी तरह सभी 7 पानी टंकी, 3 चबूतरा एवं पैरा हेतु 7 मचान का निर्माण का कार्य पूरा हो गया है। इसके अलावा वर्मी शेड निर्माण का कार्य भी किया जा रहा है। गौठान में पशुओं के पीने के पानी की व्यवस्था हेतु गौठान में 5 एचपी का सोलर पैनल लगाया गया है। जिसके माध्यम से समुचित मात्रा में पशुओं के लिए पानी की आपूर्ति की जा रही है। इसके अलावा चारागाह के लिए अलग से सोलर पैनल लगाया जायेगा। सभी निर्माण कार्य लगभग पूर्णता की ओर है।

ग्राम मोखला के चारागाह में नेपीयर घांस, मक्का आदि फसल चक्र के अनुसार लगाया जायेगा। इस गौठान में पुशओं के ईलाज के लिए पशु चिकित्सा विभाग के द्वारा एक पशु चिकित्सक की तैनातगी की गई। जो पूरे समय गौठान में उपस्थित रहकर पशुओं की देखभाल करेगें।

क्रेशर में बारूद के धमाकों से दहले ग्रामीण

बिना जानकारी दिए क्रेशर संचालक ने करवाया ब्लास्ट

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

जिले में सफेद पत्थर गिट्टी उत्खनन माफिया रोज नए-नए तरीकों से अपना धंधा चला रहे हैं। पुलिस की चुप्पी से पत्थर उत्खनन माफिया जिले भर में बेखौफ रूप सक्रीय है ।

सफेद पत्थर यानी गिट्टी उत्खनन के लिए जिले भर में बारूद की मदद से ब्लास्टिंग पर रोक लगी हुई है और कहीं पर भी विस्फोट करने के लिए प्रसाशन की अनुमति या सूचना देना अनिवार्य है बावजूद जिले के कई खदानों में इन दिनों अवैध कारोबारी पुलिस को बिना कोई सुचना दिए बेखौफ ब्लास्टिंग कर रहे हैं और धरती का सीना फाड़ रहे हैं ! सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बीते दिनों जिले के डोंगरगांव ब्लॉक में जिला मुख्यालय से लगभग पंद्रह किलोमीटर दूर बसे गांव अर्जुनी के एक क्रेशर खदान में बिना अनुमति के ब्लास्टिंग की गई खदान में ब्लास्टिंग के दौरान इतना तेज धमाका हुआ था कि आसपास स्थित घरों में दरार आ गई व् छत हिलने लगे ! धमाकों से दहले ग्रामीण युवकों ने इस बात कि शिकायत डोंगरगांव थाने में कि भी लेकिन किसी भी प्रकार कि कोई कार्यवाई नहीं की गई।

ज्यादातर खदाने रसूखदारों के नाम , प्रशासन का खुला संरक्षण

पूरे जिले में ज्यादार क्रेशर खदानें रसूखदार लोगों की हैं ! भाजपा व कांग्रेस के बड़े पदों पर बैठे लोग भी इस धंधे में उतरे हुए हैं लिहाजा प्रशासन की मौन सहमति के चलते हर प्रकार की मनमानी इनके द्वारा की जा रही है ! जिले के डोंगरगांव जनपद क्षेत्र के अर्जुनी ग्राम के केसला रोड में स्थित खदान जहाँ पर ब्लास्टिंग की गई है उसी के समीप किसी आकाश गुप्ता का भी क्रेशर है ! इस खदान में भी कुछ दिनों पहले ऐसे ही धमाके को अंजाम दिया गया जिसकी सूचना पुलिस थाना को भी नहीं दी गई और खदान से लगभग 500 मीटर दूरी में बैठकर वायर से एक साथ 50 धमाकों को अंजाम दे दिया गया और इस धमाके से आसपास के घर दरार में तब्दील कर दिया।

सोमनी क्षेत्र के बच्चे चित्रकारी के गुण सिखेंगे, निःशुल्क चित्रकला प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

चक्रधर कथक कल्याण केन्द्र (संगीत हाविद्यालय)राजनांदगांव द्वारा ग्रामीण एवं कृषि प्रधान गावों के ग्रामीण बच्चों एवं युवाओं के लिए साकार 2019 निःशुल्क चित्रकला प्रशिक्षण शिविर का आयोजन सोमनी सांकरा स्थित नवीन परिसर में बालक बालिकाओं एवं युवा चित्रकारों को लब्ध प्रतिष्ठित कलाकारो के कुशल मार्ग दर्शन एवं निर्देशन में सोमनी क्षेत्र के ग्राम पंचायतों सोमनी, ईरा, झोला, धीरी, बिरेझर, चंगोरी, सांकरा, टेडेसरा, देवादा, कोपेडीह, इन्दावानी, फरहद, ककरेल, थनौद आदि ग्रामों के ब'चे चित्रकला की बारीकियॉ निःशुल्क सिखेंगे।

इस हेतु संबंधीत ग्राम पंचायतों के सरपंच सचिव गणमान्य नागरीको ग्राम प्रमुखों का मार्गदर्शन प्राप्त हो रहा है, अपने - अपने ग्राम पंचायतों के ग्रामीण ब'चों को प्रोत्साहित करने के लिए सम्पर्क स्थापित किया जा रहा है।

ज्ञात हो साकार 2019 के अन्तर्गत निःशुल्क चित्रकला प्रशिक्षण शिविर का आयोजन दिनांक 26 मई 2019 से 5 जून 2019 तक दस दिवसीय निः शुल्क चित्रकला प्रशिक्षण शिविर का आयोजन सुबह 8:30 बजे से 11 बजे तक अलग - अलग समुहों में आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण शिविर उपरान्त प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण पत्र भी दिया जायेगा।

निगम में आतंकवाद विरोधी दिवस पर ली गई शपथ

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

राज्य शासन द्वारा 21 मई को आतंकवाद विरोधी दिवस मनाए जाने के निर्देश प्राप्त हुए थे,निर्देश के अनुक्रम में 21 मई सोमवार को आतंकवाद विरोधी दिवस पर कार्यपालन अभियंता यू.के.रामटेके द्वारा अधिकारी कर्मचारियों को शपथ दिलाई गयी कि हम भारतवासी अपने देश की अहिसा एवं सहनशीलता की परम्परा में दृढ़ विश्वास रखते है तथा निष्ठापूर्वक शपथ लेते है कि हम सभी प्रकार के आतंवाद और हिंसा का डटकर विरोध करेंगे। हम मानव जाति के सभी वर्गो के बीच शान्ति,सामाजिक सद्भाव तथा सूझबूझ कायम करने और मानव जीवन मूल्यों को खतरा पहुंचाने वाली और विघटनकारी शक्तियो से लडने की भी शपथ लेते है।

15 जून तक वार्डों में पुनः पेंशन शिविर आयोजित

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

नगर के सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये नगर निगम द्वारा पेंशन का भुगतान वार्डो में शिविर लगाकर किया जा रहा है। इसी कडी में प्रतिमाह की तरह इस माह भी पेंशन का भुगतान के लिये वार्डो में 14 मई से 15 जून 2019 तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत 21 व 22 मई को वार्ड नं. 36 व वार्ड नं. 38 के लिये गंजपारा स्कूल में,वार्ड नं. 37 के लिये पार्षद कार्यालय ब्राम्हण पारा में एवं वार्ड नं. 39 व वार्ड नं. 48 के लिये सामुदायिक भवन नंदई नाका में शिविर आयोजित किया जा रहा है। उक्त आशय की जानकारी देते हुये निगम आयुक्त ने बताया कि सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों की सुविधा के लिये नगर निगम द्वारा वार्डो में पेंशन भुगतान करने की व्यवस्था की गयी है। इस संबंध में निगम द्वारा वार्डो में प्रतिमाह शिविर लगाया जाता है। जिसका आई.सी.आई.सी.आई. बैक द्वारा सत्यापन भी किया गया था।

स्पॉट बिलिंग वाले उपभोक्ताओं को लगा रहे चूना, गरीबों के घर का बिल आया 20 हजार

विद्युत कार्यालय में भी समस्याओं का समाधान नहीं-कई घरों में अंधेरा पसरा

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

राज्य शासन नें विद्युत उपभोक्ताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए स्पाट बिलिंग की सुविधा प्रदान की है,।इस कार्य में विभाग की ओर से बिल रिडिंग हेतु ठेके मे कर्मचारीयों की पदस्थापना की जानी बताई जाती है जिनके द्वारा केवल मीटर रीडिंग देखकर बिल प्रदान किया जाता है,साथ ही स्पाट पर ही सरचार्ज भी ठोंक दिया जाता है आगे उपभोक्ता जानें और विभाग जानें।इधर औसत से कहीं भारी भरकम बिल देखकर यहां के उपभोक्ताओं के होश उड़े होते हैं और उस पर सरचार्ज का मामला भी समझ से परे होनें के चलते उपभोक्ताओं द्वारा सीधे विद्युत कार्यालय पहुचकर मामले में अर्जी लगाई जाती है जहां पर यहां के उपभोक्ताओ को समाधान के स्थान पर केवल निराशा ही हाथ लगता है जिसके चलते नगर एवं क्षेत्र के उपभोक्ताओ मे विभाग के अधिकारीयों के विरूद्ध आक्रोश का वातावरण है गौरतलब है कि प्रदेश की सरकार ने राज्य मे एक सीमा तक बिजली के बिल को हाफ कर दिया है।

परन्तु लगता है कि यहां पर पदस्थ अधिकारीयो को इस बात की सूचना तक नही है यही कारण है कि यहां के कुछ उपभोक्ताओं राज्य शासन के बिजली बिल हाफ होनें का लाभ नही दिया जा सका है उक्त संबंध मे जब कार्यालयीन कर्मचारियो से बात की गई तो उनके द्वारा मामले मे जानकारी नही होना बताया जाता है,लोगों का कहना है कि सरचार्ज स्थानीय स्तर पर शायद लगाया जा रहा है क्योंकि एक उपभोक्ता को स्पाट बिलिंग के माध्यम से सरचार्ज लगाया

गया और जब उसी उपभोक्ता द्वारा आनलाईन बिल अदा किया तो सरचार्ज नहीं लगाया गया और तो और स्थानीय कार्यालय की ओर से दिए गए बिल में से सभी लगभग 1000/-एक रूपए माईनस दिया गया। इस प्रकार से यहां स्पाट बिलिंग कर रहे कर्मचारीयो का एक सांठगांठ भरा विद्युत कार्यालय संचालित किए जाने की आशंका उपभोक्ताओ मे पनप गई है यदि हाल यही रहा तो आने वाले दिनों मे विभाग एवं वर्तमान पदस्थ अधिकारीयों कर्मचारीयों को न्यायालय के समक्ष जवाब देनें की स्थिति बन सकती है फिलहाल स्पाट बिलिग,कर्मचारीयों की अल्प जानकारी,अधिकारीयो द्वारा मीटर की गति की नियमित जांच की कमी,उच्च कार्यालयों से प्राप्त आनलाईन निर्देशों एवं जानकारीयो की कमी,अधिकारीयों द्वारा उपभोक्ताओं से अमैत्रीपूर्ण वार्तालाप आदि ने सवालिया निशान खड़े कर दिए हैं ।

अंतिम दिवस से एक दिन पूर्व ही रिडिंग

यहां पर यह अमूमन यह देखा गया है कि स्पाट बिलिंग के कर्मचारीयों द्वारा सैकड़ों उपभोक्त ाओं के यहां अंतिम दिवस से मात्र एक दिवस पूर्व ही स्पाट बिलिंग के लिए उपभोक्त ाओं तक पहुंचना होता है। इस स्थिति में उपभोक्त ा के द्वारा मीटर की ज्यादा गति से घूमनें आदि की जानकारी नही मिल पाती है जब औसत से कहीं बहुत ज्यादा बिल आता है तो उसकी शिकायत एवं सुधार के लिए उपभोक्त ा के पास समय ही नही रहता, इधर बिल अदा नही किए जाने की स्थिति में अधिकारी द्वारा लावलश्कर के साथ विद्युत कनेक्शन विच्छेद करनें के लिए धावा बोल दिया जाता है एक प्रकार से उपभोक्त ा के सामनें क्या करें क्या न करें की स्थिति बन जाती है और आनन फानन मे मजबूरी वश उन्हें वह बिल भी पटाना पढ़ जाता है जिसका वह उपभोग ही नही किया होता बल्कि मीटर आदि की गलती या खराबी के कारण आया होता है।पिछले दिनों ऐसा ही घटना के तहत् एक गरीब परिवार का कनेक्शन काट दिया । रात के अंधेरे में बेचारा गरीब चिमनी का सहारा लिया जिससे उसके घर पर आग लग गई। और पुरा घर जलकर खाक हो गया था।

वोटिंग मशीन का रोना कब तक रोते रहेंगे कांग्रेसी : शिव

राजनांदगांव। नगर निगम सभापति शिव वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व मे राजग गठबंधन के भाजपा सरकार को मिल रही एक्जिट पोल मे ब?त से विपक्षी इस कदर बौखलाए हुए है कि मोदी की अगुवाई में पुनः देश मे भाजपा को मिल रही सत्ता उन्हे अपनी बाल नोचने विवश कर दिया है। लोक सभा चुनाव मे मोदी के उपर गालियो की तोप दाग कर जब उसे परास्त नही कर सके और जनता का प्यार से उन्हे वंचित नही किया जा सका तब अपनी सारी भडास इवीएम मशीन पर निकालना शुरू कर दिये। उन्हे ज्ञात होना चाहिए कि जिस 21 दलो के साथ इवीएम मशीन का विरोध कर रहे है उससे ज्यादा 39 दलो का समर्थन करने वाले भाजपा नीत के राजग गठबंधन वाले है। यह भी बहुमत भाजपा वालो की है। वर्मा ने कहा कि जब खास कर कांग्रेस वाले छत्तीसगढ़, राजस्तान, मध्यप्रदेष, पंजाब, कर्नाटक आदि का चुनाव जीते तब इवीएम को दोष नही दिया। तब मीठा-मीठा गडप-गड़प था और जैसे ही लोक सभा चुनाव मे उन्हे हारने की बारी आई तो कडवा-कडवा थू-थू लगने लगा।

क्विक न्यूज

मारपीट के मामलों में जुर्म दर्ज

कोरबा। उरगा व रजगामार चौकी क्षेत्र में मारपीट का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस दोनों मामलों में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना आरंभ कर दी है। पहली घटना जिले के उरगा थाना अंतर्गत ग्राम कनकी में घटित हुई। कोरबा सीएसईबी कॉलोनी में रहने वाला लखन कुर्रे पिता सोनसाय 40 वर्ष का विवाद कुछ युवकों के साथ हो गया। 19 मई को कार क्रमांक सीजी 12 एआर 5190 के चालक व उसमें सवार लगभग 4 युवकों ने सीएसईबी कॉलोनी निवासी लखन कुर्रे का कनकी मार्ग में रास्ता रोककर उसकी जमकर पिटाई कर दी। लखन ने उरगा थाना पहुंचकर घटना की रिपोर्ट दर्ज कराया। उरगा पुलिस इस मामले को गंभीरता से लेते हुए लखन की रिपोर्ट पर अज्ञात युवकों के खिलाफ धारा 341, 294, 506, 427, 34 भादवि के तहत कार्रवाई की है। इसी तरह रजगामार चौकी अंतर्गत ग्राम कोरकोमा के समीप घटित हुई।

गैर संचारीय रोग स्क्रीनिंग एवं उपचार माह जारी

बेमेतरा। जिला बेमेतरा में स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत विभिन्न राष्ट्रीय कार्यक्रमों के तहत शासन द्वारा प्रदाय की जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं के कारण बहुत सी बीमारियों का पूर्ण इलाज किया जाना संभव है, फिर भी वर्तमान परिस्थितियों में न फैलने वाले गैर संचारी रोग जैस-. हाईपरटेंशन, डायबटिज व विभिन्न प्रकार के कैंसर इत्यादि है, समय पर परीक्षण और उपचार न मिलने पाने के कारण आम जनता का स्वास्थ्य प्रभावित होता है, 60 प्रतिशत लोगों में मृत्यु के प्रमुख कारणों में से एक मुख्य कारण गैर संचारी रोग है। जिसके लिए विभाग द्वारा राज्य के निर्देशानुसार 15 मई से 15 जून तक गैर संचारी रोग परीक्षण स्क्रीनिंग एवं उपचार माह के रूप में मनाया जा रहा हैए जिलाधीश महादेव कावरे ने बताया कि 30 वर्ष तक या उससे अधिक उम्र के सभी व्यक्तियों से गैर संचारी रोग अंतर्गत इसकी सुविधा बेमेतरा जिले के अंतर्गत 18 हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर में उपलब्ध है, जिसका लाभ लिया जावें।

ट्रेलर चोरी का फरार आरोपी पकड़ाया

कोरबा। चार माह पूर्व अपने मालिक की ट्रेलर को चोरी कर भागे चालक को पकड़ने में पुलिस ने सफलता हासिल कर ली है। आरोपी को अदालत में पेश किया गया। जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल कर दिया गया है। सीएसईबी पुलिस चैकी प्रभारी जितेन्द्र यादव ने बताया कि, महावीर कोल ट्रांसपोर्ट के संचालक अंकीत जैन ने रिपोर्ट लिखाई थी कि, उसका ट्रेलर सीजी 04 एलसी 0656 लगीाग 16 लाख कीमती को चालक का काम करने वाला राजकुमार केंवट पिता रामनिहोर केवंट ग्राम ढोंगा थाना जियावन जिला सिंगरौली लेकर भाग गया है। 21 जनवरी 2019 को लिखाई गई रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने धारा 379 भादवि के तहत अपराध पंजीबध्द कर पतासाजी शुरू की।

सीपेट के लिए काउंसिलिंग 25 को

कोरबा। सेण्ट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ प्लास्टिक्स इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी (सिपेट) एजुकेशन हब, स्याहीमुढ़ी जमनीपाली कोरबा में प्लास्टिक्स मोल्ड टेक्नोलॉजी में डिप्लोमा (डी.पी.एम.टी.) 3 वर्ष एवं प्लास्टिक्स टेक्नोलॉजी में डिप्लोमा (डी.पी.टी.) 3 वर्षीय प्रवेश हेतु छत्तीसगढ़ के मूल निवासी 10 या 12वीं उत्तीर्ण आवेदकों का 25 मई 2019 को जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, कोरबा में प्रातः 11 बजे से अपरांह दो बजे तक काऊंसलिंग आयोजित की गई है । इच्छुक आवेदकों को अपने सभी प्रमाण पत्रों के साथ निर्धारित तिथि को समय पर उपस्थित होने कहा गया है।

स्वच्छता और स्कूल किट की खरीदी मामले में सीनियर विधायक रामपुकार ने किया हस्तक्षेप, कहा नहीं होने देंगे यह भ्रष्टाचार, विधानसभा में उठाएंगे मामला

चुनाव समाप्त होते ही भ्रष्टाचार को मूर्त रूप देने की है पूरी तैयारी, आचार संहिता खत्म होने का भी नहीं किया इंतजार

तनवीर आलम ◂ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

पायनियर लगातार

एक ही फर्म से करोड़ों के स्वच्छता और स्कूल किट खरीदी कर भ्रष्टाचार को अंजाम देने की साजिश का मामला अब विधानसभा में उठेगा। वरिष्ठ विधायक रामपुकार सिंह ने मामले को संज्ञान में लिया है। उन्होंने कहा है कि यह साफ तौर पर भ्रष्टाचार का मामला है, वे इस मामले पर कलेक्टर से बात करेंगे और आगामी विधानसभा के मानसून सत्र में यह मामला जोर-शोर से उठाएंगे भी।

जशपुर जिले के दो हजार से अधिक स्कूलों के लिए सरकारी आदेश निकालकर एक ही फर्म से स्कूल अनुदान की राशि से स्वच्छता व स्कूल किट आदि की खरीदी स्कूल शिक्षामंत्री के संज्ञान में आने के बाद भी नहीं रुक रही है। जशपुर जिले के शिक्षा अधिकारी के आदेश पर स्कूलों के प्रधान अध्यापकों को भेजे गए फार्मेट में प्रधान अध्यापकों के हस्ताक्षर हो गए हैं और अब इन्हें तेजी से जिला शिक्षा अधिकारी के दफ्तर में जमा करने का उपक्रम शुरू हो गया है। मेसर्स रितेश पांडे नामक फर्म के प्रति शिक्षा विभाग के अफसरों का यह लगाव हैरान करने वाला है। शिक्षा अधिकारी बार-बार उच्च स्तरीय दबाव कहकर इस मामले से पल्ला झाड़ रहे हैं और स्कूलों को खरीदी के लिए दबाव बनाया जा रहा है। इस मामले में शिक्षा मंत्री डॉ प्रेमसाय सिंह टेकाम ने संज्ञान में लेने की बात कही थी लेकिन अभी तक उन्होंने इस पर कोई एक्शन लिया है ऐसा नहीं दिख रहा।

छह हजार स्कूलों में एक ही व्यक्ति से हो रही अध्ययन सामग्री व स्वच्छता किट की खरीदी, डीईओ ने कहा- मंत्री के पीए राजेश सिंह बताएंगे!

विधायक ने लिया संज्ञान : इस संबंध में अभी तक विभागीय मंत्री टेकाम की ओर से कोई पहल नहीं हुई लेकिन प्रदेश में सबसे वरिष्ठ और विभाजित छत्तीसगढ़ के खनिज मंत्री पत्थलगांव से वर्तमान विधायक रामपुकार सिंह ने जरूर संज्ञान लेने की बात कही। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि इस मामले में साफ तौर पर भ्रष्टाचार की बू आ रही है। वे इस मामले में कलेक्टर जशपुर से बात कर उनसे पूछेंगे कि उनके आदेश का उल्लंघन हो रहा हैं और वे एक्शन क्यों नहीं ले रहे हैं? मामला हल नहीं हुआ तो इस मामले को वे खुद विधानसभा में उठाएंगे।

दो करोड़ का सुनियोजित भ्रष्टाचार : 2111 स्कूलों में व्हाइट बोर्ड और स्वच्छता किट की खरीदी के लिए प्रत्येक स्कूल के लिए 10,000 रुपए के हिसाब से 2 करोड़ से अधिक की राशि शाला अनुदान कोष में जमा की गई है। इस पूरी राशि की खरीदी सुनियोजित ढंग से एक ही फर्म से करने के लिए सुनियोजित तरीके से प्रधान अध्यापकों पर दबाव बनाया गया है। यह दबाव आखिर किसका है इस रहस्य से अभी तक पर्दा नहीं उठ पाया है।

नई सरकार के नुमाइंदों के बिगड़ने लगे तेवर!
स्कूल शिक्षा विभाग में नियमों को ताक पर रखकर चेहतों को उपकृत करने का खेल शुरू

आचार संहिता खत्म होने का भी इंतजार नहीं

गौरतलब है कि मेसर्स रितेश पांडे के नाम खरीदी के लिए बांटे जा रहे फार्मेट के वितरण पर पायनियर में समाचार प्रकाशन के बाद जशपुर कलेक्टर ने आचार संहिता का हवाला देते हुए रोक लगा दी थी, लेकिन यह आदेश भी किनारे किया जा चुका है। मतगणना समाप्त होते ही जिला शिक्षाअधिकारी ध्रुव के निर्देश पर मेसर्स रितेश पांडे फर्म के नाम से भेजे गए फार्मेट संकुल समन्वयक के पास जमा करने का आदेश जारी कर दिया गया।

मंत्री ने नहीं दिया जवाब



किट खरीदी मामले में हो रहे भ्रष्टाचार की जानकारी पायनियर ने स्कूल शिक्षामंत्री डॉ प्रेमसाय सिंह टेकाम को फोन व मैसेज के माध्यम से दी। उन्होंने न तो फोन उठाया और न ही वाट्सएप और एसएमएस पर भेजे गए संदेश का जवाब ही दिया। ऐसे में शिक्षा अधिकारी की ओर से लगातार बताए जा रहे कथित उच्चस्तरीय दबाव को लेकर संशय की स्थिति बन रही है और शक की सुइयां विभाग की ओर ही घूम रही है।

नरवा बचाओ अभियानः रैली निकाल लोगों को किया जा रहा जागरूक

पायनियर संवाददाता ◂ बालोद
www.dailypioneer.com

साल दर साल धरती पर गहराता जल संकट, ऐसे में हर इंसान को जल को लेकर सोचने और समझने की जरुरत है। इस भीषण गर्मी में जहां देश व प्रदेश के कई हिस्सों में लोग बून्द-बून्द पीने की पानी को तरस रहे, कही आने वाले दिनों में भी आप और हम बून्द-बून्द पीने के पानी को मौहताज ना हो जाए। जिले में नाम के अनुरूप झरण दल्ली की झरने को सहेजने के लिए जिले के पर्यावरण प्रेमी भोज साहू, ग्रीन कमांडों विरेन्द्र सिंह व सुरेश बघेल के टीम के द्वारा जल संरक्षण के लिए एक अभियान चलाया गया। जिसके अंतर्गत दल्लीराजहरा में बैनर पोस्टर के माध्यम से जल बचाव अभियान के लिए रैली निकाल कर लोगों को जागरूक किया गया साथ ही प्राकृतिक रूप से बह रहे पानी को रोकने के लिए मिट्टी व सीमेंट के बोरी से बांध कर जल स्त्रोत को रोका गया। भोज साहू पर्यावरण प्रेमी ने बताया कि पानी क्या आम लोगो के द्वारा निस्तारी के लिए उपयोग कर सकेंगे साथ ही इस भीषण गर्मी मे पशु पक्षियों के लिए पानी का व्यवस्था हो जाएगा साथ ही जल रूकने से जमीन का जल स्तर जल बढ़ेगा। जिससे पानी के समस्याओं से निजात पा सकते हैं। अगर समय रहते पानी को नही बचा पाये तो आने वाले समय मे हमे भारी जल संकट के समस्याओं से गुजरना पड़ेगा। विरेन्द्र सिंह ग्रीन कमांडो ने कहा कि दल्लीराजहरा में अनेको प्राकृतिक जल स्त्रोत है। लेकिन शासन-प्रशासन के नजर अंदाज के कारण व्यर्थ बह रहा है। अगर इस ओर शासन प्रशासन ध्यान दे तो बहुत बड़ी समस्या से निपटारा हो सकता है। इससे पहले भी मेरे द्वारा इस ओर प्रशासन को ध्यान आकर्षित करने के लिए पत्राचार किया जा चुका है। लेकिन निष्कर्ष कुछ भी नहीं निकल पा रहा है। इस पुरे रूप रेखा में सहयोग प्रदान करने के लिए भुरी बाई, शिव कुमारी, भारती, रूखमणी, कुलेश्वरी, हैमन, कलाबाई, गीता बघेल, भगवती, गगन जैन, ईतेश मोहबे, डॉ. संदीप चतुर्वेदी, हिरामन दास मानिकपुरी अध्यक्ष जिला फार्मासिस्ट एसोसिसन एवं वार्ड-16 व 17 के वार्डवासी उपस्थित रहकर सहयोग प्रदान किया।

गहन डायरिया नियंत्रण पखवाड़ा 28 से 9 जून

पायनियर संवाददाता ◂ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

5 वर्ष तक के बच्चों में होने वाले डायरिया का त्वरित परीक्षण व उपचार आवश्यक है। कलेक्टर महादेव कावरे ने जन सामन्य से अपील करते हुए कहा कि गहन डायरिया नियंत्रण पखवाडा अंतर्गत निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ ले एवं डायरिया जैसे गंभीर निर्जलीकरण को पहचाने एवं उसका उपचार अवश्य करें। डायरिया से होने वाले मृत्यु का प्रमुख कारण पानी की कमी (निर्जलीकरण) व आवश्यक तत्वों की कमी है। समय पर आवश्यक स्वास्थ्य सुविधा व पुर्नजलिकरण के लिए ओआरएस का घोल का उपयोग कर पानी की कमी को दूर करते हुएए डायरिया पीडित बच्चों को 14 दिन तक जिंक टेबलेट का उपयोग कर गंभीर स्थिति एवं मृत्यु से बचाया जा सकता है। इसकी सुविधा सभी शासकीय स्वास्थ्य केन्द्रों में निःशुल्क उपलब्ध है, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एसके शर्मा ने बताया कि 28 मई से 09 जून 2019 तक गहन डायरिया नियंत्रण पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है।

KALDA HOSPITAL
कालड़ा हॉस्पीटल
यूनिट ऑफ कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी सेंटर
हड्डी रोग विभाग
• आर्थोपैडिक सर्जरी
• ट्रामा • फ्रैक्चर
• हाथ व पैर की जन्मजात विकृतियां
• घुटने व कूल्हे का प्रत्यारोपण
• आर्थोस्कोपिक सर्जरी
• इमरजेंसी ट्रामा केयर
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड कलर्स माल के पास, रायपुर
9827143060/8871003060
Ajay Advt.

श्री बालाजी हॉस्पिटल मोवा, रायपुर
विगत 9 वर्षों से छत्तीसगढ़ का सर्वश्रेष्ठ कार्डियक सेंटर
• अनुभवी व सीनियर कार्डियक सर्जन एवं अनुभवी कार्डियोलॉजिस्ट
• छ.ग. एवं मध्यभारत का प्रथम, एकमात्र एवं देश का 5वाँ Philips F-D 15 कैथ लैब
• जटिल ब्लॉकेज में भी स्टेन्ट एक्यूरेसी से लगभग शत प्रतिशत परिणाम
• सर्वश्रेष्ठ ऑपरेशन थिएटर, न्यूनतम इनफेक्शन रेट
कार्डियक चेकअप मात्र 555*/-
एंजियोग्राफी मात्र 8,999*/-
*नियम व शर्तें लागू
आयुष्मान से इलाज एवं ऑपरेशन की सुविधा भी उपलब्ध
दुबे कॉलोनी, मोवा, रायपुर
9926191294,9340098466

23 May PIONEER BAZAAR 2019

15 वर्षों से विश्वसनीय अब तक हजारों संतुष्ट ग्राहक
गंजापन से आजादी मात्र 1 घंटे में
लेटेस्ट सिलिकान बॉडिंग
Free Demo
बिना सर्जरी के अमेरिकन, (ट्रांसपेरेंट पैच) तकनीक से
मनचाहा हेयर स्टाईल पायें
Man & Woman
हेयर एण्ड केयर
विविंग प्वांइट
रायपुर शॉप नं.-19, प्रथमतल समवेत शिखर परिसर, एकात्म परिसर के सामने रजबंधा मैदान, रायपुर, मो.: 98271-03630, फोन: 0771-6451630
बिलासपुर ए-214, सी.-1 श्रीनारायण प्लाजा, दूसरी मंजिल, श्रीकांत वर्मा मार्ग के सामने, लिंक रोड, बिलासपुर, मो.: 93006-60864, 98271-03630

लोन लोन लोन लोन
50 हजार से 50 करोड़ तक के होम, मोर्टगेज एवं इंडस्ट्रियल लोन, प्रॉपर्टी टेकओवर, कंस्ट्रक्शन, सीसी लिमिट, पशुपालन, पोल्ट्रीफार्म, डेयरीफार्म, एग्रीकल्चर एवं बड़े-छोटे व्यापारों के लिए बिज़नेस व पर्सनल लोन आदि नेशनल एवं प्राइवेट बैंकों द्वारा फाइनेंस कराया जाता है। अधिक जानकारी के लिए संपर्क-8770775909, रायपुर। शर्तें लागू

होमलोन व मार्डगेजलोन
10 लाख से 10 करोड़ तक
राष्ट्रियकृत एवं प्रतिष्ठित बैंक द्वारा
होमलोन ब्याज दर मात्र 8.85 %*
मार्डगेज लोन ब्याज दर मात्र 10 %*
• कोई छुपा खर्च नही • कोई कमीशन नहीं
• फास्ट प्रोसेसिंग • घर बैठे सुविधा
वर्तमान होम लोन, माईगेज लोन एवं सी सी लिमिट को ट्रांसफर कराएँ कम ब्याज दर पर
कोई प्रोसेसिंग शुल्क नही लिया जायेगा।
Shri Siddhi Vinayak Finance
Near Samudayik Bhawan, Jorapara, RAIPUR (C.G.)
Mo.9329002356

ब्रान्डेड जीन्स
3 पीस 1199/-
समय 12 बजे से 3 बजे तक
श्री नाकोड़ा जी टेक्सटाइल
गेट नं. 1, डा 34, टेक्सटाइल मार्केट, पंडरी, रायपुर फो. 2582828

ITR TDS GST
इनकम टैक्स फाईल मात्र 500/-
GST नम्बर / रिर्टन फाईल- TDS रिफंड-डिजिटल सिगनेचर और म्युचुअल फंड हेतु संपर्क करें
हमारे Tax Expert आपकी मदद करनें हेतु तैयार हैं।
संपर्क करें शेखर गुप्ता 9300755544 9425165464
C-107 सेक्टर -2, बालाजी विद्या मंदिर के पीछे सेक्टर -2 पार्क के पास में देवेन्द्र नगर रायपुर
WWW.ONLYTDS.COM

VISITING CARD
Qty. / Single/(F/B)
100 pcs. 200/250
200 pcs. 300/350
300 pcs. 450/500
500 pcs. 600/650
1000 pcs. 550/850
Meetnisha 360°
7723917757, 9329646567

विज्ञापन हेतु जगह उपलब्ध
9827146567, 7723917757, 9329846567, 9303903469

SHRI BALAJI GROUP OF HOSPITALS & COLLEGES
संकल्प, समर्पित सेवा का
SHRI BALAJI Institute of Nursing
छ.ग. शासन, छ.ग. नर्सिंग कॉन्सिल से मान्यता प्राप्त, छ.ग. आयुष विश्वविद्यालय से संबंध एवं छ.ग. पैरामेडिकल कॉन्सिल से अनुमति
ADMISSION OPEN
NURSING PROGRAMME
PARAMEDICAL PROGRAMME
B.Sc Nursing 4 years
GNM 3 years
Post Basic Bsc Nursing 2 years
M.Sc. Nursing 2 years
Nurse Practitioner in Critical Care 2 Years
Pathology technician 1 year
Operation theater tech. 1 year
X-Ray technician 1 year
Ortho and dresser tech. 1 year
ऑनलाईन पंजीयन प्रारंभ है
HOSTEL FACILITY AVAILABLE FOR GIRLS & BOYS
श्री बालाजी इंस्टीट्युट ऑफ नर्सिंग, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.)
मो. 7694016816, 7694016840 | वेब : www.balajinursingcollege.com

Contact for Advertisement- 7723917757, 9827146567, 9329846567, 9303903469

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा दबंग दुनिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि. पानी टंकी के पास मोवा रोड, दलदल सिवनी, दुबे कॉलोनी, रायपुर, छत्तीसगढ़ पिन-492001 से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-चंदन मित्रा, * स्थानीय संपादक-मोहन राव* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2018-20, दूरभाष नंबर 0771, 2972403, प्रबंध संपादक ए.एन. द्विवेदी